राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 11
अंक : 272
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
गुरुवार 14 अप्रैल 2022
मूल्य : 1.50/-
RNI No .DELHIN/2011/38334

मुख्य अपडेट
पेज 3 दिल्ली के लगभग 700 से अधिक स्कूलों में साइंस की पढ़ाई तक नहीं होती और लगभग 24,000 शिक्षकों की कमी है : आदेश गुप्ता
पेज 5 कानपुर में 15000 नींबू की लूट, रखवाली के लिए बगीचों में अब लठैतों का पहरा
पेज 7 दूसरी धरती खोज रहा चीन, क्या है प्लानिंग और कैसे पूरा करेगा मिशन

सीपीए भारत क्षेत्र सम्मेलन



विदेश और संस्कृति राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी नई दिल्ली में सभी महिला राजदूतों के समूह की पहली परिचयात्मक बैठक में।

# दिल्ली के साथ-साथ मुंबई में भी कोरोना ने पकड़ी रफ्तार

## 17 मार्च के बाद एक दिन में मिले सबसे ज्यादा केस



मुंबई। कोरोना वायरस के चौथी लहर की आहट लगने लगी है। राजधानी दिल्ली के बाद मुंबई में भी कोरोना वायरस के मामलों में बढ़ोतरी देखने को मिली है। मुंबई में बुधवार को 17 मार्च के बाद एक दिन में सबसे अधिक 73 मामला सामने आए हैं। हालांकि, राहत की बात है कि कोरोना वायरस से किसी की जान नहीं गई है।

मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के बुलेटिन में कहा गया है कि कोविड-19 के कारण कोई ताजा मौत नहीं हुई, मुंबई में मरने वालों की संख्या 19,560 पर रुकी हुई है। बीएमसी ने कहा है कि 73 में से 68 मरीज बिना लक्षण वाले हैं, जबकि पांच को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शहर में इस सप्ताह की शुरुआत से ही कोरोना वायरस के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। सोमवार को शहर में कोरोना वायरस के 23 मामले सामने आए थे। एक दिन पहले मंगलवार को 52 मामले सामने आए थे। बता दें कि मायानगरी मुंबई में इस साल 3 मार्च से हर दिन 100 से कम मामले सामने आ रहे हैं। रोजाना सामने आने वालों मामलें बढ़ोतरी के साथ ही मुंबई पॉजिटिविटी रेट 0.005 प्रतिशत से बढ़कर 0.007 प्रतिशत पहुंच गई है। बुलेटिन में कहा गया है कि पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस के 9970 टेस्ट किए गए। बुधवार को 51 मरीज कोरोना से ठीक हुए। मुंबई में कोरोना मरीजों के ठीक होने की दर 98 प्रतिशत तक पहुंच गई है।

### दिल्ली में संक्रमण दर 2.5 प्रतिशत हुई

**दिल्ली में बुधवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 299 नए मामले सामने आए और संक्रमण दर 2.49 प्रतिशत रही। दिल्ली में कोविड-19 संक्रमण दर एक सप्ताह में 0.5 प्रतिशत से बढ़कर 2.70 प्रतिशत हो गई है। दिल्ली में सोमवार को संक्रमण के 137 मामले सामने आए थे, जबकि मंगलवार को स्वास्थ्य बुलेटिन जारी नहीं किया गया था। सोमवार को संक्रमण की दर 2.70 प्रतिशत रही थी, जो दो महीने में सबसे अधिक थी। उससे पहले पांच फरवरी को संक्रमण दर 2.87 प्रतिशत रही थी। बुलेटिन में कहा गया है कि बुधवार को दिल्ली में संक्रमण के मामलों की संख्या बढ़कर 18,66,380 हो गई है। मृतकों की संख्या 26,158 है। दिल्ली में पिछले दिन 12,022 नमूनों की कोविड-19 जांच की गई।**

# असम : नेशनल हाईवे पर वाहन रेलिंग से जा टकराया, एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत

एजेंसी

**गुवाहाटी।** असम के होजाई जिले में बुधवार को नेशनल हाईवे-27 पर एक एसयूवी कार फिसलकर रेलिंग से जा टकराया और इस हादसे में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह हादसा भेलोगुड़ी के पास हुआ, जहां गुवाहाटी से आ रहे एसयूवी का चालक अचानक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और वाहन राजमार्ग की रेलिंग से जा टकराया।




अधिकारी ने बताया कि हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और एक घायल ने बाद में अस्पताल में दम तोड़ दिया। वहीं, पांच अन्य गंभीर रूप से घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है। अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान चालक हेलालुद्दीन, अफरीद आलम, मिनहाजुद्दीन, निजामुद्दीन और नीफा जन्नत के रूप में की गई है। निजामुद्दीन, कतर से लौटा था। हादसे का शिकार हुआ परिवार होजाई जिले के कापहबारी गांव का निवासी है। वे लोग निजामुद्दीन की अगवानी करने के बाद गुवाहाटी हवाईअड्डा से लौट रहे थे।

मुस्लिम महिलाओं से रेप करूंगा

# अल्पसंख्यकों को धमकाने वाला बजरंग मुनि 11 दिन बाद गिरफ्तार



**सीतापुर।** सीतापुर में खुलेआम मुस्लिमों की बहन-बेटियों के साथ रेप की धमकी देने वाला बजरंग मुनि 11 दिन बाद गिरफ्तार कर लिया गया है। बुधवार को पुलिस ने बजरंग मुनि को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

दरअसल, 2 अप्रैल को बड़ी संगत के महंत बजरंग मुनि दास ने पुलिस की मौजूदगी में विवादित बयान दिया था। 5 दिन पहले बयानबाजी का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### पहले भी विवादों में रहा महंत बजरंग

गौरतलब है कि 16 फरवरी 2021 को आश्रम के निकट पड़ी जमीन पर कब्जा करने को लेकर महंत बजरंग मुनि दास और विशेष समुदाय के लोगों के बीच कहासुनी हुई थी। इस दौरान बाबा और उनके समर्थकों का विशेष संप्रदाय के बीच खूनी संघर्ष हो गया था। दोनों पक्षों के लोग घायल हुए थे। बाबा को भी गंभीर चोटें आई थीं। उन्हें इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर लखनऊ में भर्ती कराया गया था। घटना में लोगों पर कार्रवाई न होने के चलते बाबा ने सीतापुर के सीओ सिटी पीयूष कुमार सिंह पर भी अपनी हत्या करवाने का आरोप लगाया था। बाबा इलाके में तनाव बिगाड़ने और चर्चा में रहने के लिए ऐसे हथकंडे अपनाते रहता है।

### वीडियो जारी कर माफी मांगी

शुक्रवार को महंत बजरंग मुनि का एक और वीडियो चर्चा में आ गया। इसमें महंत ने दावा किया कि कुछ लोग उसकी हत्या करने की प्लानिंग कर रहे हैं। इस बीच राष्ट्रीय महिला आयोग ने यूपी डीजीपी से 7 दिन में इस मामले की रिपोर्ट मांगी है। हालांकि, मामले के तूल पकड़ने के बाद मुनि दास ने वीडियो जारी कर अपने बयान पर माफी मांगी। उसने कहा, अगर मेरी किसी भी बात से माताओं-बहनों को ठेस पहुंची है तो मैं सभी से क्षमा मांगता हूं। मैं सभी नारी जाति का सम्मान करता हूं।

### मस्जिद के सामने बजरंग ने दिया भड़काऊ बयान

2 अप्रैल की दोपहर करीब 1 बजकर 40 मिनट पर 400 से ज्यादा लोगों की भीड़ के साथ खैराबाद में बड़ी संगत आश्रम के महंत बजरंग मुनि ने कस्बे में शोभायात्रा निकाली थी। महंत कार में बैठे थे और उनके पीछे पुलिस के साथ समर्थकों की भीड़ 'जय श्री राम' के नारे लगाते हुए चल रही थी।

दोपहर 2 बजे के यात्रा शीशे वाली मस्जिद के सामने पहुंची। इसके बाद चारों तरफ भगवा झंडे लिए लोगों की आवाज अचानक तेज हो गई। 'जय श्री राम' के नारे तेज हो गए, तभी कार में बैठे बजरंग मुनि ने माइक पर बोलना शुरू किया, मेरी हत्या के लिए सूअरों ने 28 लाख रुपए इकट्ठा किए हैं। मैं बहुत प्यार से तुमको समझा दे रहा हूं कि अगर इस इलाके में तुमने कोई एक हिंदू लड़की छेड़ी, तो मैं खुलेआम तुम्हारे घर से तुम्हारी बहू-बेटियों को उठाकर उनसे रेप करूंगा।

### मेरी हत्या के लिए 28 लाख रुपए जमा कराए गए

वहीं, शुक्रवार को महंत बजरंग मुनि का ट्विवटर पर एक और वीडियो सामने आया है। जिसमें उसने कहा कि मेरा वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करने वाला हिंदू विरोधी है। महंत ने बताया कि पूर्व में दो महंतों की हत्या हो चुकी है। तीसरा महंत मैं हूं जिस पर 9 बार हमला किया गया। मुझे चाकुओं से गोदा गया है। डेढ साल हो गया है मैं दोनों पैरों से चल नहीं पा रहा हूं। 10 दिन पहले भी मेरे ऊपर हमला करने की कोशिश की गई।

# हरियाणा में मास्क पहनना अब अनिवार्य नहीं

## गुरुग्राम में कोविड मामलों ने लगाई छलांग

नई दिल्ली। दिल्ली के पास स्थित हरियाणा के गुरुग्राम में एक महीने से अधिक समय के बाद कोरोना वायरस के 129 मामले दर्ज किए गए हैं। यह संख्या ऐसे समय में ऊपर की ओर बढ़ी है जब हरियाणा सरकार ने मास्क पर अनिवार्य टैग हटा दिया है। यानी अब हरियाणा में मास्क पहनना अनिवार्य नहीं बल्कि वैकल्पिक है। दिल्ली में भी इसी तरह की प्रवृत्ति देखी गई, जिसने मास्क का उपयोग न करने पर जुर्माने का प्रवाधान वापस ले लिया और मास्क को जरूरी नहीं बल्कि वैकल्पिक बना दिया।



गुरुग्राम में पिछली बार 100 का आंकड़ा पार करने का मामला 4 मार्च को आया था, जब 115 मामले दर्ज किए गए थे। इसके बाद, संख्या 100 से नीचे आ गई थी। हरियाणा ने 16 फरवरी को राज्य में सभी कोविड से संबंधित प्रतिबंध हटा दिए थे। हालांकि, सरकार ने भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में मास्क के इस्तेमाल की सलाह दी थी। दिल्ली में, 137 ताजा कोविड मामले सोमवार को सामने आए, संक्रमण दर बढ़कर 2.7 प्रतिशत हो गई, जो पिछले दो महीनों में सबसे अधिक है, जिससे राष्ट्रीय राजधानी में वायरस के दोबारा फैलने के बारे में चिंताएं पैदा हो गई हैं। 5 फरवरी को दिल्ली में संक्रमण दर 2.87 प्रतिशत थी। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि घबराने की जरूरत नहीं है। समाचार एजेंसी प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया द्वारा केजरीवाल के हवाले से कहा गया, हम स्थिति पर कड़ी नजर रख रहे हैं। अभी घबराने की कोई बड़ी वजह नहीं है। हम स्थिति के अनुसार सभी आवश्यक कदम उठाएंगे।

### बंगाल में नाबालिग से दुष्कर्म और हत्या मामले की जांच करेगी भाजपा

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पश्चिम बंगाल के हंसखाली नादिया में 14 वर्षीय किशोरी के साथ हुए कथित बलात्कार और हत्या की जांच के लिए बुधवार को पांच सदस्यीय तथ्यान्वेषी समिति नामित की। पार्टी महासचिव अरुण सिंह ने एक बयान में कहा कि भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने किशोरी के बलात्कार और हत्या के स्थान का दौरा करने के लिए समिति को नामित किया है। श्री नड्डा ने सदस्यों से जल्द से जल्द रिपोर्ट देने को कहा है। समिति के सदस्यों में रेखा वर्मा, बेबी रानी मौर्य, वनती श्रीनिवासन, खुशबू सुंदर और रूपमित्र चौधरी शामिल हैं। पुलिस ने चार अप्रैल को हुए इस अपराध के आरोप में तृणमूल कांग्रेस के एक नेता के बेटे को गिरफ्तार किया है।

# देवघर के जांबाजों से पीएम मोदी ने की बात

## बोले- आपके काम की आज पूरा देश सराहना कर रहा है, ये अनुभव बहुत काम आएगा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड के देवघर में हुए त्रिकुट रोपवे हादसे में पर्यटकों की जान बचाने वाले रेस्क्यू टीम के जांबाजों से बात की। उन्होंने कहा कि उनके काम की आज पूरा देश सराहना कर रहा है। उन्होंने इसे सबका प्रयास का उदाहरण बताया। मोदी ने कहा कि आपका ये अनुभव देश के काम आएगा। पीएम मोदी ने टीम के सदस्यों की तारीफ करते हुए कहा कि देश को गर्व है कि उसके पास हमारी थल सेना, वायु सेना, NDRF, ITBP के जवान और पुलिस बल के रूप में ऐसी कुशल फोर्स है, जो देशवासियों को हर संकट से सुरक्षित बाहर निकालने का माद्दा रखती है। इस आपदा में फंसे लोगों को बचाने में सबने बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। मालूम हो कि त्रिकुट पहाड़ी पर करीब 46 टूरिस्ट केबल कार में फंस गए थे।



### हमें दुख है कि कुछ लोगों का जीवन हम नहीं बचा पाए

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार रात 8 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए देवघर रोपवे हादसे के रेस्क्यू में शामिल जवानों से बात की। पीएम मोदी ने कहा कि आपने तीन दिनों तक 24 घंटे लगकर एक मुश्किल रेस्क्यू ऑपरेशन को पूरा किया और अनेक देशवासियों की आपने जान बचाई है। पूरे देश ने आपके साहस को सराहा है, मैं इसे बाबा बैद्यनाथ जी की कृपा मानता हूं। हालांकि हमें दुख है कि कुछ साथियों का जीवन हम नहीं बचा पाएं, अनेक साथी घायल भी हुए हैं।

### आपका धैर्य अतुलनीय

मोदी ने कहा कि मुश्किल से मुश्किल चुनौती के सामने अगर हम धैर्य के साथ काम करते हैं, तो सफलता मिलती ही है।

आप सभी ने इस रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान जिस धैर्य का परिचय दिया, वो अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि वर्दी पर लोगों की बहुत आस्था होती है। संकट में फंसे लोग जब भी आपको देखते हैं तो उनको विश्वास हो जाता है कि उनकी जान अब सुरक्षित है। उनमें नई उम्मीद जाग जाती है।

प्रॉपर्टीज जब्त

ईडी ने जेल में बंद मंत्री मलिक की मुंबई और उस्मानाबाद की 8 प्रॉपर्टीज जब्त की

# मनी लॉन्ड्रिंग : नवाब मलिक के खिलाफ सबसे बड़ी कार्रवाई

एजेंसी

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए महाराष्ट्र सरकार में मंत्री और मनी लॉन्ड्रिंग केस में गिरफ्तार राकांपा नेता नवाब मलिक की 8 प्रॉपर्टीज को जब्त कर लिया। सूत्रों के मुताबिक, यह ईडी की सबसे बड़ी कार्रवाई हो सकती है। इसमें प्रॉपर्टी की कीमत अरबों में आंकी जा रही है।

उधर, 62 वर्षीय मलिक आज ही गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं।

नवाब मलिक के वकील कपिल सिब्बल ने पीएमएलए कानून का



हवाला देते हुए पूरे मामले की जल्द सुनवाई की मांग की है।

उन्होंने कहा कि PMLA कानून 2005 में लागू हुआ।

जिन लेन-देन के लिए ED इस कानून के तहत कार्रवाई कर रही है, वह 2000 या उससे पहले के हैं। चीफ जस्टिस ने मामले पर जल्द सुनवाई का आश्वासन दिया।

हालांकि, इस सुनवाई से पहले हुई यह कार्रवाई इसी केस से जोड़ कर देखी जा रही है। मलिक को 23 फरवरी को दाऊद इब्राहिम और उसके सहयोगियों से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में गिरफ्तार किया गया था। फिलहाल ईडी ने नवाब मलिक और उनके परिवार के लोगों की संपत्ति को प्रोविजनल तौर पर अटैच किया है। इन संपत्तियों में परिवार की ओर से संचालित फर्म सॉलिडस इन्वेस्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड और मलिक इन्फ्रास्ट्रक्चर की प्रॉपर्टीज शामिल हैं।

### दाउद इब्राहिम के खिलाफ ईडी कर रहा है जांच

ईडी ने आईपीसी की धारा 120 बी और यूएपीए की धारा 17, 18, 20, 21, 38 और 40 के तहत दर्ज एफआईआर के आधार पर दाऊद इब्राहिम और अन्य के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग की जांच शुरू की थी। FIR में दाऊद इब्राहिम कासकर, दाऊद भाई, हाजी अनीस, अनीस इब्राहिम शेख, शकील शेख, छोटा शकील, जावेद पटेल, जावेद चिकना, इब्राहिम मुश्ताक अब्दुल रज्जाक मेमन और टाइगर मेमन के नाम थे।

### मलिक की इन प्रॉपर्टीज को किया गया है जब्त

मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत प्रवर्तन निदेशालय ने मुंबई और उस्मानाबाद की 8 प्रॉपर्टीज को जब्त किया है। इनमें कुर्ला के गोवा कंपाउंड में बना घर, कुर्ला पश्चिम में कमर्शियल बिल्डिंग, उस्मानाबाद में 148 एकड़ जमीन, कुर्ला वेस्ट में 3 फ्लैट और बांद्रा पश्चिम में 2 घर शामिल हैं। ईडी की इस कार्रवाई के बाद राज्य की सियासत एक बार फिर गर्म होने वाली है।

# राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना की अवधि 2025 तक बढ़ी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सरकार ने देश के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की गति को बढाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना को वर्ष 2025 तक बढाने का निर्णय लिया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। इस योजना पर 5911 करोड रूपये का खर्च आयेगा।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में



बताया कि राष्ट्रीय ग्राम स्वराज योजना की अवधि चार वर्ष के लिए यानी गत एक अप्रैल से 31 मार्च 2026 तक बढा दी गयी है।

उन्होंने कहा कि योजना के लिए निर्धारित 5900 करोड़ रूपये में से 3700 करोड़ रूपये केन्द्र सरकार तथा 2211 करोड़ रूपये राज्य सकरारें खर्च करेंगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के बजट में 60 प्रतिशत की बढोतरी की गयी है।

ठाकुर ने कहा कि इस योजना से देश के दो लाख 78 हजार स्थानीय निकायों को सतत विकास के लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस योजना में आधुनिक प्रौद्योगिकी का अधिकाधिक इस्तेमाल किया जायेगा जिससे क्षमता निर्माण होगा। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि इस योजना के तहत अब तक एक करोड 36 लाख लोगों को प्रशिक्षित किया गया है और अब एक करोड़ 65 लाख और लोगों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है।

नई दिल्ली
गुरुवार 14 अप्रैल 2022
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### कश्मीर में करंट लगने से पीडीडी कर्मचारी की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में बुधवार को विद्युत विकास विभाग (पीडीडी) के एक दिहाड़ी मजदूर की विद्युत लाइन की मरम्मत करने के दौरान करंट लगने से मौत हो गयी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि कश्मीर घाटी में पिछले तीन दिनों में इस तरह का यह दूसरा मामला है। इससे पहले पीडीडी का एक दिहाड़ी मजदूर सोमवार को उत्तरी कश्मीर के पट्टन क्षेत्र में एक विद्युत लाइन की मरम्मत कर रहा था, तभी करंट लगने से उसकी मौत हो गयी थी। अधिकारी ने बताया कि लाइन मैन की पहचान चेक ईशरदास मट्टन निवासी शब्बीर अहमद खान(28) के रूप में की गयी है। वह दक्षिणी कश्मीर जिले के वंतराग केहरीबल इलाके में विद्युत लाइन की मरम्मत कर रहा था। इसी दौरान वह करंट लगने से झुलस गया, जिसके बाद तुरंत उसे मट्टन के जन स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### मान ने सीजेआई रमना का अमृतसर आगमन पर स्वागत किया

अमृतसर। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बुधवार को भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एन.वी. रमना के पवित्र शहर अमृतसर आगमन के दौरान उनका स्वागत किया। मान ने न्यायमूर्ति रमना का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पंजाब के लोग और विशेष रूप से पूरी राज्य सरकार भारत के मुख्य न्यायाधीश और उनके परिवार के पंजाब दौरे के दौरान उनका स्वागत करने के लिए उत्सुक है। उन्होंने भारत के मुख्य न्यायाधीश को राज्य से प्यार के प्रतीक के रूप में श्री हरिमंदिर साहिब की प्रतिकृति भेंट दी। इस मौके पर मुख्य सचिव पंजाब अनिरुद्ध तिवारी, पुलिस महानिदेशक वी.के. भवरा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव ए वेणु प्रसाद, आयुक्त जालंधर मंडल वी.के. मीणा, उपायुक्त हरप्रीत सूदन, पुलिस आयुक्त अरुणपाल सिंह, जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती हरप्रीत कौर रंधावा और अन्य भी मौजूद थे।

### सिपाही ने पुलिस लाइन में फंदा लगाकर दी जान

चित्तौड़गढ़। राजस्थान में चित्तौड़गढ़ जिला पुलिस लाइन में आज एक सिपाही का शव फंदे पर लटका मिलने से सनसनी फ़ैल गई। पुलिस के अनुसार पुलिस लाईन स्थित वायरलेस कार्यालय में आज सुबह आठ बजे अन्य स्टाफ पहुंचा तो वहां रात से ड्यूटी पर मौजूद अलवर जिले के मुंडावर थानांतर्गत चांदपुर निवासी सिपाही राहुल यादव का शव फंदे पर झूलता मिला। यह देख स्टाफ ने संचित निरीक्षक को इसकी सूचना दी जिसके बाद पुलिस अधीक्षक प्रीति जैन अन्य अधिकारी एवं सदर थाना प्रभारी हरेंद सोढ़ा भी मौके पर पहुंचे और शव को जिला अस्पताल पहुंचाया। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला वहीं अन्य साथियों से पूछताछ में भी आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया। मृतक सिपाही 2018 बैच का होकर विवाहित था और यहां अकेला ही रहता था। शव मुर्दाघर में रखवा परिजनों को सूचना दे दी गई है जिनके आने के बाद ही उसका पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

### छात्रा से अश्लील हरकतें करने का आरोपी शिक्षक गिरफ्तार,न्यायिक हिरासत में भेजा

श्रीगंगानगर। राजस्थान के श्रीगंगानगर में महिला थाना पुलिस ने एक सरकारी स्कूल में अध्ययनरत आठवीं कक्षा की छात्रा से अश्लील हरकतें करने के आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए शिक्षक अशोक भाटिया (59) को आज अदालत में पेश करने पर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मामला पुरानी आबादी में सब्जी मंडी के नजदीक राजकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय का है। इस विद्यालय में आठवीं कक्षा में अध्ययनरत 15 वर्षीय किशोरी द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर 28 मार्च को शिक्षक अशोक भाटिया के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था।

### जैसलमेर में सूखे नाले में गिरे युवकों को बाहर निकाला

जैसलमेर। राजस्थान के जैसलमेर शहर में एक विडियो वायरल हुआ हैं जिसमें शहर के बाबाबावड़ी क्षेत्र में बरसाती नाले पर लगी हुई पट्टियों के धसने से इसमें पांच युवक सूखे नाले में समा गए थे आसपास के लोगो ने तुरंत उन्हे बाहर निकाला जिससे कोई बड़ा हादसा नही हुआ। सी.सी.टी.वी फुटेज का यह विडियो 7 अप्रेल का हैं। इस घटना से यह साफ जाहिर हो गया कि जाके राखो साईयां मार सके ना कोई। असल में शहर के बाबा बावड़ी इलाके में श्रवण चौधरी की टायर पंचर की दुकान हैं। उसके आगे बरसाती नाला चल रहा हैं जो कि पट्टियों से ड्कका हुआ हैं। इन दिनो यह नाला सूखा हुआ हैं। सात अप्रेल की रात को कुछ युवक यही दुकान के आगे इस नाले पर खड़े थे तथा तथा आपस में बातचीत कर रहे हैं पहले यहां पर 4 युवक थे, उसके बाद एमें एक और युवक भी पास मे आकर खड़ा हो गया कि अचानक बरसाती नाले की पट्टियों चरमरा गई और टूट कर नाले में गिरी जिससे उपर खड़े यह पांचो युवक भी उस नाले में समा गए। पास में खड़ी एक बाईक खड़ी भी उस नाले में समा गई लेकिन यह गनीमत कहो कि नाला सूखा था और नाले में गिरे युवको को मामूली चोटे आई हैं। बाद में सूखे नाले में गिरे युवको को आसपास के खड़े लोगो ने बाहर निकला। सात अप्रेल की यह घटना पास ही लगे सी.सी.टी.वी में कैद हो गई, इसका फुटेज मंगलवार सांय वायरल हुआ और शहर में इस विडियो की चर्चा का बाजार गर्म हो गया। सोशल मीडिया पर भी यह सी.सी.टी.वी के फुटेज वायरल होते गए। इस घटना से यहां पर किये गए निर्माण कार्य पर भी सवालिया निशान खड़ा होता हैं कि यदि इस नाले में पानी चल रहा होता तो निश्चित रुप से एक बड़ा हादसा घटित होता। नाले में गिरे युवक श्रवण चौधरी ने बताया कि यह घटना करीब 7 अप्रेल की रात के करीब 9.30 बजे की हैं। वे अपनी दुकान के बाद कुछ अन्य युवको के साथ खड़े थे व बातचीत कर रहे थे कि अचानक बाहर नाले के उपर लगी हुई पत्थर की पट्टिया टूट कर नीचे गिरी और वे इस नाले में गिर गए। आसपास खड़े अन्य लोगो ने उन्हे बाहर निकाला जिससे उन्हें ज्यादा चौटे नही लगी। कोई बड़ी अनहौनी हो सकती थी।

### बक्सर स्टेशन पर भी रुकेगी विक्रमशिला एक्सप्रेस

हाजीपुर। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बिहार के भागलपुर और दिल्ली के आनंदविहार के बीच चलने वाली विक्रमशिला एक्सप्रेस अब बक्सर स्टेशन पर भी रुकेगी। पूर्व-मध्य रेलवे (ईसीआर) के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने बुधवार को बताया कि भागलपुर और आनंद विहार के बीच चलने वाली गाड़ी संख्या 12367-12368 भागलपुर-आनंद विहार-भागलपुर विक्रमशिला एक्सप्रेस का बक्सर स्टेशन पर 14 अप्रैल 2022 से प्रायोगिक तौर पर छः माह के लिए दो मिनट का ठहराव दिया जा रहा है।
श्री कुमार ने बताया कि 14 अप्रैल से भागलपुर से खुलने वाली गाड़ी संख्या 12367 भागलपुर-आनंद विहार विक्रमशिला एक्सप्रेस 18.18 बजे बक्सर पहुंचेगी और 18.20 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। इसी तरह दिनांक 14 अप्रैल से आनंद विहार से खुलने वाली गाड़ी संख्या 12368 आनंद विहार-भागलपुर विक्रमशिला एक्सप्रेस 00.46 बजे बक्सर पहुंचेगी और 00.48 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

### एचआईवी और एड्स से बचाव के लिए जागरूकता अहम : मंगल

पटना। बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने एचआईवी और एड्स से बचाव के लिए जागरूकता को अहम बताया और कहा कि केंद्र और राज्य सरकार का लक्ष्य वर्ष 2030 तक प्रदेश से एचआईवी और एड्स को समाप्त करना है। पांडेय ने बुधवार को यहां बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह सह मीडिया संवेदीकरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि एचआईवी एवं एड्स से बचाव के लिए जागरूकता अहम है। इसके बचाव और उपचार को लेकर स्वास्थ्य विभाग का निरंतर प्रयास जारी है। केंद्र और राज्य सरकार का लक्ष्य है कि 2030 तक बिहार से एचआईवी एवं एड्स को खत्म कर देना है। पिछले दो वर्षों में पीड़ितों की संख्या में कमी आई है। मंत्री ने कहा कि एचआईवी एवं एड्स के इलाज के लिए लोगों को संकोच नहीं करना चाहिए।

# ठेकेदार की मौत पर घिरी कर्नाटक सरकार

## मंत्री ने बताया प्रोपेगेंडा; अमित शाह के घर के बाहर कांग्रेस का प्रदर्शन

एजेंसी

**नई दिल्ली/बेंगलुरु।** कॉन्ट्रैक्टर संतोष पाटिल की आत्महत्या के मामले में कर्नाटक की भाजपा सरकार घिरती नजर आ रही है। एक तरफ केस दर्ज होने के बाद भी राज्य के मंत्री के. ईश्वरप्पा ने इस्तीफा देने से इनकार कर दिया है तो वहीं कांग्रेस इसे मुद्दा बनाते हुए सड़कों पर उतर आई है। यहां तक कि दिल्ली में यूथ कांग्रेस ने होम मिनिस्टर अमित शाह के घर के बाहर प्रदर्शन किया। यूथ कांग्रेस की मांग थी कि ठेकेदार की ओर से घूस और आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपों के चलते ईश्वरप्पा को मंत्री पद से हटाया जाए। लेकिन के. ईश्वरप्पा इस मामले में बैकफुट पर आने की बजाय



संतोष पाटिल से कभी मिलने या उसे देखने से भी इनकार कर रहे हैं।
यहां तक कि ईश्वरप्पा ने संतोष पाटिल के सुसाइड लेटर को प्रोपेगेंडा बताया है। ईश्वरप्पा ने कहा कि मैंने सीएम बसवराज बोम्मई और पार्टी अध्यक्ष को बताया दिया है कि मंत्री पद से मेरे इस्तीफा देने का कोई सवाल ही नहीं उठता है। लेकिन यह मसला भाजपा के लिए गले की हड्डी बनता दिख रहा है। कॉन्ट्रैक्टर संतोष पाटिल के परिजनों का कहना है कि जब तक मंत्री ईश्वरप्पा की गिरफ्तारी नहीं होती है, तब तक वे शव का पोस्टमार्टम नहीं होने देंगे। बता दें कि कर्नाटक पुलिस ने इस मामले में मंत्री ईश्वरप्पा और उनके दो सहयोगियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।
मृतक संतोष पाटिल के भाई प्रशांत ने कहा कि हम पुलिस के साथ जांच में पूरा सहयोग करने के लिए तैयार हैं। लेकिन जब तक इस मामले के आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती है, तब तक हम शव का पोस्टमार्टम नहीं होने देंगे। इस मामले को लेकर कांग्रेस कर्नाटक की भाजपा सरकार पर हमलावर हो गई है। कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार और पूर्व सीएम सिद्धारमैया ने ईश्वरप्पा के इस्तीफे की मांग की है। गौरतलब है कि इस मसले को लेकर सुबह ही सीएम बसवराज बोम्मई ने कहा था कि मामले की जांच की जा रही है और ईश्वरप्पा के खिलाफ भी केस दर्ज कर लिया गया है। सूत्रों का कहना है कि बोम्मई सरकार के ज्यादातर मंत्री चाहते हैं कि ईश्वरप्पा को पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

# राजस्थान में चिकित्सा बीमा राशि पांच लाख से बढकर हुई दस लाख रुपए

एजेंसी

जयपुर। राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की बजट घोषणा के अनुरूप अब चिरंजीवी योजना में ऑर्गन ट्रांसप्लांट, बोन मेरो ट्रांसप्लांट और कॉकलियर इंम्प्लांट जैसी बीमारियों के महंगे इलाज के पैकेजे भी मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में जोड़ दिये गए हैं और अब चिकित्सा बीमा राशि पांच लाख से बढकर दस लाख रुपए हो गई है।

चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने आज बताया कि इस संबंध में योजना के जुडे सभी अस्पतालों को विस्तृत गाइडलाइन जारी कर सॉफटवेयर में आवश्यक बदलाव कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इन पैकेजे के योजना में जुडने के बाद योजना का दायरा और ज्यादा व्यापक होगा तथा आमजन को ऐसी बीमारियों का महंगा इलाज भी नि:शुल्क मिल पायेगा। उन्होंने कहा कि योजना के पैकेजेज में कॉकलेयर इम्प्लांट के पांच, बॉन मेरो ट्रांसप्लांट के नौ, लीवर ट्रांसप्लांट में आठ, हार्ट ट्रांसप्लांट में सात पैकेजेज जोडे गए हैं।

श्री मीणा ने बताया कि योजना से जुडे निजी अस्पताल अपने यहां इन पैकेजेज को जोडने के लिये ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। बजट घोषणा के अनुसार योजना के अन्तर्गत अब सालाना चिकित्सा बीमा राशि को भी 5 लाख रुपए से बढाकर 10 लाख रुपए कर दिये गए हैं। इसके साथ ही ऐसे असहाय और निराश्रित लोग जो योजना के पात्र लाभार्थी तो है परंतु योजना में रजिस्ट्रेशन नही हुआ है।

# सहकारी कृषि विकास बैंक की वेबसाइट जारी

चंडीगढ़। पंजाब के वित्त एवं सहकारिता मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने राज्य के किसानों की सुविधा के लिए बुधवार को पंजाब राज सहकारी कृषि विकास बैंक की वेबसाइट जारी की। वेबसाइट का उद्घाटन के बाद श्री चीमा ने आज यहां कहा कि इससे बैंक की पारदर्शिता में ज्यादा सुधार आएगा और किसानों को ऋण योजनाओं और ऋण लेने की प्रक्रियाओं बारे आसानी से ज्यादा जानकारी मिलेगी।
उन्होंने उम्मीद जताई कि यह द्विभाषी वेबसाइट बैंक की पहुँच को नयी पीढ़ी के साथ-साथ वरिष्ठ नागरिकों तक भी बढ़ाएगी। बैंक द्वारा फाइनांस किये गए



प्रोजेक्ट और किसानों की सफलताओं की कहानियाँ आने वाले समय में किसानों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगी।
चीमा ने कहा कि इस वेबसाइट के द्वारा उपभोक्ता आसानी से अपने सुझाव बैंक को भेज सकेंगे जिससे बैंक को अपनी सेवाओं में सुधार करने और किसानों को बढिया एवं प्रभावी ढंग से सेवाएं प्रदान करने में सहायता मिलेगी। पंजाब के सभी प्राईमरी बैंकों का पता और संपर्क संबंधी विवरण जैसी ज़रूरी सूचनाएँ इस पर उपलब्ध होंगी।
उन्होंने कहा कि वेबसाइट से उपभोक्ता वांछित पृष्ठ पर सीधा पहुँच सकता है। जनता के साथ सामाजिक तौर पर संपर्क करने के लिए बैंक के विभिन्न सोशल मीडिया हैंडल फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर आदि की जानकारी बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई है। चीमा ने इस कार्य के लिए बैंक प्रबंधन को बधाई दी।

# आर्यन खान ड्रग्स केस : एनसीबी के मुख्य जांच अधिकारी और इंटेलीजेंस ऑफिसर सस्पेंड

एजेंसी

**मुंबई।** आर्यन खान से जुड़े ड्रग मामले की जांच करने वाले नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के अधिकारी विश्व विजय सिंह और आशीष रंजन प्रसाद को विजिलेंस जांच के बाद सस्पेंड कर दिया गया है।
सूत्रों से जानकारी मिली है कि एनसीबी की विजिलेंस टीम द्वारा चल रही जांच में आर्यन खान ड्रग्स केस की जांच कर रहे मुख्य जांच अधिकारी विश्व विजय सिंह और इंटेलीजेंस अधिकारी



आशीष रंजन प्रसाद की भूमिका संदिग्ध पाई गई है। जिसके बाद उन्हें तत्काल प्रभाव से सस्पेंड किया गया है। जांच में कहा गया था कि दोनों संदिग्ध गतिविधि में शामिल थे और यही उनके निलंबन का कारण है।
गौरतलब है कि आर्यन खान को 3 अक्टूबर, 2021 को मुंबई तट पर एक क्रूज जहाज पर एनसीबी की छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किया गया था। उन पर और 19 अन्य को प्रतिबंधित दवाओं के इस्तेमाल और बिक्री करने के आरोप में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सबस्टेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। आर्यन और 17 अन्य को जमानत मिल गई, जबकि केवल दो आरोपी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

# कश्मीर घाटी में बारिश से लोगों के चेहरे पर खुशी

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी में हफ्तों से चले रहा शुष्क मौसम बारिश होने के बाद खत्म हो गया और बारिश होने से लोगों के चेहरों में खुशी देखी गयी। मौसम विभाग ने बुधवार को बताया कि घाटी में अगले 24 घंटे में मध्यम बारिश हो सकती है।
मौसम विभाग ने कश्मीर की कई हिस्सों और जम्मू के कुछ स्थानों पर आमतौर पर बादल छाए रहेंगे। विभाग ने हालांकि इस दौरान भारी बारिश होने का कोई अनुमान नहीं जताया है। मौसम विभाग कार्यालय ने बताया कि घाटी में 20 तथा 21 अप्रैल को हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।
विभाग ने बताया कि श्रीनगर में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक 5.3 मिमी बारिश हुई और इस दौरान न्यूनतम तापमान मंगलवार के 11.2 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले 11.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ग्रीष्मकालीन राजधानी में तापमान सामान्य से 4.2 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। काजीगुंड में बारिश 9.2 मिमी दर्ज की गयी। जबकि दक्षिणी कश्मीर के कोकेरनाग में 1.2 मिमी बारिश हुई और यहां न्यूनतम तापमान 10.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो मंगलवार रात के 11.4 डिग्री सेल्सियस से कम रहा।
विभाग ने बताया कि दक्षिणी कश्मीर के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पहलगाम में 6.8 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गयी और इस दौरान यहां न्यूनतम तापमान 7.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जो सामान्य से 4.7 डिग्री अधिक रहा।
गुलमर्ग में पिछले 24 घंटे में 7.8 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गयी और न्यूनतम तापमान मंगलवार के 7.5 डिग्री सेल्सियस की तुलना में 2.5 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया, जो सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस अधिक रहा।
उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा में 7.4 मिमी बारिश हुई और यहां न्यूनतम तापमान 9.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### सरकारी भूमि पर कब्जे के खिलाफ हाईकोर्ट ने डीएम को दिये जांच के निर्देश

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने उधमसिंह नगर जनपद के नानकमत्ता में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे के मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला अधिकारी को जांच और अतिक्रमणकारियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इस प्रकरण की सुनवाई बुधवार को वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति आरसी खुल्बे की युगलपीठ में हुई। मामले को नानकमत्ता के डियोटी गाँव निवासी मोहम्मद आशिक की ओर से जनहित याचिका के माध्यम से चुनौती देते हुए कहा कि ग्राम सभा डियोटी में सरकार की 0.822 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेखों में बंजर भूमि के नाम से दर्ज है। इस भूमि के 0.404 हेक्टेयर हिस्से पर गाँव के ही कुछ रसूखदार लोगों ने 2019 में कब्जा कर दिया और तब से खेती की जा रही है। प्रशासन की ओर से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा रही है। याचिकाकर्ता की ओर से यह भी कहा गया है कि 2020 में प्रशासन की ओर से की गई जांच में भी सरकारी भूमि पर अतिक्रमण की पुष्टि हुई है।

# विदेशी प्रवासी प्रदेश के विकास के लिए आगे आयें : राज्यपाल

नैनीताल। उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत) गुरमीत सिंह बुधवार को अल्मोड़ा पहुंचने पर कहा कि विदेश में रह रहे प्रवासियों को प्रदेश के विकास में आगे आने का आह्वान किया।
लेफ्टिनेंट जनरल सिंह के अल्मोडा पहुंचने पर जिलाधिकारी वन्दना ने पर्यटन स्थलों से सम्बन्धित प्रकाशित कॉफी टेबल बुक देकर उनका स्वागत किया। राज्यपाल ने कहा कि सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा का अपना एक अलग स्थान है। यहाँ ग्रामीण व्यवसाय के साथ ही ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा दिया जाय। कृषि के क्षेत्र में किये गए अनुसंधानों को किसानों तक पहुचाये जाएं।
उन्होंने कहा कि प्रवासियों को वापस लाने हेतु हमें विशेष प्रयास करने होंगे। उन्होंने विदेश में रह रहे प्रवासियों को प्रदेश के विकास में आगे आने के लिए कहा।
उन्होंने जिलाधिकारी को रोजगारपरक योजनाओं जैसे होम-स्टे, कृषि, औद्यानिकी, पशुपालन के क्षेत्र में विशेष जोर देने को कहा।
उन्होंने पूर्व सैनिकों की समस्याओं को भी सुना। इस दौरान पूर्व सैनिकों की ओर से वन रैंक वन पेंशन एवं हाउस टैक्स में छूट संबंधी मुद्दा उठाया।

# बंगाल में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर धनखड़ का ममता से बात करने का आह्वान

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर बुधवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से बातचीत करने की अपील की।
राजभवन ने एक ट्वीट में कहा, पश्चिम बंगाल के राज्यपाल ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के परिसर में अशांत और अभूतपूर्व चिंताजनक परिदृश्य के साथ-साथ महिलाओं के खिलाफ बढ़ते जघन्य अपराध और राज्य में लगातार बिगड़ती कानून व्यवस्था को देखते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से दिन के दौरान बातचीत करने का आग्रह किया है।



धनखड़ ने कहा, आप सहमत होंगे कि संविधान और कानून के शासन द्वारा शासित व्यवस्था में न्याय तक पहुंच से इनकार और अदालत के कामकाज में बाधा लोकतंत्र की मौत के नाद जैसा है।
तृणमूल कांग्रेस से संबंध रखने वाले वकीलों ने बुधवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय परिसर में न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय के विरोध में प्रदर्शन किया। कुछ अन्य वकीलों ने धरना देकर लोगों को न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय की अदालत में जाने से भी रोका। न्यायालय में दोनों समूहों के बीच कहासुनी भी हो चुकी है। इनमें से एक समूह न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय की पीठ का बहिष्कार करना चाहता था जबकि दूसरा समूह इसका विरोध कर रहा था।
सीबीआई न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) की कथित भर्ती अनियमितताओं की सीबीआई जांच का आदेश देते हुए भारत के मुख्य न्यायाधीश और कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से हस्तक्षेप की मांग की थी क्योंकि उक्त मामले में उनके आदेश पर खंडपीठ ने कई बार रोक लगा दी थी। धनखड़ ने राज्य के मुख्य सचिव हरिकृष्ण द्विवेदी और पुलिस महानिदेशक को तलब कर उनसे हंसखली में 14 वर्षीय बच्ची के सामूहिक बलात्कार और हत्या की रिपोर्ट मांगी है।
उन्होंने ट्वीट किया, मुख्य सचिव और डीजीपी पश्चिम बंगाल पुलिस को 13 अप्रैल को शाम 4 बजे तक राज्यपाल जगदीप धनखड़ को हंसखाली में 14 वर्षीय नाबालिग लड़की के शर्मनाक बलात्कार और मौत के मामले की, और रामनवमी धार्मिक जुलूस पर हमले की घटनाओं पर जानकारी देने के लिए बुलाया गया था।

# चारधाम यात्रा में जन सुविधाओं को और बढ़ाने की हुई तैयारी

देहरादून। उत्तराखण्ड के गंगोत्री, यमुनोत्री, बदरीनाथ और केदारनाथ अर्थात चारों धामों की यात्रा में इस बार अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना के दृष्टिगत, गढ़वाल मंडल के आयुक्त सुशील कुमार ने पहले से अधिक व्यवस्थाएं करने के अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।
बुधवार को चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं की तैयारियों के संदर्भ में श्री कुमार ने अपने शिविर कार्यालय में जीएमवीएन, एनएचएआई, एनएच और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के साथ बैठक कर सुगम सुविधा उपलब्ध बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होने कहा कि इस बार चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोतरी होने के मद्देनजर उपलब्ध सुविधाओं को और अधिक बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने जीएमवीएन द्वारा चारों धाम एवं यात्रा मार्गों पर श्रद्धालुओं के ठहरने आदि व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारी को 1500 लोगों की अतिरिक्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित जिलाधिकारी से तत्काल समन्वय स्थापित करते हुए, जीएमवीएन स्वयं



या आउटसोर्स के माध्यम से यह सुविधा स्थापित कराना सुनिश्चित करें, ताकि चारधाम यात्रा में आने वाले लोगों सुविधा मिल सकें।
आयुक्त ने गढ़वाल मण्डल के संबंधित अधिकारी को यह भी निर्देश दिए कि विभाग टोल फ्री नम्बर जारी करें जिससे चारधाम यात्रा में आने वाले लोगों को सुविधा की जानकारी प्राप्त/शिकायत कर सकें। उन्होंने कहा कि हैली सेवाओं को लेकर ऑनलाइन बुकिंग में लोगों को किसी भी प्रकार की दिक्कतों का सामना न करना पड़े। हैली सेवा स्थलों में यात्रियों के लिए मानकों के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं उपलब्ध रहें, इस बात को गम्भीरता से लिया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से यात्रा मार्गों की जानकारी लेते हुए और शीघ्र यात्रा मार्गों को सुगम सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिए।
श्री कुमार ने राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएचएआई) के अधिकारियों को निर्देश दिए कि रूद्रप्रयाग से गौरीकुंड क्षेत्र में एक अधिशासी अभियन्ता की तैनाती सुनिश्चित की जाए। उन्होंने लामबगढ़ में ट्रीटमेंट कार्य के अलावा अवशेष 300 मीटर कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करें। वहीं धरासु-यमुनोत्री मार्ग पर कुंथनोर के समीप 300 मीटर के कार्य को भी यथाशीघ्र पूर्ण करते हुए सड़क को सुगम बनाने के निर्देश दिए।

### सिलावट ने इंदौर के विकास के संबंध में भूपेंद्र से की चर्चा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने आज यहां इंदौर के विकास के संबंध में वहां से आए बुद्धिजीवियों की मौजूदगी में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह से चर्चा की। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार चर्चा के दौरान मुख्य रूप से इंदौर को सर्वश्रेष्ठ शहर के रूप में विकसित करने और वहां मास्टर प्लान के संबंध में बातचीत हुयी। प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने इंदौर के विकास कार्यों को लेकर नगरीय विकास मंत्री को सुझाव भी दिए। सिलावट ने इंदौर की विशेषताएं बताते हुए कहा कि यह सब इंदौर के लोगों की जागरुकता का परिणाम है। उन्होंने प्रतिनिधि मंडल के सभी सदस्यों के साथ चर्चा के बाद मास्टर प्लान को नगरीय विकास मंत्री के समक्ष रखा है। भूपेंद्र सिंह ने कहा कि वे जल्द ही प्रतिनिधि मंडल के सभी सदस्यों और विभाग के अधिकारियों के साथ इंदौर में ही मास्टर प्लान पर चर्चा करेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि इंदौर शहर के विकास के लिए हर जरूरी कार्ययोजना पर कार्य किया जाएगा।

# गुरु साहिबान का सिद्धांत भारत को बनाएगा विश्व गुरु : पुरोहित

एजेंसी

**अमृतसर।** पंजाब के राज्यपाल और चण्डीगढ़ के प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित ने बुधवार को कहा कि भारत को विश्व गुरु बनाना चाहते हैं तो गुरु साहिबान के सिद्धांत पर अमल करना होगा।
पुरोहित आज गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के गुरू ग्रंथ साहिब भवन में भाजपा नेता डॉ जगमोहन सिंह राजू द्वारा सिख धर्म, डा. अम्बेडकर और संविधान, जातपात को खत्म करने के विषय पर करवाएं गए सेमीनार को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल पुरोहित, जो कि गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी के चांसलर भी हैं, उन्होंने कहा कि उनके मन में सिक्ख धर्म और पंजाबी संस्कृति के प्रति बहुत सत्कार है। जिससे उन्हें ऊर्जा मिलती है।
उन्होंने कहा कि कड़ाह प्रसाद बिना भेदभाव बांटा जाना और संगत पंगत का संकल्प, जहां राजा और गरीब का बराबर बैठने जैसा संस्कृति कहीं और नहीं मिलती।
राज्यपाल ने कहा कि गुरु गोबिन्द सिंह जी ने ख़ालसा सृजना करते हुए गुरू नानक के संकल्प को संपूर्णता दिलाई है। उन्होंने कहा कि संविधान किसी भी



धार्मिक ग्रंथ की तरह सम्माननीय है।
न्यायाधीश (सेवामुक्त) के. जी. बालाक्रिशनन ने कहा कि डॉ अंबेडकर ने भारतीय समाज में आर्थिक और सामाजिक जातपात को खत्म करने के लिए जो काम किया, उसे आज भी नये दृष्टीकोण से देखे जाने की ज़रूरत है। उन्होंने कहा कि डॉ अंबेडकर ने भारतीय समाज को एक विकसित समाज बनाने लिये एक मज़बूत संविधान दिया।
भाजपा के राष्ट्रीय सचिव दुष्यंत कुमार गौतम ने कहा कि कुछ लोग डॉ अंबेडकर को दलितों का नेता कहते हैं लेकिन वास्तविकता में वह वर्तमान भारत के नव निर्माण में बड़ा योगदान देने वाले देश और हर वर्ग के नेता और महान राष्ट्रवादी थे।
एसजीपीसी के पूर्व प्रधान भाई गोबिन्द सिंह लोंगोवाल ने कहा कि गुरू साहब का सिद्धांत जातपात विरोधी रहा। गुरू साहब का उपदेश है कि परमात्मा के दरगाह में जाति नहीं बल्कि कर्मों के अनुसार निपटारा होता हैं।

## शार्ट न्यूज

### अपनी कमियों और बौखालाहट को छुपाने के लिए आम आदमी पार्टी प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के घर पर बेवजह कर रही है प्रदर्शन : हरीश खुराना

**नई दिल्ली।** प्रदेश भारतीय जनता पार्टी प्रवक्ता श्री हरीश खुराना ने कहा कि मीडिया के सामने स्वास्थ्य मंत्री सत्येन्द्र जैन खुद स्वीकार रहे हैं कि भूमिगत जलाशय प्रोटेक्टेड एरिया है जिसमें बिना अनुमति के कोई घुस नहीं सकता है और दूसरी तरफ आम आदमी पार्टी ट्विट कर कहती है कि भाजपा नेताओं द्वारा सोनिया विहार स्थित भूमिगत जलाशय में तोड़-फोड़ की गया है। उन्होंने कहा कि पार्टी और उसके नेता आपस में विरोधाभासी बयान दे रहे हैं तो केजरीवाल को स्पष्ट करना चाहिए कि उनकी पार्टी द्वारा किया गया ट्विट सही है या मीडिया के सामने बोल रहे उनके चहेते मंत्री सत्येन्द्र जैन सही हैं। झूठ बोलना आप नेताओं की फितरत रही है। वह झूठ की खेती करते हैं और उसकी फसल खाते रहते हैं। हरीश खुराना ने कहा कि इस पूरे मामले के बाद प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता के घर पर आप द्वारा दिया जाने वाला धरना उस कहावत को सच साबित करता है कि उल्टे चोर कोतवाल को डांटे। आम आदमी पार्टी के नेता और उसके कार्यकर्ता भाजपा द्वारा पोल खोलने से बौखलाएं हुए हैं इसलिए अपनी बौखलाहट को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के घर पर बिना किसी वजह के प्रदर्शन करके निकाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल बोर्ड द्वारा प्रदूषित जल को घर-घर भेजकर दिल्ली सरकार पहले ही लोगों के जान के साथ खिलवाड़ कर रही है और अब इस तरह की झूठी खबरें फैलाकर वह दिल्ली की लोगों को गुमराह करने की साजिश रच रही है।

### दिल्ली में स्कूलों के विलय से अभिभावकों में रोष और बेचैनी : बिधूड़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने दिल्ली के दर्जनों स्कूलों का विलय करने की दिल्ली सरकार की नीति पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा है कि दिल्ली सरकार पिछले आठ सालों में एक भी नया स्कूल खोलने में नाकाम रही है और अब वर्तमान स्कूलों का विलय करके अपनी नाकामी को छिपाने की कोशिश कर रही है। स्कूलों के विलय से अभिभावकों में बहुत बेचैनी और रोष है। दिल्ली के स्कूलों में स्टाफ ही नहीं है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एन.सी.पी.सी.आर.) ने दिल्ली सरकार को नोटिस जारी करके कहा है कि दिल्ली सरकार के 1027 स्कूलों में सिर्फ 203 में ही प्रिंसिपल नियुक्त हैं। आखिर बच्चों के अधिकारों का यह हनन क्यों हो रहा है। बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली सरकार ने हाल ही में अपने एक फैसले में पहली अप्रैल से दिल्ली के दर्जनों स्कूलों का विलय कर दिया है। जिन स्कूलों में पहली शिफ्ट में लड़कियां और दूसरी शिफ्ट में लड़के पढ़ते हैं, उनमें से कई स्कूलों की दूसरी शिफ्ट को खत्म कर दिया गया है और लड़कों के स्कूल का भी पहली शिफ्ट में लड़कियों के स्कूल के साथ विलय कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जो अभिभावक अपनी बच्चियों को सिर्फ लड़कियों के स्कूल में ही पढ़ाकर उन्हें ज्यादा सुरक्षित महसूस करते हैं, उनमें बहुत बेचैनी है और वे अपनी बच्चियों की सुरक्षा के लिए चिंतित हैं।

### हिंसा का शस्त्र नहीं, प्रेम का शास्त्र समस्या का समाधान है : आचार्य चन्दना



**नई दिल्ली।** वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में संत समाज से अपनी भूमिका का दायरा बढ़ाने की अपील करते हुए पद्मश्री आचार्य चन्दना ने आज कहा कि युद्ध किसी समस्या का हल नहीं है। महावीर जयन्ती से पूर्व यहाँ मीडिया से वार्ता के दौरान उन्होंने कहा हमें जाति, धर्म, वर्ग के भेद के बिना मानवजाति की सुरक्षा के लिए काम करना है। इसके लिए सकारात्मकता का प्रसार जरुरी है और मीडिया को इसमें अहम् भूमिका निभानी होगी। समाज सेवा के क्षेत्र में वर्ष 2022 के लिए पद्मश्री से सम्मानित जैन साध्वी ने कहा धर्मगुरु प्रेम, सहिष्णुता और एकता की बात करते है। सभी धर्मगुरुओं को मिलकर युद्धबंदी और अहिंसा का सन्देश देना चाहिए। यह वर्तमान समय की सबसे बड़ी जरुरत है। उन्होंने कहा कि तीर्थंकर महावीर का विश्वमैत्री का सन्देश मौजूदा समय में और भी प्रासंगिक है। पद्मश्री से सम्मनित प्रथम साध्वी ने कहा महावीर ने प्रकृति एवं पशुओं को बचाने के लिए अहिंसा और विश्वमैत्री का सन्देश दिया था। मैत्री होगी तो वैमनस्य और संघर्ष नहीं होगा। शास्त्रों का निर्माण नहीं होगा और मानवता सुरक्षित रहेगी। आचार्य चन्दना जी उर्फ़ ताई माँ ने 50 वर्ष पूर्व बिहार के राजगीर में वीरायतन संस्था की स्थापना की जो आज देश-विदेश के 25 केंद्रों में अंतराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा, स्वास्थ्य और जनकल्याण के क्षेत्र में सक्रिय है।

### बाजार में सभी धर्मो के लोगों ने किया बैसाखी का आयोजन



**नई दिल्ली।** जहां कई जगह आपस में खटास बनी हुई है वहीं पर सदर बाजार में आपसी भाईचारे की एक मिसाल देखने को मिली सदर फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेडर्स एसोसिएशन के महासचिव व गांधी मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सतपाल सिंह मंगा द्वारा बैसाखी के उपलक्ष पर लंगर का आयोजन किया गया जिसमें सभी धर्मों के लोग शामिल हुए फेडरेशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा ,वाइस चेयरमैन पवन खंडेलवाल अध्यक्ष राकेश यादव, महासचिव कमल कुमार व हाजी समीर अनेक व्यापारी उपस्थित थे। इस अवसर पर परमजीत सिंह पम्मा राकेश यादव ने सभी व्यापारियों को बैसाखी की मुबारक देते हुए कहा कि सदर बाजार एक भाईचारा की मिसाल है यहां पर सभी धर्मों के लोग एक दूसरे के त्यौहार में शामिल होकर खुशियां मनाते हैं। इस अवसर पर सतपाल सिंह मंगा ने परमजीत सिंह पम्मा, राकेश यादव, पवन खंडेलवाल कमल कुमार का स्वागत किया।

# जे पी नड्डा और आदेश गुप्ता ने गांधी नगर में गरीब कल्याण अन्न योजना के लाभार्थियों से किया संवाद

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कोई भूखा ना सोए की भावना से प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना शुरु की गई : जेपी नड्डा

प्रफुल्ल राय गौरवशाली भारत

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 'कोई भी भूखा ना सोए' की भावना से शुरु की गई प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत आज 80 करोड़ लोगों को प्रति व्यक्ति 5 किलो गेहूं या चावल और एक किलो दाल मुफ्त मिलती है और यह योजना मार्च 2020 में शुरु की गई थी जो अब तक चल रही है। आगे भी चलती रहेगी। उन्होंने कहा कि इसका सबसे बड़ा असर कोरोना काल के दौरान देखने को मिला जब कोविड की वजह से लोगों की नौकरियां चली गई थीं, लेकिन बावजूद इसके हर एक व्यक्ति इज्जत के साथ घर में दो वक्त का खाना बड़े आराम से इस योजना के अंतर्गत मिलने वाले अनाज से खा रहा था। आज प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता की उपस्थित के दौरान गांधी नगर में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना



के लाभार्थियों से संवाद करते हुए श्री जे पी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपनी कुशल नीतियों से कोरोना काल के दौरान देश में गरीबी नहीं बढ़ने दी। दूसरे देशों के नेताओं ने भी माना और कहा कि हमें भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से सीखना चहिए कि जब कोई भी बीमारी या महामारी आती है तो उस वक्त सिर्फ दवा देना जरूरी नहीं होता बल्कि दवा के साथ-साथ लोगों की आर्थिक रूप से चिंता करना भी जरूरी होता है। गरीब कल्याण योजना के तहत प्रधानमंत्री ने जो रास्ता दिखाया है उसपर अन्य देशों को भी चलना चाहिए। नड्डा ने कहा कि आज कोरोना से भयंकर लड़ाई के बावजूद हम अगर मास्क नहीं पहन रहे हैं, तो इसका एकलौता कारण माननीय प्रधानमंत्री का कुशल नेतृत्व है जो सिर्फ नौ महीनों के अंदर कोरोना के दो वैक्सीन ही नहीं बल्कि अब बूस्टर डोज भी लगाई जा रही है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में जहां सब लोग मिलकर एक-दूसरे की सहायता कर रहे थे तो वही दूसरी तरफ विपक्ष वैक्सीन को बेअसर और भाजपा की वैक्सीन बताने में लगा हुआ था। कुछ लोगों ने तो वैक्सीन के खिलाफ लोगों के अंदर डर पैदा करने की भी कोशिश की, लेकिन सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि विदेशों में भी भारत के वैक्सीन की मांग बढ़ी और असरदार साबित हुई।

# दिल्ली के लगभग 700 से अधिक स्कूलों में साइंस की पढ़ाई तक नहीं होती और लगभग 24,000 शिक्षकों की कमी है : आदेश गुप्ता

### दिल्ली सरकार के 700 से ज्यादा विद्यालयों में प्रधानाध्यापक और 400 से ज्यादा विद्यालयों में उपप्रधानाध्यापक तक नहीं है

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता ने कहा कि मनीष सिसोदिया के 'वर्ल्ड क्लास' शिक्षा व्यवस्था की सच्चाई यह है कि दिल्ली के लगभग 700 से अधिक स्कूलों में साइंस की पढ़ाई तक नहीं होती और लगभग 24,000 शिक्षकों की कमी है। दिल्ली सरकार के 700 से ज्यादा विद्यालयों में प्रधानाध्यापक और 400 से ज्यादा विद्यालयों में उपप्रधानाध्यापक तक नहीं है। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली सरकार द्वारा चलाए जा रहे 12 कॉलेज हैं जिनके शिक्षक एवं कर्मचारियों को कई महीनों से वेतन तक नहीं मिल रहा है। क्या ऐसे ही शिक्षा मॉडल को दिखाने के लिए मनीष सिसोदिया ने गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र रजनीकांत पटेल को दिल्ली में न्योता दे रहे हैं।

आदेश गुप्ता ने कहा कि दिल्ली के वर्ल्ड क्लास शिक्षा व्यवस्था की जब नेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा सांसदों द्वारा रियलिटी टेस्ट किया गया तो उसमें कोई भी स्कूल पास नहीं हुआ। कई सारे स्कूलों में लैब एवं लाइब्रेरी नहीं है तो कई स्कूलों की इमारतों को जर्जर घोषित करने के बावजूद भी उसमें बच्चे पढ़ाई करने को मजबूर हैं। इतना ही नहीं एक स्कूल में दो-दो घंटों के चार शिफ्टों में पढ़ाई कराई जा रही है। जबकि हकीकत यह है कि पिछले सात सालों में एक भी स्कूल की नई इमारत नहीं बनवाई गई। कई सारे स्कूल आज भी टिन शेड में चल रहे हैं।

### केजरीवाल मॉडल की सफलता, देश में होने लगी 'शिक्षा की राजनीति' : आतिशी

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं विधायक आतिशी ने कहा कि यह केजरीवाल मॉडल की सफलता है कि देश में 'शिक्षा की राजनीति' होने लगी है। आतिशी ने दिल्ली के स्कूलों की स्थिति को लेकर राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) द्वारा उठाए गए सवाल पर बुधवार को कहा कि मुझे इस बात की खुशी है कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार, उनके सांसद और नेता, जो हमेशा धर्म और जाति के नाम पर राजनीति करते आए हैं, आज वे कम से कम शिक्षा की बात तो कर रहे हैं। यही आम आदमी पार्टी और केजरीवाल मॉडल की सफलता है कि देश की हर पार्टी को आज स्कूलों की बात करनी पड़ रही है। विधायक ने कहा कि मैं सांसद मनोज तिवारी और भाजपा की एनसीपीसीआर से आग्रह करूंगी कि वे मध्य प्रदेश, गुजरात और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों के भी कुछ स्कूल देखकर आएं। उन्हें तब पता चलेगा कि किस तरह कबाड़खाने में स्कूल चल रहे हैं। बच्चों के पास बैठने के लिए बेंच नहीं हैं। पीने के लिए पानी नहीं है और टॉयलेट नहीं हैं।

# सुप्रीम कोर्ट के सिटिंग जज की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री तक की जांच हो : श्रीनिवास बी वी

नई दिल्ली। भारतीय युवा कांग्रेस ने आज राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्रीनिवास बी वी जी के नेतृत्व में कर्नाटक सरकार में दिन दहाड़े हो रहे भ्रष्टाचार, मंत्रियों व नेताओ के द्वारा कमीशन की राजनीति से लोगो की मौत और पूरे प्रदेश व भाजपा शासित प्रदेशों में आराजकता के माहौल के विरुद्ध देश के ग्रह मंत्री अमित शाह का घेराव किया। इस अवसर पर भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्रीनिवास बी वी जी ने कहा कि पिछले 8 साल से हम सुन रहे है खूब खाऊं और खाने दो पर अब ये बदल कर हो गया है खूब खाऊं और मरने दो ये भाजपा का नया स्लोगन है। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्रीनिवास बी वी जी ने कहा कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री क्यों चुप्पी साधे हुए हैं, वो किसे बचाने की कोशिश कर रहे हैं? भाजपा की 40त्न कमीशन वाली सरकार के कारण भाजपा का कार्यकर्ता हंसते-हंसते फांसी पर लटक गया। इसके बाद प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और मुख्यमंत्री चुप हैं। भाजपा के भीतर की नाकामी को बेनकाब करने वाली हर आवाज खामोश हो जाएगी - यही संतोष पाटिल की मौत की पुष्टि करती है। भाजपा की क्रोनोलॉजी यह है की पहले भाजपा आपका शोषण करेगी, अगर आप शिकायत करते हैं तो आप को बीजेपी खत्म कर देगी।

भाजपा कार्यकर्ता संतोष पाटिल लिखता है, मैं भारत के प्रधानमंत्री, कर्नाटक के मुख्यमंत्री और हमारे सीनियर लीडर येदुरप्पा से आग्रह करता हूं कि मेरे परिवार का ध्यान रखें। मैं हाथ जोड़कर विनती करता हूं कि जो संतोष व प्रशांत मेरे साथ आए थे, वे मेरी मृत्यु के जिम्मेवार नहीं हैं, मेरी मृत्यु के जिम्मेवार के.एस. ईश्वरप्पा हैं। मैं यह पूछना चाहता हु की हमारी सवाल डाइंग डिक्लेरेशन जिसे सत्य माना जाता है, उसे सत्य मान कर अब तक के.एस. ईश्वरप्पा गिरफ्तार क्यों नहीं हुए? कर्नाटक के मुख्यमंत्री क्यों चुप्पी साधे हुए हैं? भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्रीनिवास बी वी जी ने कहा कि हमारी मांग के.एस. ईश्वरप्पा को तत्काल बर्खास्त किया जाए, उन्हें बर्खास्त कर तुरंत गिरफ्तार किया जाए और सुप्रीम कोर्ट के सिटिंग जज की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री तक की जांच हो। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी राहुल राव में कहा कि अनेकों युवा कांग्रेस कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्रीनिवास बी वी जी के नेतृत्व में सुनहरी बाग चौराहे से अमित शाह के आवास के तरफ बड़े जिसके बाद दिल्ली पुलिस ने बैरिकेडिंग कर उन्हे सभी को रोक दिया और फिर डिटेन कर लिया गया।

# दिल्ली : स्वराज इंडिया ने देश में हो रही सांप्रदायिक घटनाओं पर चिंता व्यक्त की

नई दिल्ली। जानकारी के अनुसार रामनवमी के दिन देश के कई हिस्सों में उग्र जुलूस निकाले गए। बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल में हिंसक झड़पें हुईं और इन घटनाओं में दो लोगों के मारे जाने की खबर है। बिहार में उग्र भीड़ एक मस्जिद के ऊपर चढ़ गई और भगवा झंडा लगा दिया। मध्य प्रदेश में एक मस्जिद के सामने उग्र भीड़ को तलवार लहराते देखा गया। इस बीच, मध्य प्रदेश सरकार ने बिना किसी मुकदमे के मुसलमानों को गिरफ्तार करके और उनके घरों को तोड़कर, उन्हें सजा दे दी। यहां तक कि जेएनयू में भी छात्रों पर उनकी पसंद के खाने को लेकर हमला किया गया।

रामनवमी का त्योहार भगवान राम के जन्म पर मनाई जाती है, जिन्हें धर्म और कर्तव्य, दया और निष्पक्षता के लिए पूजा जाता है। रामनवमी के दिन ऐसी हिंसा और घृणा का प्रदर्शन भगवान राम, जिन्हें अल्लामा इकबाल ने इमाम-ए-हिंद कहा था, का अपमान और तिरस्कार है। रामनवमी की घटना सांप्रदायिक घटना का इकलौता मामला नहीं है, बल्कि भाजपा की नफरत की परियोजना का एक हिस्सा है। 2 अप्रैल को उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले में स्वघोषित महंत बजरंग मुनि ने पुलिस की मौजूदगी में मुस्लिम महिलाओं के बलात्कार का आह्वान किया। 3 अप्रैल को बुराड़ी, दिल्ली में एक धर्म संसद में, यति नरसिंहानंद ने अल्पसंख्यकों के खिलाफ हथियार उठाने का आह्वान किया। चार महीने से भी कम समय पहले, हरिद्वार में एक अन्य धर्म संसद में, यति नरसिंहानंद और अन्य चरमपंथी हिंदुत्व और भाजपा नेताओं द्वारा नरसंहार और गृहयुद्ध का आह्वान किया गया था। इस बीच, भाजपा शासित राज्यों में, भाजपा नेता अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने और सांप्रदायिक तनाव फैलाने के लिए हिजाब, मुस्लिम व्यवसायों पर प्रतिबंध, मांस पर प्रतिबंध, और अन्य मुद्दों को उठाते रहे हैं।

यह सत्तारूढ़ दल द्वारा भारत और उसके संविधान पर सीधा हमला है, और भारत के सभी नागरिकों को इसके विरुद्ध संघर्ष करना चाहिए। स्वराज इंडिया देश के लोगों से भाजपा के नफरत के शासन के खिलाफ मजबूती से खड़े होने और सांप्रदायिकता और नफरत की ताकतों से भारत की रक्षा करने का आह्वान करता है। हम राज्य सरकारों से मांग करते हैं कि नफरत और हिंसा भड़काने वालों के खिलाफ तत्काल और निष्पक्ष कार्रवाई करें। हम न्यायपालिका से राज्य सरकारों द्वारा पक्षपातपूर्ण कार्रवाई के मामलों में लोगों के अधिकारों की रक्षा करने का भी आह्वान करते हैं।

# मेवाड़ में समारोहपूर्वक मनाई गई बैसाखी, डॉ. अम्बेडकर व भगवान महावीर जयंती

## सभी धर्म चाहते हैं वर्ण व्यवस्था समाप्त करना : डॉ.गदिया

**गाजियाबाद।** वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के विवेकानंद सभागार में आयोजित बैसाखी, डा. अम्बेडकर जयंती व महावीर जयंती समारोह में छात्र-छात्राओं ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर रंग जमा दिया। भजन, गीत, सम्भाषण व कविता पाठ कर उन्होंने भगवान महावीर व डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर के आदर्शों व सत्कार्यों को रेखांकित किया। इस मौके पर मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया ने कहा कि सभी धर्म चाहते हैं कि समाज से वर्ण व्यवस्था व जातीय कुप्रथा समाप्त हो और समाज में अम्न-चैन कायम हो। महापुरुषों ने सदा समाज को एकजुट करने के लिए नये पंथ चलाये और दलितोद्धार के प्रयास किये। उन्होंने कहा कि जियो और जीने दो, स्वयं पर नियंत्रण रखो, सह-अस्तित्व को कायम रखो, स्वयं को शुद्ध करो और समाज को अच्छा बनाओ की कला केवल जैन धर्म में ही मिलती है। भगवान महावीर ने तमाम तकलीफें सह कर भी देश व समाज की उन्नति के लिए संघर्षरत रहने की



प्रेरणा दी। भगवान महावीर देश के हर वर्ग व समुदाय के प्रणेता हैं। महावीर के कार्यों व आदर्शों को अपनाने के लिए उनकी जीवनी पढ़ना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर किसी एक धर्म के नहीं बल्कि सभी धर्मों के प्रणेता हैं। उन्होंने करूणा, प्रेम व वात्सल्य के महत्व को जन-जन तक बड़ी सहजता से पहुंचाया। भगवान महावीर के उपदेश आज भी प्रासंगिक हैं। नई पीढ़ी को उनके उपदेश पढ़ने और अमल में लाने चाहिएं। आज के दौर में समाज जिस हिंसा की राह पर चल निकला है, महावीर के अहिंसावादी उपदेश ही उसे रोक सकते हैं। डॉ. अशोक कुमार गदिया ने बैसाखी, डॉ. अम्बेडकर व महावीर जयंती जैसे तीनों पावन अवसरों को एकसूत्र में पिरोते हुए कहा कि आज छुआछूत तो समाज में कम हुई है लेकिन कटुता बढ़ी है। इस जातीय विद्वेष, कटुता व धर्म के नाम पर बांटने की कुव्यवस्था को जड़ से उखाड़ फेंकना जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को इसके लिए संकल्प भी करवाया। समारोह में बतौर अध्यक्ष डॉ. गदिया ने बैसाखी पर्व को जहां खुशियों, उत्साह, उमंग व जोश का प्रतीक बताया वहीं आज के दिन जलियांवाला बाग कांड की याद भी दिलाई।

उन्होंने बताया कि आज के ही दिन जलियां वाला बाग कांड हुआ। जिसने देश के हजारों नौजवानों में आत्मचेतना व देशभक्ति का संचार किया। इसी से हमारा देश आजाद हुआ। उन्होंने डॉ. अम्बेडकर के कार्यों व आदर्शों का उल्लेख किया। बताया कि कैसे सद्भावना, सम्भाव व दलितों के उद्धार के लिए बाबा साहेब ने देश के संविधान का निर्माण किया। दलितों के मसीहा बनकर उन्हें समाज में सम्मानजनक स्थान दिलाने के लिए कड़ा संघर्ष किया। निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने कहा कि किसी के प्रति द्वेष रखना भी हिंसा है। हमें इससे बचना चाहिए। खुद जियो औरों को भी जीने दो के सिद्धांत को अपनाकर देसरों को आगे बढ़ाना चाहिए।

इससे पहले समारोह की शुरुआत मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ.गदिया व निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने सरस्वती, महावीर जी व डा. अम्बेडकर की प्रतिमाओं के समक्ष दीप जलाकर की। उन्होंने डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इसके बाद बी.एड, एचएसएस, बीबीए, बीसीए, एलएलबी आदि विभागों के छात्र-छात्राओं साक्षी रावत, स्मृति, गौरी, विनय, अश्विनी, प्रतीक्षा, पूर्णिमा कोरी, अनु श्रीवास्तव, महिमा आदि ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस अवसर पर मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के तमाम विभागों का शिक्षण स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद रहे।

### आप विधायक अतिशी को खबरों में बने रहने की आदत पड़ गई है : प्रवीण शंकर

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है की आप विधायक अतिशी को अपने कुछ अन्य पार्टी सहयोगियों की तरह को रोज़ कुछ ना कुछ बोल कर खबरों में बने रहने की आदत पड़ गई है। आप नेताओं के साथ समस्या यह है की वह प्रशासन को अपनी मनमर्जी से चलाना चाहते हैं और नगर निगम नेताओं एवं अधिकारियों को अपनी कमेटियों के प्रति जवाबदेह बना कर रखना जाते है जो असंवैधानिक है। दिल्ली सरकार का एक विशेष विभाग है डायरेक्टर लोकल बाडिस जिसका कार्य नगर निगमों से समन्वय बनाना। दिल्ली सरकार चाहे तो इस विभाग के माध्यम से ना सिर्फ नगर निगमों से किसी भी विषय पर जवाब तलब कर सकती है बल्कि जांच भी करवा सकती है पर गत 7 साल में केजरीवाल सरकार ने शायद एक बार भी इस विभाग के माध्यम से कोई रिपोर्ट नही मांगी ना जांच करवाई। अतिशि अक्सर गाजीपुर लैंडफिल साइट को लेकर अपनी कमेटी को माध्यम बना राजनीतिक नाटक करती हैं। यदि सही में गाजीपुर लैंडफिल साइट में को अनियमितता होती तो केजरीवाल सरकार अपने डायरेक्टर लोकल बाडिस विभाग के माध्यम से जांच करवा सकती थी।

### डिजिटल क्रांति के दौर में एक कदम आगे बढ़ाते केजरीवाल सरकार ने सूचना एवं प्रसारण निदेशालय(डीआईपी) में की हाई-एंड सुविधाओं से लैस पहले इन-हाउस ऑडियो-विडियो स्टूडियो की शुरुआत

नई दिल्ली। केजरीवाल सरकार द्वारा डिजिटल क्रांति के दौर में एक कदम आगे बढ़ाते हुए सूचना एवं प्रसारण निदेशालय( डीआईपी) में हाई-एंड सुविधाओं से लैस पहले इन-हाउस ऑडियो-विडियो स्टूडियों की शुरुआत की गई। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बुधवार को इस स्टूडियों का उद्घाटन किया। इस मौके पर श्री सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली में पहली बार ऐसे स्टूडियो की शुरुआत हो रही है। ये स्टूडियो सरकार की नीतियों व योजनाओं को डिजिटल माध्यम से आम लोगों तक पहुँचाने व उन्हें जागरूक करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी में सूचना क्रांति के दौर में आमजन तक सरकारी की नीतियों व योजनाओं की सूचना पहुँचाने की दिशा में ये स्टूडियो बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा जहाँ दिल्ली सरकार के विभाग अपनी योजनाओं व नीतियों को आम लोगों तक सोशल मीडिया या अन्य मीडिया प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से पहुँचाने के लिए अपने इस इन-हाउस सेटअप का इस्तेमाल कर पाएंगे।

**स्टूडियो की विशेषताएं**

- साउंड-प्रूफ स्टूडियो सेटअप
- हाई-एंड ऑडियो-विडियो रिकॉर्डिंग सुविधाएं
- एडिटिंग की आधुनिक सुविधाएं
- पॉडकास्ट रिकॉर्डिंग सुविधाएं
- क्रोमा सेटअप

डीआईपी के निदेशक मनोज द्विवेदी ने कहा कि सूचना क्रान्ति के इस युग में डीआईपी ने सरकार के महत्वपूर्ण संदेशों को आम जनता तक पहुंचने का काम किया है। इस कड़ी में डीआईपी में इस ऑडियो-विजुअल स्टूडियो की शुरुआत की गई है जिसके माध्यम से हम और बेहतर ढंग से लोगों को जागरूक करने व उनतक सरकार की लाभकारी नीतियों के विषय में जानकारी पहुँचाने का काम करेंगे। उल्लेखनीय है कि स्टूडियो के साथ-साथ डीआईपी में 200 वर्ग फीट का एक एलईडी पैनल भी स्थापित किया गया है।

# ShooliniLitfest में साहित्यकारों का सम्मेलन संपन्न हुआ

सोलन। बहुप्रतीक्षित दूसरे Shoolini Literature Festival और flower fest में प्रसिद्ध साहित्यकारों के सम्मेलन के साथ सोलन में Shoolini का परिसर, विचारों के साथ रंगों और सुगंधों से जीवंत हो उठा। यह तीन दिवसीय कार्यक्रम, प्रतिष्ठित लेखकों के समूह और प्रभावशाली वक्ताओं की श्रृंखला के साथ 8 अप्रैल को शुरू हुआ, जिन्होंने आकर्षक विषयों पर जैसे कि डिजिटल के बाद के युग में साहित्य, लेखन और इसकी असंतुष्टि, कवि जिन्हें मैंने गाया है, और ऐसे ही अन्य विषयों पर चर्चा की। रविवार को Shafqat Amanat Ali के शानदार प्रदर्शन के साथ इस साहित्यिक कार्यक्रम का समापन हुआ, जिनकी मधुर आवाज ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए Dr Ashoo Khosla और Prof Manju Jaidka ने शो में दर्शकों का स्वागत किया। Maharishi Markandeshwar University, सोलन के कुलपति ष्ठह्र PK Bansal ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और युवाओं मन में साहित्य के प्रति प्रेम पैदा करने के लिए Shoolini University के प्रयासों की सराहना की।

पहले दिन, भारतीय कथाकार, वक्ता, चित्रकार और लेखक Devdutt Pattanaik ने, जो हिंदू पवित्र ग्रंथों, किंवदंतियों, लोककथाओं, दंतकथाओं और दृष्टांतों के बारे में अपने लेखन के लिए विख्यात हैं, एक पैनलिस्ट के रूप में चर्चा शुरू की। दिन का समापन Prof Ashish Khosla द्वारा संचालित एक योगी की आत्मकथा के 75 वर्ष सत्र के साथ हुआ। इस सत्र के वक्ताओं में Shoolini University के कुलपति Prof PK Khosla और पूर्व IAS, लेखक और प्रेरक वक्ता Vivek Atray शामिल रहे।

लिटफेस्ट के दूसरे दिन का मुख्य आकर्षण %डिजिटल के बाद के युग में साहित्य था। Shoolini University के ट्रस्टी और कम्युनिकेशन हेड Nishtha Shukla Anand ने पैनलिस्ट Kunal Nandwani, Arjun Gupta, और Anjana Menon के साथ चर्चा का संचालन किया, जिन्होंने पूर्ण डिजिटलीकरण की संभावनाओं पर चर्चा की। दर्शकों ने Aseem Chhabra, अभिनेता और समीक्षक, Namrata Joshi, फिल्म समीक्षक, और Mihir Pandya जिन्हें टॉकिंग अबाउट मूवीज कहा जाता है के साथ पैनल चर्चा का भी आनंद लिया।

थ्रिलर्स, किलर, और गमशूज़ सत्र के दौरान, सिंगापुर के निवासी एक भारतीय पॉलीमैथ Mukul Deva ने सभी छात्रों को प्रभावित किया। वह एक प्रेरक मुख्य वक्ता, एक्जीक्यूटिव कोच, बिजनेस मेंटर और बेस्टसेलिंग लेखक हैं। Jiya Lal Thakur और उनकी हिमाचली मंडली के गीतों के प्रदर्शन के साथ दिन का शानदार समापन हुआ।

समापन के दिन, जाने-माने खेल पत्रकार Pradeep Magazine और Sandeep Dwivedi ने 40 वर्षों में व्यापक क्रिकेट और खेल पत्रकारिता के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने खेल जगत के बारे में बेमिसाल जानकारी दी और दर्शकों के कई सवालों के जवाब दिए।

Magazine, जो कि क्रिकेट जगत में मैच फिक्सिंग का मुद्दा उठाने वाले पहले व्यक्ति थे, ने अपनी नवीनतम पुस्तक, 'Not Just Cricket: A Reporter's Journey through Modern India' के बारे में बात की। अनुभवी पत्रकार और

Shoolini University में स्कूल ऑफ जर्नलिज्म और न्यू मीडिया के डायरेक्टर, Vipin Pubby ने स्पोर्टीफाइंग लिटरेचर नामक सत्र का संचालन किया। Indian Express के खेल संपादक Sandeep Dwivedi ने एक खिलाड़ी के सामने आने वाली कठिनाइयों पर चर्चा की, जिसमें प्रतिष्ठित एथलीटों के बारे में वस्तुनिष्ठ नज़रिया अपनाने से लेकर तेजी से काम करना तक शामिल थे।

आम लोगों और University के छात्रों के लिए खुली एक लघु कहानी प्रतियोगिता स्पिन-द-टेल को जबरदस्त सफलता मिली। चंडीगढ़ के DAV College के Apoorva Mamgain ने ट्रॉफी जीती। DAV College चंडीगढ़ के Aviral Aswan, Shoolini University के Ranjit Kumar और Punjab University की Vidushi Gupta को सांत्वना पुरस्कार मिला।

## संपादकीय

# हिन्दुत्व की राजनीति के दौर में अखिलेश के लिए आजम खान का कोई महत्व नहीं रहा

समाजवादी पार्टी के दिग्गज नेता और मुस्लिम चेहरा आजम खान की सपा हाईकमान से नाराजगी की जो बात सामने आ रही है, उसमें यदि दम है तो यह तय माना जाना चाहिए कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव के लिए खून के रिश्ते वाले चाचा शिवपाल यादव की तरह से ही राजनैतिक चाचा आजम खान भी अनुपयोगी हो गए हैं। इसीलिए तो दोनों चाचाओं का एक-सा दर्द सामने आ रहा है। शिवपाल की तरह आजम खान को भी लगने लगा है कि उनके साथ 'भतीजे' अखिलेश ने 'यूज एंड थ्रो' वाली ही सियासत की है। शिवपाल और आजम खान में समानता की बात की जाए तो दोनों ही सपा के दिग्गज नेताओं में शुमार रह चुके हैं। दोनों ही पूर्व सपा प्रमुख मुलायम सिंह यादव के भाई जैसे थे। दोनों की ही सपा में तूती बोला करती थी। सपा को फर्श से अर्श तक पहुंचाने में दोनों का योगदान भुलाया नहीं जा सकता है। दोनों ही कई बार विधान सभा का चुनाव जीत चुके हैं। इस समय दोनों के ही सितारे गर्दिश में चल रहे हैं, जिसकी वजह और कोई नहीं वही शख्स है जिसे शिवपाल और आजम ने गोद में खिलाया था। दोनों ने अपने सामने ही अखिलेश को बढ़ते देखा था। 2012 में अखिलेश को मुख्यमंत्री बनाने में इन दोनों नेताओं के योगदान को अनदेखा नहीं किया जा सकता है, जबकि मुलायम के बाद शिवपाल यादव और आजम खान मुख्यमंत्री की कुर्सी के प्रबल दावेदार समझे जाते थे। दोनों की ही गणना जनाधार वाले नेताओं के रूप में होती है और वोटरों पर अच्छी पकड़ है। सवाल यह है कि अखिलेश को आजम अनुपयोगी क्यों लग रहे हैं, तो जानकार इसकी वजह प्रदेश में हिन्दुत्व के उभार की राजनीति बता रहे हैं। 2014 में जबसे मोदी ने केन्द्रीय स्तर पर हिन्दुत्व की राजनीति शुरू की थी और यूपी में वाराणसी से लोकसभा चुनाव लड़ा था, तबसे अखिलेश की तुष्टिकरण की सियासत को ग्रहण लग गया है। 2017 तथा 2022 के विधानसभा और 2014 एवं 2019 के लोकसभा चुनाव में मुस्लिम तुष्टिकरण के सहारे कोई बड़ा राजनैतिक धमाका नहीं कर पाने वाले अखिलेश का धीरे-धीरे मुस्लिम-यादव सियासत से मोहभंग होता जा रहा है। अखिलेश को इस बात का भी मलाल है कि उनकी मुस्लिम परस्त छवि के कारण सपा का परम्परागत यादव वोटर भी मुंह मोड़ता जा रहा है। हाल यह है कि समाजवादी पार्टी की मुस्लिम परस्त छवि का खामियाजा उन दलों को भी भुगतना पड़ जाता है जो उनके साथ हाथ मिलाते हैं। 2017 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस, 2019 के लोकसभा चुनाव में बसपा से और 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा के साथ जुड़े कई छोटे-छोटे दलों को भी सपा का हाथ थामने का खामियाजा भुगतना पड़ा था। बहरहाल, बात आजम खान की सपा प्रमुख अखिलेश यादव से नाराजगी की खबरों की कि जाए तो अखिलेश यादव और समाजवादी पार्टी से आज़म खाम की शिकायत कोई अभी शुरू नहीं हुई है, बल्कि ये दर्द और नाराज़गी पुरानी है। 2017 में यूपी में योगी सरकार की शुरुआत के बाद से आजम खान के लिए जब बुरे दौर का आगाज हुआ तो अखिलेश यादव काफी हद तक इस मामले पर चुप्पी साधे रहे। आज़म खान के करीबियों का मानना है कि जब आज़म की गिरफ्तारी हुई तो अखिलेश ने इसका उस तरह से विरोध नहीं किया, जितना करना करना चाहिए था। अखिलेश न ही विधानसभा के भीतर इस मुद्दे को धारदार तरीके से उठा पाए, न ही सड़क पर आजम के पक्ष में कहीं कोई आंदोलन चलाया गया। आजम खान से मुलाकत तक नहीं करने जाते हैं अखिलेश यादव। विधानसभा चुनाव में सपा को 111 सीटें मिलीं, इसमें मुस्लिमों वोटरों की बड़ी भूमिका थी, लेकिन फिर भी अखिलेश ने जेल जाकर आजम से मिलना जरूरी नहीं समझा। इससे पूर्व जब विधानसभा चुनाव 2022 का मौका आया तो इस मैके पर आज़म खान खेमे में और ज्यादा नाराज़गी बढ़ गई, क्योंकि अखिलेश यादव ने सिर्फ आज़म खान और बेटे अब्दुल्ला आज़म को टिकट दिया, जबकि अखिलेश ने उनके समर्थकों को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया था। बताया जाता है कि आजम खान ने करीब एक दर्जन अपने करीबी नेताओं की लिस्ट सपा प्रमुख को सौंपी थी, जो विधानसभा चुनाव लड़ना चाहते थे।

# भगवंत मान की 'द हाफ सीएम' वाली छवि केजरीवाल ने पुख्ता कर दी है

**राकेश सैन**

पंजाब में सत्ता परिवर्तन के उपरान्त नौकरशाहों के दिल्ली चक्कर पर यहां के प्रशासनिक क्षेत्र में मुख्यमन्त्री भगवन्त मान को अन्दरखाते 'दि हाफ सीएम' के नाम से पुकारा जाने लगा है परन्तु हाल ही के ताजा घटनाक्रम ने मान के इस नए नामकरण पर स्वीकृति की भी मुहर लगा दी लगती है। मामला यह है कि भगवन्त मान और बिजली मन्त्री हरभजन सिंह की अनुपस्थिति में पंजाब के मुख्य सचिव अनिरुद्ध तिवारी, बिजली विभाग के सचिव दलीप कुमार, ऊर्जा निगम (पावरकॉम) के मुख्य प्रबन्ध निदेशक (सीएमडी) बलदेव सिंह सरां ने दिल्ली के मुख्यमन्त्री अरविन्द केजरीवाल, वहां के मन्त्री सत्येन्द्र जैन और राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा के साथ बैठक की। आम आदमी पार्टी की ओर से विधानसभा चुनाव से पहले 300 यूनिट नि:शुल्क बिजली देने सम्बन्धी वायदा किया गया था, अब जबकि पंजाब में पार्टी की सरकार बन चुकी है, ऐसे में लोगों ने नि:शुल्क बिजली की मांग शुरू कर दी है। इसी को लेकर केजरीवाल ने पंजाब के उक्त अधिकारियों की बैठक बुलाई। चाहे केजरीवाल सत्ताधारी आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक हैं परन्तु पंजाब में चुनी गई सरकार वैधानिक सीमा में बन्धी है। राज्य के संवैधानिक मुखिया या उनके चुने हुए प्रतिनिधि की अनुपस्थिति में इस तरह की बैठक पूरी तरह से अवैध, राज्य के मामलों में हस्तक्षेप और देश के संघीय ढांचे के विरुद्ध है। पंजाब में सत्ता के तार दिल्ली से झनझनाने की दुर्गंध तो नई सरकार के कार्यभार सम्भालने के बाद से ही आनी लगी थी। अमृतसर (उत्तर क्षेत्र) से विधायक व पूर्व भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी कुंवर विजय प्रताप सिंह अपनी ही सरकार की स्थानान्तर व नियुक्ति सम्बन्धी नीति पर अपना विरोध दर्ज करवा चुके हैं। उन्होंने दो वरिष्ठ भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों प्रबोध कुमार को विशेष डीजीपी (गुप्तचर) और अरुणपाल सिंह को अमृतसर का पुलिस आयुक्त नियुक्त करने का विरोध किया। फेसबुक पोस्ट के माध्यम से उन्होंने अपना विरोध जाताया। चाहे बाद में उन्होंने अपनी पोस्ट को बदल दिया परन्तु तब तक मीडिया की सुर्खियां बनने पर मान सरकार की जगहंसाई हो चुकी थी। कुंवर विजय प्रताप का आरोप है कि बेअदबी काण्ड में अप्रैल 2021 में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने विशेष जांच दल द्वारा की गई एक जांच को रद्द कर दिया था। कुंवर विजय प्रताप भी इसका हिस्सा थे। यह दल 2015 में कोटकपुरा और बहिबलकलां में गुरु ग्रन्थ साहिब की बेअदबी का विरोध कर रहे लोगों पर पुलिस फायरिंग के 2 मामलों की जांच कर रहा था। न्यायालय के आदेश के बाद कुंवर विजय प्रताप नौकरी से इस्तीफा देकर आम आदमी पार्टी में आगए। उन्होंने आरोप लगाया कि उक्त दोनों अधिकारी बड़े राजनीतिक परिवारों के पक्षधर हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बरगाड़ी-बहबलकलां मामले में न्याय न मिलने के लिए ये दोनों अधिकारी जिम्मेदार हैं। चाहे मुख्यमन्त्री मान ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी परन्तु इससे संकेत तो मिले हैं कि पंजाब की क्रान्तिकारी सरकार में कुछ गड़बड़झाला तो है। सवाल पैदा होता है कि कांग्रेस सरकार के चहेते अधिकारी आज आप की सरकार में किस तरह अपनी पसन्द के पद हासिल कर रहे हैं? दूसरी तरफ हाल ही में पंजाब में पांच सीटों के लिए हुए राज्यसभा चुनावों में भी जिस तरह से सदस्यों की घोषणा हुई उसमें भी सन्देह पैदा होने लगा है कि आम आदमी पार्टी की पंजाब इकाई की कम और हाईकमान की ज्यादा चली है।

# धर्म वहीं जहां प्रेम व सद्भाव: जहाँ हिंसा वैमनस्य वहां अधर्म और पाखण्ड



**निर्मल रानी**

पिछले एक पखवाड़े के भीतर देश के अनेक राज्यों से साम्प्रदायिक हिंसा की वारदातों के अफ़सोसनाक समाचार सुनने को मिले। निश्चित रूप से दुनिया का कोई भी सभ्य समाज हिंसा, लूट, बस्ती में आगज़नी करने, हत्या, पत्थरबाज़ी, गोलीबारी, किसी समुदाय के धर्मस्थल पर किसी अन्य समुदाय से संबंधित ध्वज फहराने, लाऊडस्पीकर पर समुदाय विशेष को गलियां देने, उन्हें धमकाने और दहशत फैलाने आदि दुष्कृत्यों को सही या जायज़ नहीं ठहरा सकता। और यदि कोई वर्ग ऐसा है जिसे इसतरह के दो समुदायों को विभाजित करने वाले हालात पर गर्व अथवा ख़ुशी है या उसे इन हालात से किसी तरह का लाभ मिलता है तो नि:संदेह वह वर्ग न केवल असभ्य है बल्कि वह देश और मानवता का दुश्मन भी है चाहे वह किसी भी धर्म अथवा समुदाय का क्यों न हो।

चूँकि सत्ता के नुमाइंदे प्राय: देश के लोगों को यह सलाह देते हैं कि उन्हें आपदा में भी अवसर की तलाश करनी चाहिए और मंहगाई या बेरोज़गारी पर हाय तौबा करने के बजाये अपनी सोच नकारात्मक नहीं बल्कि सकारात्मक रखनी चाहिये। इसीलिये बावजूद इसके कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में रामनवमी के जुलूसों के दौरान हिंसक वारदातों की जितनी ख़बरें इसबार सुनने को मिलीं, पहले कभी नहीं सुनी गयीं। परन्तु इन साम्प्रदायिक हिंसक वारदातों के ठीक विपरीत इसी राम नवमी में देश के अनेक भागों से साम्प्रदायिक सद्भाव की भी अनेक अनूठी ख़बरें सुनाई दीं हैं। यह और बात है कि गोदी मीडिया को हिंसा व आगज़नी की चपेट में आई इंसानी बस्तियों में उठती आग की लपटें और हवा में तलवारें लहराते और दहशत फैलाने वाले धार्मिक उद्घोष व चीख़ पुकार आदि तो उनकी अपनी टी आर पी बढ़ाने के लिये दिखाई व सुनाई दिये। परन्तु देश को सद्भाव का सन्देश देने वाली ख़बरें नज़र नहीं आईं। बेशक देश का एक बहुत बड़ा अमनपसंद वर्ग इस समय देश के सत्ता के संरक्षण से पैदा होने वाले विभाजनकारी व सामाजिक ध्रुवीकरण के हालात से अत्यंत निराश हो चुका है। परन्तु अभी भी इसी देश में रोज़ाना कहीं न कहीं से ऐसी ख़बरें सुनाई देती हैं जिनसे यह उम्मीद बंधती है कि देश पर छाये हिंसा व नफ़रत के काले बादल आज नहीं तो कल ज़रूर छंटेंगे।

उदाहरण तौर पर झारखण्ड की राजधानी रांची में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने रामनवमी



के जुलूस का शानदार स्वागत किया। इस अवसर पर मुस्लिम भाइयों ने राम नवमी जुलूस में शामिल अपने हिन्दू भाइयों को मिठाई, गुड़, चना, फल आदि खिलाया और शीतल पेय भी पिलाया। इतना ही नहीं बल्कि मुस्लिम समुदाय से संबंधित कई संस्थाओं के पदाधिकारियों ने शोभायात्रा से जुड़े विशिष्ट हिन्दू पदाधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया तथा उन्हें पगड़ी बांध कर सम्मानित किया। प्राप्त समाचारों के अनुसार रांची की सेंट्रल मुहर्रम कमेटी, रांची पब्लिक स्कूल तथा इमाम बख़्श अखाड़ा सहित अनेक मुस्लिम संस्थाओं, मदरसों व स्कूलों ने जुलूस में शामिल लोगों का स्वागत किया। दोनों समुदाय के लोग एक-दूसरे से गले मिले एक दूसरे को मिठाइयां खिलाईं। ऐसा ही समाचार झारखण्ड के ही हज़ारीबाग़ से भी प्राप्त हुआ है। बताया जाता है कि हज़ारी बाग ज़िले की रामनवमी की शोभा यात्रा अपनी भव्यता को लेकर पूरे देश में मशहूर है। यहाँ की रामनवमी साम्प्रदायिक सौहार्द के लिये भी प्रसिद्ध है। हमेशा की तरह इस बार भी रामनवमी में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बढ़ चढ़ कर इसमें अपनी सहभागिता दर्ज की। यहाँ भी रामभक्तों का मनोबल बढ़ाते हुये मुस्लिम समुदाय के लोगों ने उन्हें जगह-जगह पर सम्मानित किया। इतना ही नहीं बल्कि हिन्दू भाइयों ने मुस्लिम समुदाय के लोगों के सर पर केसरिया पगड़ी बाँध उनसे गले मिलकर सौहार्द की मिसाल पेश की। इनमें अनेक मुसलमान तो स्वयं रोज़ा धारण किये होने के बावजूद रामनवमी के जुलूस में हर्षोल्लास से शरीक हुये और ख़ुद भूखे (रोज़ा) रहकर भी अपने राम भक्त भाईयों को जलपान कराया। झारखण्ड के ही पलामू, मेराल, मेदिनीनगर व गढ़वा आदि जैसे कई स्थानों से भी ठीक इसी तरह के सदभावपूर्ण रामनवमी आयोजन के समाचार मिले हैं।

कुछ ऐसी ही सकारात्मकता से परिपूर्ण ख़बरें उसी राजस्थान राज्य से आईं जहाँ के करौली क्षेत्र में कुछ दिनों पहले दंगाइयों ने उपद्रव व आगज़नी की घटनाओं को अंजाम दिया था। अब इसी राजस्थान के जयपुर, अजमेर व जैसलमेर जैसे प्रमुख शहरों में रामनवमी के जुलूस पर मुस्लिम समुदाय की ओर से फूल बरसाकर उनका स्वागत करने तथा मिठाइयां व शरबत आदि वितरित करने के समाचार प्राप्त हुये हैं।

देश के कई जगहों से जहाँ ऐसे समाचार पहले भी आये और इस बार की रामनवमी के अवसर पर भी सुने गये कि मस्जिद पर कुछ धर्म विरोधी असामाजिक तत्वों द्वारा जबरन भगवा झंडा लहराया गया। वहीं केंद्र शासित प्रदेश दमन दीव से मिलने वाली ख़बर शांति के पक्षधर भारतवासियों में बेशक सकारात्मकता का संचार करती है। दमन दीव के खारीवाड़-मिटनावड़ में स्थित राम मंदिर के शिखर पर मुस्लिम समाज के समाजसेवी शौकत मिठाणी ने भगवा ध्वज अपने हाथों से स्थापित किया। और रामनवमी के जुलूस में भगवान राम की पालकी अपने कन्धों पर उठाकर प्रेम, सद्भाव व भाईचारे का सुबूत पेश किया। बताया जाता है कि यह राम मंदिर शौकत मिठानी ने अपने पैसों से बनवाकर स्थानीय हिन्दू समाज को भेंट किया है।

अभी कुछ दिनों पूर्व ही बिहार राज्य के चंपारण से दुनिया का सबसे बड़ा विराट रामायण मंदिर बनाने की तैयारियों की ख़बर सामने आई थी। बिहार के एक मुस्लिम व्यक्ति ने राज्य के पूर्वी चंपारण ज़िले के कैथवलिया इलाक़े में बनने वाले इस मंदिर हेतु 2.5 करोड़ रुपये मूल्य की अपनी निजी ज़मीन दान में दी है। पटना के महावीर मंदिर ट्रस्ट केअध्यक्ष आचार्य किशोर के अनुसार इश्तियाक़ अहमद ख़ान पूर्वी चंपारण के रहने वाले हैं तथा वर्तमान में गुवाहाटी में कारोबार कर रहे हैं। इश्तियाक़ अहमद ख़ान ने ही 2.5 करोड़ रुपये की ज़मीन विराट रामायण मंदिर निर्माण हेतु दान की है। योजनानुसार यह विराट रामायण मंदिर विश्व के प्रसिद्ध 12 वीं सदी के अंगकोरवाट के मंदिर से भी विराट होगा तथा इसपर लगभग 500 करोड़ रुपये की लागत आएगी।इसी बिहार के मुज़फ़्फ़रपुर ज़िले के मुहम्मदपुर गांव में कुछ उपद्रवियों ने राम नवमी के दिन एक मस्जिद पर भगवा झंडा लहराकर अपनी भी सभ्यता का परिचय दिया था।

कहना ग़लत नहीं होगा कि धर्म वहीं वहीं है जहां प्रेम व सद्भाव क़ायम है और जहाँ भी हिंसा वैमनस्य है वहां धर्म नहीं बल्कि अधर्म और पाखण्ड का ही साम्राज्य है।

# अपनी किस्मत अपने हाथ!

अपने भाग्य को अपने हाथों से लिखें और यदि आपको यह पसंद नहीं है, तो इसे मिटा दें और इसे फिर से लिखें। यह जीवन का एक शक्तिशाली रहस्य है। हमारे पास इतनी क्षमता है, इतनी शक्ति है कि हम अपने भाग्य को लिख या फिर से लिख सकते हैं! आपको बस इतना जानना है कि आप अपने जीवन के साथ क्या करना चाहते हैं। आप अपनी आत्मा से कह सकते हैं, यह मेरी किस्मत है, यही मैं अपने जीवन के साथ करना चाहता हूं या चाहती हूं लेकिन जब लोग जागरूक नहीं होते हैं, तब नकारात्मक शक्तियां आपका भाग्य बनाती हैं। इसकी अनुमति क्यों दें? पहला कदम आप में विश्वास पैदा करना है। याद रखें, यह हमेशा किया जा सकता है। दूसरा, आप अपने ऊपर जो भरोसा कर रहे हैं, उसके साथ अपने आत्मविश्वास का निर्माण करें। जिसे आप अपने चरित्र की कमजोरी समझते हैं, उससे बचें। बिना कमजोरी के जीने की कोशिश करें। इसका मतलब यह है कि आपके मन में, आप सोचते हैं कि एक निश्चित क्रिया करना गलत है, लेकिन आप फिर भी करते हैं। इसे द्वैत कहा जाता है। यह द्वंद्व आपको कमजोर करता है। आप जो विश्वास करते हैं उसके अनुसार जियो। हमने बचपन से नैतिक शिक्षा प्राप्त की है, साथ ही साथ हम शिक्षित भी है, हमने शिक्षा से, जीवन से बहुत से अनुभव लिए और इंसानियत के नाते, हमारे दिमाग में बहुत सारे विचार चलते रहते हैं और उनमें से हम कुछ ही करते हैं! कभी-कभी बहुत से विचार या क्रिया हमें खुशी तो देती है पर वह कुछ समय के लिए, उसे करने के बाद हमें कभी-कभी अफसोस होता है कि हमें यह नहीं करना चाहिए, तो हमें पहले से ही वह क्रिया नहीं करनी चाहिए, क्योंकि वह दुनिया की नजरों में तो बाद में पर हमारी नजरों में गलत है और वह हमें हमारी नजरों में ही गिरा देती हैं, और इस तरह से हमारी आत्मा कमजोर होती है! जीवन आपको हमेशा अधिक ऊर्जा दे रहा है- जितना अधिक आप अपनी ताकतों का उपयोग करते हैं, उतना ही आप बढ़ते हैं!

सच तो यह है कि हमारा अहंकार बहुत सारी ऊर्जा खा जाता है: अहंकार के बिना, हम हल्का महसूस करने लगते हो। नींद और भोजन ऊर्जा के महत्वपूर्ण स्रोत हैं, इसलिए इनका पर्याप्त मात्रा में सेवन करें। अगर हम इन दोनों को पर्याप्त मात्रा में नहीं लेते हैं, तो हमारी सोचने समझने की शक्ति कम होने लगती है, फिर हमें दूसरे सही लगते हैं और खुद के ऊपर भरोसा नहीं रहता है! हम सभी जीवन में कुछ ना कुछ करने के लिए आए हैं, अगर हम अपनी कोई भी किए गए क्रिया की जिम्मेदारी खुद उठाएं तो हम अपने भाग्य को और सुंदर बना सकते हैं! बहुत से लोग हर चीज को भगवान भरोसे छोड़ देते हैं! पर कहते हैं ना हिम्मत ए मर्दा तो मदद ए खुदा पहले हमें खुद हिम्मत करनी होगी, तो खुदा भी हमारी सहायता करेंगे !चलो इसे दो पहलुओं में समझे! हम सभी को ईश्वर ने इंसान बनाया है, तो हम सभी में कहीं ना कहीं इंसानियत छुपी हुई है, अब अगर हम जो भी कार्य कर रहे हैं, अगर वह कार्य हमारी आत्मा को और हमें पूर्ण रूप से सही लगता है, प्रसन्न चित्त करता है और उसे करके हम बहुत ही सकारात्मक महसूस कर रहे होते हैं, तो यहां खुदा हमारी सहायता करेंगे! पर कोई भी ऐसा कार्य, करने के बाद, हम दुखी, अफसोस, परेशान, तनावपूर्ण महसूस कर रहे होते हैं, तो इसे करने में हमारी सहायता शैतान करेगा! यह सिर्फ समझने के लिए कुछ उदाहरण है, तो हमारी अंतरात्मा हमें जब कुछ करने को कहें, तो हमें करना चाहिए, सोचे, समझे, और उसे करें और अगर करते करते अच्छा महसूस होता है तो करते रहे! जीवन में वर्तमान में जीने में अधिक भलाई है तो हमारा भविष्य का हर पल सुकून भरा होता चला जाएगा, बीते हुए कल के बारे में, सोचने से फायदा नहीं, बदल नहीं सकते!




# सफ़ल शख्सियत की पहचान



**जीवन में सफ़ल शख्सियत बनने के लिए धैर्य, दृढ़ता, सहिष्णुता, अनुशासन के गुणों को अपनाने की ज़रूरत**

**जीवन में रचनात्मक और सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने संकीर्ण विचारधारा से ऊपर उठकर मानवीय गुणों को अपनाने की ज़रूरत - एड किशन भावनानी**

वर्तमान नए और विकसित ज़माने, डिजिटल युग में करीब-करीब हर व्यक्ति की यह चाहत है कि वह एक सफ़ल शख्सियत बने, उसके पास नाम, पैसा, शोहरत हो जिसके लिए वह राजनीतिक, सरकारी, निजी या विदेशी क्षेत्रों में अपना विस्तृत शाही भविष्य बनाने के लिए विकल्प ढूंढने के लिए तीव्रता से अग्रसर हैं। परंतु यह बात रेखांकित करने योग्य है कि हमें जीवन में सफ़ल शख्सियत बनने के लिए सबसे पहले धैर्य सहिष्णुता, दृड़ता, अनुशासन जैसे सशक्त मानवीय गुणों रूपी भट्टी से तप कर निकलने की ज़रूरत है।

जीवन में रचनात्मक और सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने और संकीर्ण विचारधारा से ऊपर उठकर उन मानवीय गुणों को अपनाने की ज़रूरत है जिसके बल पर हम अपने आप को पाएंगे कि लोगों के बीच वाकई में हम सफ़ल शख्सियत हैं।

साथियों बात अगर हम सहिष्णुता और असहिष्णुता की करें तो इसकी विस्तृत जानकारी इसलिए ज़रूरी है, क्योंकि अभी भी ऐसे युवाओं की संख्या अधिक है जिन्होंने इन शब्दों को तो सुना है पर इसका अर्थ शायद गहराई से नहीं जानते होंगे!!! मैंने यह शब्द मुख्य रूप से सन 2015 में सुना था जब एक के बाद एक अवार्ड वापसी का मामला पुरजोर तरीके से जोरों पर भारत में गूंजा था जब एक के बाद एक लगभग 40 लेखकों ने अपने साहित्य अकादेमी पुरस्कार लौटा दिए तथा सात-आठ ने अकादेमी की समितियों की सदस्यता से इस्तीफे दे दिए थे। यह प्रकरण लगभग तीन-चार महीने चलता रहा।

देश-भर के अखबार, रेडियो और टी.वी. चैनल इसे प्रमुखता से छापते और प्रसारित करते रहे। फेसबुक और सोशल मीडिया पर निरंतर मत-मतांतर लिखे और पढ़े जाते रहे थें।

साथियों बात अगर हम सहिष्णुता के अर्थ की करें तो यह एक सहनशीलता, एडजस्टमेंट के तुल्य है यह एक भावनात्मक शक्ति है। भाव इन्द्रिय चेतना और मन से परे होता है। मन भाव से संचालित होता है और इन्द्रियां भी भाव से संचालित होती है।

भाव सबसे ऊपर है। जो व्यक्ति सहिष्णुता का विकास करना चाहे उसे अपने शारीरिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना ज़रूरी है। जब सहन करने की शक्ति कम लगे तो सोचना चाहिए कि कहीं मेरे शरीर के अवयवों में कोई विकृति तो नहीं हुई है, कोई दोष तो नहीं आया है ? सहनशीलता एक सांस्कृतिक गुण है ना कि प्राकृतिक गुण और इसी लिए मनुष्य ही सहनशीलता के लिए सबसे उपयुक्त है और इसी कारण आज से चार हज़ार वर्ष पूर्व जब मनुष्य ने एक व्यवस्थित जीवन जीना शुरू किया तो ऐसा लगा मानो मनुष्य ने सहिष्णुता को स्वीकार कर लिया है पर समय के साथ संस्कृति के भी प्रभाव की न्यूनता मानव के जीवन में दिखाई देने लगी और जिस मनुष्य ने विवाह , परिवार का निर्माण किया वही एक सीमा के बाद असहिष्णुता के प्राकृतिक गुण को प्रदर्शित करने लगा।

साथियों बात अगर हम दृड़ता, अनुशासन और धैर्य की करें तो मेरा मानना है कि करीब करीब युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक सभी इसका अर्थ, परिभाषा प्रैक्टिकली जानते होंगे!! क्योंकि यह तीनों ऐसे मानवीय गुण है जिनका कहीं ना कहीं हर व्यक्ति को पालन करना ही होता है, जो नहीं करते उनके जीवन में कष्टों का आना शुरू हो जाता है!!!

याने हम कह सकते हैं कि यह तीनों गुण दुखो, कष्टों के सामने एक रोड़ा है, जो उन्हें रोक कर रखते है और इस बीच हम अपने जीवन को सफ़ल शख्सियत की पहचान बनाने में कामयाब हो जाते हैं।

साथियों अगर हम विपत्तियों को धैर्य में से नहीं काटेंगे, संकल्पों को दृढ़ता से नहीं पूर्ण करेंगे और इन दोनों कार्यों को अनुशासन की कड़ी में रहकर करेंगे तो सफलता हमारे कदम चूमेगी!!! क्योंकि बड़े बुजुर्गों का कहना है कि मानवीय गुणों, पर्याप्त कुशलता और सफ़ल शख्सियत बनने का ज़ज्बा और जांबाज़ी हो तो सफ़लता के पास तुम्हें नहीं जाना पड़ेगा सफलता ख़ुद आकर तुम्हारे कदम चूमेगी!!! हम अगर हमारे बड़े बुजुर्गों, हमारी पूर्व पुरानी पीढ़ियों द्वारा फरमाए एक एक कहावत पर अगर हम चले तो यह जीवन हमें बहुत खूबसूरत, उपयोगी और सफ़ल लगने लगेगा!!!

साथियों बात अगर हम माननीय उपराष्ट्रपति द्वारा दिनांक 12 अप्रैल 2022 को एक कार्यक्रम में छात्रों के साथ बातचीत की करें तो पीआईबी के अनुसार उन्होंने भी कहा, आज युवाओं से अपने चुने हुए क्षेत्रों में सफ़ल शख्सियत बनने के लिए सहिष्णुता, धैर्य, अनुशासन, कड़ी मेहनत, अध्ययन और सहानुभूति के गुणों को अपनाने का अनुरोध किया है। उन्होंने इसका उल्लेख किया कि अगर कोई असहिष्णु है तो वह नेता नहीं बन सकता है। उन्होंने कहा कि एक नेता को लोगों के जनादेश को लेकर सहिष्णु होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि एक नेता में योग्यता, क्षमता, अच्छा आचरण और चरित्र होना चाहिए। उन्होंने इस बातचीत में छात्रों को जीवन के बारे में रचनात्मक और सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने की सलाह दी।

उन्होंने आगे कहा, आपको हमेशा जाति, धर्म और क्षेत्र जैसे संकीर्ण विचारों से ऊपर उठना चाहिए और कभी भी अन्य धर्मों का अनादर नहीं करना चाहिए।

अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि सफ़ल शख्सियत की पहचान जीवन में सफ़ल शख्सियत बनने के लिए धैर्य, दृड़ता सहिष्णुता, अनुशासन के गुणों को अपनाने की ज़रूरत है। जीवन में रचनात्मक और सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने संकीर्ण विचारधारा से ऊपर उठकर मानवीय गुणों को अपनाने की ज़रूरत है।

## रुकना तो कायरो का काम है!

चलते जाए चलते जाए,
यही तो जिंदगी का नाम है,
आगे आगे बढ़ते जाए,
रुकना तो कायरों का काम है!
गिर जाए तो खड़े हो जाएं,
जब ही तो सलाम है,
मंजिलों को पाते जाए,
यही जिंदगी का अंजाम है!
हौसलो की बुलंदियों को छूते जाए,
नहीं करना आराम है,
सफलताओं को पाते जाए,
यही सच्चा प्रमाण है!
खुशियां हर पल की मनाते जाए,
यही जिंदगी का सम्मान है,
जगती आंखों से सपने पूरे करते जाए, वही तो सच्चा इंसान है!
सीख कर जो ना सिखाएं,
बेकार का अभिमान है,
सीखते और सिखाते जाए,
फिर तो वह महान है!
जिंदगी में उतारते जाए,
वही तो सच्चा ज्ञान है,
ऊर्जा का सही उपयोग करते जाए,
यही तो सही पहचान है!
परिश्रम करके कमाई करते जाए,
फिर ही तो हममैं ईमान है,
इस जिंदगी की सही कीमत को समझते जाए, यह जिंदगी तो ऊपर वाले का एहसान है!
सकारात्मक सोच को अपनाते जाए,
हम क्यों इतने परेशान है,
खुद पर भरोसा करते जाए,
कामयाबी से भरा यह जहान है!
खुद पर भरोसा करते जाए,
कामयाबी से भरा यह जहान है!

## शार्ट न्यूज

### बहन का प्रेम प्रसंग भाई को नहीं आया रास, कुल्हाड़ी से की हत्या

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में 'आनर किलिंग' के एक मामले में भाई ने अपनी बहन के प्रेम प्रसंग से नाराज होकर उसकी सरेआम कुल्हाड़ी से काट नृशंस हत्या कर दी। आरोप है कि उसके पिता ने भी बेटी की हत्या करने में बेटे का साथ दिया। पुलिस ने बुधवार को बताया कि यह मामला जिले के थाना भोजपुर स्थित रानी नांगल गांव का है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव की होनहार छात्रा की निर्ममतापूर्वक की गई हत्या किये जाने की सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर शव को बरामद किया। पुलिस ने इस मामले में मृतका के पिता और भाई को हिरासत में ले लिया। गांव के निवासी सुभाष कश्यप की बेटी 17 वर्षीय बेटी का गांव के ही एक युवक से करीब एक साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती के परिजन सजातीय परिवार में शादी करने की जिद्द पर अड़े हुए थे। पुलिस ने बताया कि युवती मंगलवार को ही देर रात किसी समय प्रेमी के घर चली गई थी। इससे नाराज होकर युवती के माता पिता युवक के घर पहुंचे लेकिन बेटी ने लौटने से इंकार कर दिया। उसी समय युवती का भाई भी वहां पहुंच गया और उसने पिता का इशारा पाकर कुल्हाड़ी लेकर बहन पर ताबड़तोड़ प्रहार कर दिया, जिससे उसकी गर्दन कट गई और अधिक खून बहने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात की जानकारी मिलने पर घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने युवती के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मुरादाबाद भेज दिया।

### गोंडा में सड़क हादसे में तीन मरे

**गोंडा।** उत्तर प्रदेश में गोण्डा जिले के मोतीगंज क्षेत्र में बुधवार को हुई सड़क दुर्घटना में एक ही गांव के तीन बाइक सवार युवकों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मोतीगंज थाना क्षेत्र के नई बस्ती इमिलिया गांव निवासी तीन युवक मेहनत मजदूरी के सिलसिले में बाइक से अपने घर से निकले थे। वे फरेंदा सुहास पेट्रोल पंप के पास पहुंचे थे कि गोंडा की तरफ से आ रही एक बोलेरो कार ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। इस बीच तीनों घायल युवक मनकापुर की तरफ से गोंडा की ओर जा रही रोडवेज बस की चपेट में आ गए। उन्होने बताया कि हादसे में अरुण कुमार (20) की मौके पर मौत हो गई जबकि घायल प्रदीप कुमार और सदानंद की इलाज के लिए गोंडा ले जाते समय मौत हो गई।

### सरकारी वकीलों को सचिवालय बुलाकर साक्षात्कार लेने पर हाइकोर्ट सख्त

लखनऊ। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार की पैरवी कर रहे सरकारी वकीलों को सचिवालय में एलआर आफिस बुला कर उनकी योग्यता का साक्षात्कार लिए जाने के मामले में बुधवार को नाराजगी जतायी है। न्यायमूर्ति देवेन्द्र उपाध्याय एवं न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की पीठ ने इस मामले में सख्त रुख अपनाते हुए सरकार के मुख्य स्थाई अधिवक्ता को अदालत में बुलाकर पूछा कि किस आधार पर सरकारी वकीलों को साक्षात्कार के लिये बुलाया जा रहा है। अदालत ने कहा कि सरकार इस मामले में स्वयं उचित निर्णय ले। अवध बार एसोसिएशन के महासचिव अमरेन्द्र नाथ त्रिपाठी ने अखबारों में प्रकाशित समाचार के आधार पर अदालत को बताया कि राज्य सरकार के अधिवक्ता भी अवध बार के सम्मानित सदस्य हैं। उनको एल आर कार्यालय बुलाकर साक्षात्कार लेना गरिमा के खिलाफ है। इस आधार पर अदालत ने मुख्य स्थाई अधिवक्ता को बुलाकर सुझाव दिया कि कोई काम गरिमा व सम्मान के खिलाफ न किया जाय जिससे न्याय व्यवस्था पर कोई आंच आये । हालांकि अदालत ने सीएससी व सरकार दोनों का सम्मान रखते हुए उचित निर्णय लेने का सुझाव दिया।

### बहराइच में तेंदुये ने किया युवक पर हमला

बहराइच। उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग क्षेत्र में शौच के लिये गये एक युवक पर तेंदुये ने हमला कर दिया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विभागीय सूत्रों के अनुसार कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के कतर्निया रेंज अंतर्गत ग्राम चाहलवा निषाद नगर निवासी सुग्रीव (18) बुधवार को सुबह नित्यक्रिया के लिए खेत को गया था। खेत पहुंचते ही झाड़ियों में पहले से मौजूद तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया। कुछ दूरी पर खेतों में काम कर रहे लोगों ने सुग्रीव की चीख पुकार सुनकर शोर मचाना शुरू किया, इस पर तेंदुआ जंगल की ओर चला गया। उन्होने बताया कि घायल युवक को पीएचसी सुजौली पहुंचाकर भर्ती कराया गया। यहां हालत गंभीर होने पर सीएचसी मोतीपुर रेफर कर दिया गया है। ग्रामीणों ने तेंदुए के हमले की जानकारी रेंज कार्यालय पर दी। डीएफओ आकाशदीप वधावन ने बताया कि तेंदुए के हमले में युवक घायल हुआ है। ग्राम प्रधान प्रीतम निषाद ने निरंतर हो रहे तेंदुए के हमले से बचाव के लिए वन विभाग से ठोस कदम उठाए जाने की मांग की है।

### देवरिया में भू-माफियाओं को संरक्षण देने के आरोप में तीन लेखपाल निलम्बित

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में भू-माफियाओं को संरक्षण देने तथा सरकारी भूमि से अवैध रूप से बोई गई गेंहू की फसल की कटाई करवाने के आरोप में तीन लेखपालों को निलंबित कर उनके खिलाफ जांच कराई जा रही है। एसडीएम ध्रुव शुक्ला ने बुधवार को 'यूनीवार्ता' को बताया कि बरहज तहसील क्षेत्र में विशुनपुर देवार, परसिया देवार, कपरवार खादर आदि गांवों में करीब 1650 एकड़ जमीनों पर भू-माफियाओं का कब्जा था जिसको मुक्त कराने की प्रक्रिया शुरू है। उन्होंने बताया कि इसी बीच उक्त सरकारी जमीनों पर अवैध रूप से भू-माफियाओं द्वारा गेंहू की फसल को बोने के बाद काट भी लिये थे। भू-माफियाओं से साठगांठ करने और उनको संरक्षण देने के आरोप में तीन लेखपालों शमीम अंसारी, हीरालाल मधुकर और अमित राय को मंगलवार की शाम निलंबित कर उनके खिलाफ जांच कराई जा रही है। गौरतलब है कि राजस्व परिषद के निर्देश बरहज तहसील क्षेत्र के ग्राम विशुनपुर देवार, परसिया देवार, राजपुर, कपरवार खादर औए परसिया कुरह में सैकड़ों एकड़ जमीन को भू- माफियाओं से मुक्त करने चिन्हित करने को गैर सरकारी भूमि से अलग करने के लिए राजा टोडरमल भूलेख एवं प्रशिक्षण संस्थान हरदोई से आई टीम ने ड्रोन पैमाइश कराई गई है। बताया जाता है कि हरदोई से आई टीम के सीमांकन के बाद भी जमीनों को संरक्षित नही किया गया। जिस कारण भू-माफ़ियाओं ने इन जमीनों पर गेहूं की बड़े पैमाने पर बुवाई कराकर गेंहूँ की फसल की कटाई भी करा लिये।

### नाव हादसे पर योगी ने जतायी संवेदना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को जनपद कुशीनगर में एक नाव के नदी में डूबने से तीन महिलाओं की मौत होने पर शोक प्रकट करते हुए जिला प्रशासन को तत्काल मौके पर पहुंचकर बचाव और राहत कार्य करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार योगी ने इस नाव हादसे में हुई जनहानि को अत्यंत दुखद बताते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने हादसे में घायल हुए लोगों का समुचित उपचार कराए जाने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि कुशीनगर में नौ महिला मजदूरों को नदी के उस पार लेकर जा रही नाव के डूबने के कारण तीन महिलाओं की मौत हो गयी और नाविक एवं छह महिलाओं को बचा लिया गया। ये महिला मजदूर गेहूं की फसल काटने के लिये नाव पर सवार होकर नदी के उस पार जा रही थीं।

### दफ्तरों में लेटलतीफी पर होगी सख्त कार्रवाई

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरकारी कर्मचारियों एवं अधिकारियों को दफ्तर में देर से पहुंचने और काम में लापरवाही बरतने को कतई बर्दाश्त नहीं करने की ताकीद करते हुए निर्देश दिया है कि लेटलतीफ कर्मचारियों के खिलाफ सख्ती बरती जाये। योगी ने बुधवार को कोरोना प्रबंधन की नियमित समीक्षा बैठक में स्पष्ट निर्देश दिया कि शासकीय कार्यालयों में हर अधिकारी और कर्मचारी की समय से उपस्थिति सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि किसी भी कर्मचारी की लेटलतीफी कतई स्वीकार नहीं की जाएगी।

# यूपी में कोरोना के मामले खात्मे के करीब : पाठक

लखनऊ। देश में कोरोना की चौथी लहर की संभावनाओं के बीच उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दावा किया कि योगी सरकार के कुशल प्रबंधन से प्रदेश में कोरोना के मामले खत्म होने के करीब हैं।

पाठक ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि लोगों का स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता में है। योगी सरकार ने कोरोना का बेहतरीन प्रबंधन किया और इसके लिए प्रदेश को दुनियाभर में वाहवाही मिली। आज सभी 75 जिलों में आरटीपीसीआर जांच के लिए बीएसएल-2 प्रयोगशाला हैं। प्रदेश में अबतक 10 करोड़ 94 लाख कोरोना टेस्ट हो चुके हैं। कोरोना के एक्टिव केस 300 से कम रह गए हैं।

उन्होने कहा कि अब तक 30.5 करोड़ कोरोना के टीके की डोज लगाई जा चुकी है, जो देश में सर्वाधिक है। योगी सरकार के बेहतरीन प्रबंधन का नतीजा है कि आज उत्तर प्रदेश में कोरोना के मामले खत्म होने के करीब है, जबकि विश्व के कई देश अभी भी इससे जूझ



रहे हैं। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना गरीब लोगों के लिए काफी फायदेमंद साबित हो रही है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि टीकाकरण को गति देने के लिए क्लस्टर माडल अपनाया गया। इसके अलावा ई-संजीवनी पोर्टल बनाया गया, जिसके माध्यम से कोरोना महामारी के दौरान लोगों को घर बैठे डाक्टरों से परामर्श मिला। आक्सीजन के लिए बहुत बेहतर इंतजाम किए हैं। वर्तमान में प्रदेश में 559 आक्सीजन जनरेशन प्लांट हैं।

उन्होने कहा कि सरकार संचारी रोग के खात्मे के लिए बहुत बेहतर काम कर रही है। 2030 तक मलेरिया से प्रदेश को मुक्त करने की दिशा में काम हो रहा है।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू किया जा चुका है। इसके तहत मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया आदि बीमारियों को नियंत्रित करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए विभिन्न विभागों से समन्वय किया गया है। इसके तहत 15 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा।

### 14 साल बाद पत्नी की हत्या से बरी हुए डॉक्टर

**गोरखपुर।** 14 साल पहले अपनी दूसरी पत्नी की हत्या में जेल गए डॉक्टर बीएन दास को हाईकोर्ट ने बरी कर दिया है। निचली अदालत से डॉ. दास को उम्र कैद की सजा मिली थी जिसके खिलाफ उन्होंने हाईकोर्ट में अपील की थी। हाईकोर्ट के ऑर्डर की कॉपी मिलते ही गोरखपुर जेल से उन्हें रिहा कर दिया जाएगा। फिलहाल 14 साल जेल में रहे डॉ. दास बीमार कैदियों के इलाज में जेल के डॉक्टर की मदद करते रहे।

## मेरठ के इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में छात्र की हत्या

मेरठ। उत्तर प्रदेश के मेरठ में एक इंजीनियरिंग कॉलेज में बुधवार सुबह छात्रों के दो गुटों में हुए खूनी संघर्ष में बीटेक के एक छात्र की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई। इस मामले में पुलिस ने पांच छात्रों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि मेरठ बागपत बाईपास स्थित एमआईटी कॉलेज में छात्रों के दो गुटों में आज सुबह वर्चस्व को लेकर संघर्ष हो गया है।

हमलावरों ने बीटेक मैकेनिकल द्वितीय वर्ष के छात्र बागपत के गांव शिकेहपुर थाना बड़ौत निवासी 23 वर्षीय निखिल चौधरी को चाकुओं से गोद डाला।

उस पर करीब दो दर्जन वार किये गये। लहुलुहान हालत में निखिल को पास के सुभारती अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस अधीक्षक देहात केशव कुमार ने बताया कि इस मामले के मुख्य आरोपी छात्र अभिषेक शर्मा समेत पांच छात्रों को गिरफ्तार किया गया है। हत्या में इस्तेमाल किया गया चाकू बरामद कर लिया गया। साथ ही पकड़े गये छात्रों से पूछताछ की जा रही है।

## नये सिरे से बनाया जायेगा खाद्य प्रसंस्करण नीति को सुविधाजनक

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि राज्य में उद्योगों एवं व्यापारियों की समस्याओं के निदान के लिए शीघ्र ही सिंगल विंडो सिस्टम शुरू करने के अलावा नये सिरे से खाद्य प्रसंस्करण नीति 2022 बनेगी, जिससे अधिक से अधिक उद्यमी, किसान और उपभोक्ता लाभान्वित होंगे।

मौर्य ने बुधवार को यहां भारतीय कोल्ड स्टोरेज संघ के राष्ट्रीय सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि शीतगृह स्वामी ग्रामसभा स्तर पर इस प्रकार छोटी-छोटी व्यवस्था करें जिससे किसानों के फल और सब्जी की रक्षा हो सके। उन्होंने




कहा कि अभी भी एक लाख करोड़ रुपये की ऐसी कृषि उपज है, जो कोल्ड चेन की व्यापक उपलब्धता और प्रोसेसिंग के अभाव में खेतों में बर्बाद हो रही है। इसे रोका जाना जरूरी है। यह पैसा किसानों को मिलेगा तो प्रदेश और देश की अर्थव्यवस्था समृद्ध होगी।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि अब प्रदेश में सुरक्षा, विकास, संसाधन और इंफ्रास्ट्रक्चर की दृष्टि से उद्योगों के लिए अच्छा माहौल है।

उन्होंने वेयरहाऊसिंग विकास एवं नियामक प्राधिकरण (डब्लूडीआरए) में पंजीकरण का प्रावधान होने के बावजूद शीतगृहों के पंजीकरण न होने पर चिंता जताई और कहा कि इस समस्या को भी सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से दूर किया जायेगा। इस मौके पर संगठन के अध्यक्ष राजेश गोयल और संयोजक अरविंद अग्रवाल ने उपमुख्यमंत्री को शीत गृह उद्योग से जुड़ी छह सूत्री मांगों का एक ज्ञापन सौंपा। इस पर मौर्य ने कहा कि संगठन के पदाधिकारी प्रतिनिधिमंडल के साथ लखनऊ आयें, वहां अधिकारियों के साथ बैठक कर उनकी हर समस्या का त्वरित समाधान कराया जायेगा।

सम्मेलन के दूसरे दिन उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उड़ीसा, हरियाणा, महाराष्ट्र, बिहार, गुजरात सहित अन्य राज्यों ने आलू सहित अन्य उत्पादों के भंडारण की स्थिति की रिपोर्ट प्रस्तुत की। पंश्चिम बंगाल के प्रतिनिधि राजेश बंसल ने बताया कि उनके राज्य में आलू का भंडारण 77 फीसदी है। इसमें 25 फीसदी आलू अन्य राज्यों से लाकर रखा गया है।

## गैर कानूनी नर्सिंग कॉलेजों को चिन्हित कर एफआईआर दर्ज करें : सीएम योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में नियमविरुद्ध तरीके से संचालित हो रहे नर्सिंग कॉलेजों को चिन्हित कर इनके संचालकों के खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

योगी ने बुधवार को कोविड प्रबंधन की नियमित बैठक के दौरान चिकित्सा शिक्षा विभाग को नर्सिंग कॉलेज की मान्यता संबंधी मानकों का पालन किये बिना संचालित हो रहे संस्थानों की तत्काल प्रभाव से पहचान कर कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने कहा कि बिना मान्यता के शिक्षण संस्थान का



संचालन युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना है।

राज्य में अवैध नर्सिंग कॉलेजों के संचालन की लगातार बढ़ती शिकायतों के मद्देनजर योगी ने कहा कि ऐसी हर जानकारी या शिकायत को पूरी गंभीरता से लेते हुए तत्परता से कार्रवाई की जाये।

बैठक में योगी ने जनसामान्य की शिकायतों के निस्तारण हेतु प्रत्येक सरकारी कार्यालय में सिटीजन चार्टर लागू करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आमजन की शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेकर उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाये। मुख्यमंत्री ने इसके लिये हर कार्यालय में सिटीजन चार्टर को प्रभावी रूप से लागू करने की जरूरत पर भी बल दिया।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी कार्यालय में कोई फाइल तीन दिन से अधिक लंबित न रहे। देरी होने पर जवाबदेही तय की जाए।

## सीमावर्ती जिलों में कोरोना संक्रमण पर पैनी नजर रखने के योगी ने दिये निर्देश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली (एनसीआर) एवं अन्य राज्यों में कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में विशेष निगरानी करने के साथ ऐहतियात बरतने के निर्देश दिये हैं।

कोरोना प्रबंधन को लेकर दैनिक समीक्षा बैठक में बुधवार को योगी ने स्थिति पर पैनी नजर रखने के निर्देश देते हुए प्रदेश में टीकाकरण अभियान की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा, प्रदेशवासियों को कोविड टीके का सुरक्षा चक्र उपलब्ध कराने का हमारा महत्वपूर्ण अभियान सफलतापूर्वक चल रहा है। इस अभियान में 30 करोड़ 56 लाख से अधिक लोगों को टीके की पहली डोज लग चुकी है, जबकि 85.63त्न लोगों को दोनों खुराक मिल चुकी है।

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि 12 से 14 और 15 से 17 आयु वर्ग के टीकाकरण की प्रगति भी संतोषप्रद है। मुख्यमंत्री ने इस आयु वर्ग के लोगों के टीकाकरण को और तेज किये जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती कुछ राज्यों में कोविड के केस बढ़ रहे हैं, ऐसे में सीमावर्ती जनपदों में विशेष सतर्कता बरती जाये।

योगी ने कहा, कोविड से बचाव की हमारी ट्रेसिंग, टेस्टिंग, ट्रीटमेंट और टीकाकरण की नीति आशातीत सफलता देने वाली रही है। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में इस समय कोरोना के कुल सक्रिय मरीज 307 हैं। इनमें से 293 लोग घर पर ही स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। विगत 24 घंटों में 1,24,673 कोरोना टेस्ट किये गये, जिसमें 55 नए कोरोना मरीजों की पुष्टि हुई। इसी अवधि में 37 लोग उपचारित होकर कोरोना मुक्त भी हुये। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में पॉजिटिविटी दर 0.05 प्रतिशत है और यह एक अच्छा संकेत है, इसलिये सतर्कता बनाए रखी जाये।

## गंडक नदी में मजदूरों से भरी नाव पलटी, दस डूबे, तीन की मौत

एजेंसी

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में बुधवार को सुबह गंडक नदी में महिला मजदूरों से भरी एक नाव पलटने के कारण उसमें सवार नौ महिलाओं समेत 10 लोग डूब गये। इनमें से सात को बचा लिया गया जबकि तीन अन्य की मौत हो गयी।

पुलिस ने बताया कि इस घटना की सूचना मिलने पर राहत एवं बचाव कार्य के लिये तत्काल पुलिस टीम को रवाना किया गया।

इस बीच मछुआरों ने सात लोगों को नदी से सुरक्षित निकाल लिया, जबकि तीन महिलाओं कोई पता नहीं चला। बाद में पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों के साथ एक घंटे की कड़ी के मशक्कत के बाद तीनों महिलाओं के शव बरामद कर लिये।

स्थानीय लोगों ने बताया कि नाव पर सवार होकर महिला मजदूर नदी के उस पार गेहूं की कटाई करने जा रहीं थीं। घटना की जानकारी मिलने पर जिलाधिकारी एस राजलिंगम, एसपी सचिन्द्र पटेल, विधायक विवेकानंद पाण्डेय ने घटनास्थल पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। गांव के लोगों ने बताया कि मृतकों में दो महिलायें एक ही परिवार की सदस्य थीं। पुलिस ने मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिये हैं।

### रोडवेज बस का सफर हुआ महंगा, कानपुर, लखनऊ से दिल्ली तक बढ़े रुपये

कानपुर। डीजल-पेट्रोल और टोल पर पड़ी महंगाई की मार के बीच रोडवेज प्रबंधन ने भी यात्रियों को झटका दिया है। यात्री भाड़ा में तत्काल प्रभाव से बढ़ोतरी कर दी गई है। कानपुर से दिल्ली, लखनऊ, आगरा सहित सभी उन रास्तों का किराया बढ़ गया है, जहां पर जाने के लिए टोल वहन करना पड़ता है। कंडक्टरों को फौरी तौर पर बढ़े किराए की सूची दे दी गई है। रोडवेज के सेवा प्रबंधक तुलाराम का कहना है कि टोल में बढ़ोतरी की वजह से यात्री किराये में वृद्धि की गई है। रोडवेज अफसरों ने बताया कि किराए में एक से लेकर 20 रुपये तक बढ़े हैं।

### आसाराम केस : पीड़िता के पिता को जानलेवा धमकी मिलने के बाद परिवार की बढ़ाई गई सुरक्षा

शाहजहांपुर। आसाराम दुष्कर्म मामले की पीड़िता के पिता को धमकी भरा पत्र मिलने के बाद परिवार की सुरक्षा और बढ़ा दी गई है। पुलिस अधीक्षक (नगर) संजय कुमार ने बुधवार को बताया कि अभी तक पीड़िता के घर पर दो पुलिसकर्मी तैनात रहते थे, परंतु चुनाव के चलते एक पुलिसकर्मी को हटा दिया गया था परंतु अब वहां पर सुरक्षा बढ़ाते हुए तीन पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिसकर्मियों को सख्त हिदायत दी गई है कि वह आने जाने वालों का ब्योरा रखें तथा उन पर नजर भी रखें। गोंडा में आसाराम के आश्रम में एक लड़की का शव मिलने के बाद यहां रह रहे आसाराम दुष्कर्म पीड़िता के पिता ने अपनी व अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंता जाहिर की थी। उनके घर पर 21 मार्च को आसाराम के एक अनुयाई द्वारा धमकी भरा पत्र छोड़ा गया था। पीड़िता के पिता ने बताया कि धमकी भरा पत्र मिलने के बाद से उनका पूरा परिवार सदमे में है और घटना वाले दिन ही उन्होंने इस पूरे मामले की लिखित शिकायत कोतवाल में की थी।

## सरकार बना रही कानून के राज का मजाक : मायावती

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश में अपराध नियंत्रण के नाम पर न्यायपालिका को नजरंदाज करने का बुधवार को योगी सरकार पर आरोप लगाया है।

मायावती ने ट्वीट कर कहा, यूपी में भी कानून-व्यवस्था व अपराध नियंत्रण आदि के नाम पर जिस प्रकार से सरकार व पुलिस न्यायपालिका को नज़रअन्दाज़ करके काम कर रही हैं



वह द्वेषपूर्ण ही नहीं बल्कि कानून के राज का मज़ाक है। कानून के राज के लिए मनमानी नहीं बल्कि कानूनी प्रक्रिया के तहत ही सजा सुनिश्चित होनी चाहिए।

गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में योगी सरकार अपराधयों के मन में कानून के प्रति भय पैदा करने के लिये बुलडोजर से अवैध संपत्तियों को ढहाने का अभियान चला रही है। इसका असर पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश में पड़ा है। इसके तहत वहां की शिवराज सरकार भी सामाजिक शांति एवं सौहार्द्र को नुकसान पहुंचाने वालों के ठिकानों पर बुलडोजर का इस्तेमाल कर रही है।

मायावती ने इस तरह की घटनाओं का संदर्भ लेते हुए भाजपा की राज्य सरकारों पर बदले की भावना से कार्रवाई करने का आरोप लगाया। उन्होंने एक अन्य ट्वीट में कहा, पहले राजस्थान तथा फिर उसके बाद खासकर मध्यप्रदेश व गुजरात आदि राज्यों में जिस प्रकार से शान्ति एवं सौहार्द बिगाड़ने वाली हिंसक घटनाएं हुई हैं और जिसके बाद सरकार द्वारा प्रथमदृष्ट्या बदले की कार्रवाई की गई है वह सही कदम नहीं। क्या इसी प्रकार के उदाहरणों से 'नया भारत' बनेगा?

## कानपुर में 15000 नींबू की लूट, रखवाली के लिए बगीचों में अब लठैतों का पहरा

कानपुर। ठेलों पर मारा-मारा फिरने वाला अदना सा नींबू इन दिनों बेशकीमती हो गया है। सेब, आम, तरबूज, खरबूजा, कीवी, अंगूर जैसे फलों ने भी कीमत के मामले में नींबू के आगे घुटने टेक दिए हैं। हाल यह है कि पहली बार नींबू के लुटेरे पैदा हो गए हैं। बिठूर के बाग से लुटेरों ने 15000 नींबू लूट लिए। इसके बाद रात-रात भर नींबू के बाग में लठैत पहरा दे रहे हैं। नींबू लूट की तहरीर पुलिस को दी गई है।

चौबेपुर, बिठूर कटरी, मंधना, परियर में करीब 2000 बीघा जमीन पर नींबू के बगीचे हैं। यह पहली बार है कि नींबू के बगीचों में रखवाली हो रही है। दरअसल नींबू की कीमत दस रुपये का एक या 250 रुपये किलो होते ही लूट शुरू हो गई। गंगा कटरी के बिठूर में लुटेरे बाग से 15 हजार नींबू तोड़ ले गए।

बिठूर कटरी में नींबू उगाने वाले राम



नरेश, चिरंजू, चौभी निषाद, जगरूप, जारी पोखर बगीचा केयर टेकर राजेंद्र पाल ने बताया अब नींबू के बगीचे में दिन रात रखवाली करनी पड़ रही है। यह पहली बार है कि नींबू लूटा जा रहा है। बगीचा मालिकों ने नींबू की रखवाली के लिए कर्मचारी रखे हैं।

### नींबू लूट की शिकायत, बाग में बनाया बसेरा

शिवदीन पुरवा के अभिषेक निषाद ने बिठूर थाने में नींबू लूट की एफआईआर लिखाने के लिए तहरीर दी है।

इसके मुताबिक उनके तीन बीघा बगीचे में तीन दिन के अंदर चोर दो हजार नींबू तोड़कर ले गए। परेशान अभिषेक निषाद ने नींबू तैयार होने तक बाग में ही अपना बसेरा बना लिया है। यही नजारा लगभग सभी नींबू बगीचों का है। केयरटेकर एक-एक नींबू की गिनती कर रिकॉर्ड मेनटेन कर रहे हैं।

### मेरठ के इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में छात्र की हत्या

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के मेरठ में एक इंजीनियरिंग कॉलेज में बुधवार सुबह छात्रों के दो गुटों में हुए खूनी संघर्ष में बीटेक के एक छात्र की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई। इस मामले में पुलिस ने पांच छात्रों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मेरठ बागपत बाईपास स्थित एमआईटी कॉलेज में छात्रों के दो गुटों में आज सुबह वर्चस्व को लेकर संघर्ष हो गया है। हमलावरों ने बीटेक मैकेनिकल द्वितीय वर्ष के छात्र बागपत के गांव शिकेहपुर थाना बड़ौत निवासी 23 वर्षीय निखिल चौधरी को चाकुओं से गोद डाला। उस पर करीब दो दर्जन वार किये गये। लहुलुहान हालत में निखिल को पास के सुभारती अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधीक्षक देहात केशव कुमार ने बताया कि इस मामले के मुख्य आरोपी छात्र अभिषेक शर्मा समेत पांच छात्रों को गिरफ्तार किया गया है। हत्या में इस्तेमाल किया गया चाकू बरामद कर लिया गया।

## कानपुर देहात में ट्रक से भिड़ी पिकअप, तीन किसानों की मौत

अकबरपुर। उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात जिले में अकबरपुर के डेरापुर क्षेत्र में बुधवार को राजमार्ग पर एक पिकअप गाड़ी की ट्रक से जोरदार भिड़ंत में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी है।

पुलिस के अनुसार इटावा-कानपुर राजमार्ग पर देर रात बिहारी गांव के पास सब्जी विक्रेताओं और किसानों को लेकर जा रही एक पिकअप गाड़ी सड़क पर खड़े एक कंटेनर में पीछे से जाकर टकरा गयी। इससे पिकअप में सवार आठ लोगों में से तीन की मौत हो गई जबकि पांच अन्य घायल हो गये। इटावा के गनजियापुर निवासी सब्जी व्यापारी 40 वर्षीय रामजी अपने गांव के ही 30 वर्षीय श्याम व 50 वर्षीय शिवकुमार के संग कानपुर के चकरपुर मंडी से सब्जी लेने जा रहे थे। उनके गांव के श्रमिक भी गाड़ी में सवार थे। सभी लोग पिकअप से सवार होकर मंगलवार रात को निकले थे, तभी रास्ते में डेरापुर के बिहारी गांव के पास सड़क किनारे खड़े कंटेनर में पिकअप पीछे से जाकर टकरा गयी।

इससे तीनों की मौत हो गई जबकि पांच लोग घायल हो गये। डेरापुर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर सभी घायलों को इलाज के लिये जिला अस्पताल भेजा। घायलों में 23 वर्षीय जगवीर, 40 वर्षीय कुंवर सिंह, 35 वर्षीय बृजकिशोर, 40 वर्षीय किशन व 42 वर्षीय महताब हैं। इसमें महताब व किशन की हालत नाजुक होने के कारण इन्हें कानपुर रेफर कर दिया गया।

इस बीच राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानपुर देहात क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में तीन किसानों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से बताया गया कि योगी ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। साथ ही उन्होंने दुर्घटना में घायल हुए लोगों का समुचित उपचार कराये जाने के भी निर्देश दिये हैं।

## शार्ट न्यूज

### एमजीएल ने मुंबई में सीएनजी, पीएनजी के दाम बढ़ाएं



**मुंबई।** महानगर गैस लिमिटेड (एमजीएल) ने मुंबई में कंप्रेस्ड नैचुरल गैस (सीएनजी) और पाइप्ड नैचुरल गैस (पीएनजी) के दामों में अप्रैल माह में दूसरी बार इजाफा करते हुए इनकी कीमत क्रमश: पांच रुपये प्रति किलोग्राम और साढ़े चार रुपये प्रति मानक घन मीटर बढ़ा दी है। देश की वित्तीय राजधानी में दामों में वृद्धि के बाद सीएनजी की कीमत 72 रुपये प्रति किलो और पीएनजी की कीमत 45.50 रुपये प्रति मानक घन मीटर (एससीएम) हो गयी है। कंपनी के अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि यह बढ़ोतरी मंगलवार मध्य रात्रि से लागू हो गयी है। एमजीएल ने इससे पहले 06 अप्रैल को सीएनजी और पीएनजी की कीमतों में वृद्धि की थी। उस वक्त मुंबई में सीएनजी की कीमत सात रुपये प्रति किलो और पीएनजी की कीमत पांच रुपये प्रति एससीएम बढ़ी थी। कंपनी ने हालांकि गत 31 मार्च को राहत प्रदान करते हुए सीएनजी के दाम सात रुपये प्रति किलो और पीएनजी के दाम साढ़े तीन रुपये प्रति एससीएम घटाये थे।

### शक्कर सस्ती, खाद्य तेल मजबूत, दलहनों में नरमी, दाल, चावल सामान्य

इंदौर। सियागंज किराना बाजार में शक्कर नीची बिकी। खाद्य तेल मजबूत बताए गए। आज सोयाबीन रिफाइंड बढ़कर बिका। दलहन गिरावट लिए रहे। आज चना सस्ता बिका। दालों में ग्राहकी सुधार से भाव ऊंचे बोले गए। चावल में मांग रही। शक्कर में पूछपरख सुस्त रही। आज शक्कर में कामकाज 3580 से 3620 रुपये के स्तर पर चला। शक्कर में 08 गाड़ी आवक हुई। नारियल में लिवाली घटने से गिरावट दर्ज की गई। खोपरा गोला तथा हल्दी में उठाव रहा। साबूदाना में खरीदी बताई गई। खाद्य तेल में तेजी दर्ज की गई। आज सोयाबीन रिफाइंड मजबूत बताया गया। तिलहन में सोयाबीन में प्लान्टो की लिवाली रही। सरसों में कामकाज बना रहा। स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में दलहन गिरावट लिए रहे। चना घटकर बिका। आज दालों में लिवाली से भाव ऊंचे बोले गए। चावल में पूछपरख सुधार लिए रही।

### मार्च में कार बिक्री 12.07 प्रतिशत घटी

नई दिल्ली। वैश्विक स्तर पर सेमीकंडक्टर चिप की कमी से उत्पादन प्रभावित होने के कारण मांग रहने के बावजूद इस वर्ष मार्च में यात्री कारों की बिक्री पिछले वर्ष की समान अवधि के 156985 इकाई के मुकाबले 12.07 प्रतिशत घटकर 138031 इकाई पर आ गई। ऑटोमोबाइल कंपनियों के संगठन सियाम की बुधवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि मार्च 2022 में घरेलू बाजार में 138031 कारें बेची गई, जो मार्च 2021 के 156985 इकाई के मुकाबले 12.07 प्रतिशत कम है। इस अवधि में यात्री वाहनों की बिक्री 290939 इकाई से 3.93 प्रतिशत कम होकर 279501 इकाई पर आ गई। वहीं, यूटिलिटीज वाहनों की बिक्री 122350 इकाई से बढ़कर 132032 इकाई जबकि वैन की बिक्री 11604 इकाई से कम होकर 9438 इकाई पर रही। इस दौरान तिपहिया वाहनों की कुल बिक्री में मामूली गिरावट देखी गई और यह 32310 इकाई से कम होकर 32088 इकाई रही। यात्री तिपहया वाहनों की बिक्री 21773 इकाई से बढ़कर 23011 इकाई जबकि गुड्स कैरियर 10531 से गिरकर 9077 इकाई रह गई। वहीं, दुपहिया वाहनों की कुल बिक्री में 20.88 प्रतिशत की भारी गिरावट रही और यह 1496806 इकाई से घटकर 1184210 इकाई पर आ गई। इस दौरान स्कूटर की बिक्री 458122 इकाई से 21.2 प्रतिशत कम होकर 360082 इकाई, मोटरसाइकिल की बिक्री 993996 इकाई से 20.88 प्रतिशत गिरकर 786479 इकाई और मोपेड की बिक्री 44688 से 15.75 प्रतिशत घटकर 37649 इकाई पर आ गई। आलोच्य अवधि में क्वाड्रीसाइकिल की बिक्री सात से बढ़कर 49 इकाई पर पहुंच गया। इस तरह इस अवधि में सभी श्रेणी के वाहनों की कुल बिक्री में 17.81 प्रतिशत की बड़ी गिरावट रही और यह 1820062 इकाई से कम होकर 1495848 इकाई रह गई।

### राकेश झुनझुनवाला ने रियल एस्टेट कंपनी में बेची हिस्सेदारी, लगाया था इतने शेयर का दांव

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार में बिग बुल के नाम से मशहूर निवेशक राकेश झुनझुनवाला ने मार्च तिमाही के दौरान अपने पोर्टफोलियो में बड़ा बदलाव किया है। झुनझुनवाला ने मार्च तिमाही में इंडियाबुल्स रियल एस्टेट में अपनी हिस्सेदारी बेची है। दिसंबर तिमाही तक झुनझुनवाला के पास इंडियाबुल्स रियल एस्टेट में 1.10 फीसदी हिस्सेदारी या 50,00,000 शेयर थे। 12 अप्रैल तक मिली जानकारी के मुताबिक इंडियाबुल्स रियल एस्टेट के शेयरहोल्डिंग स्ट्रक्चर में राकेश झुनझुनवाला का नाम गायब है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि जनवरी-मार्च की अवधि के दौरान झुनझुनवाला ने कंपनी में अपनी पूरी हिस्सेदारी बेची है या उनकी हिस्सेदारी 1 फीसदी से नीचे आ गई है। राकेश झुनझुनवाला ने 2021 की जुलाई-सितंबर अवधि के दौरान इंडियाबुल्स में हिस्सेदारी ली थी। दिसंबर तिमाही के दौरान इस निवेश में कोई बदलाव नहीं हुआ। इंडियाबुल्स रियल एस्टेट के शेयर परफॉर्मेंस की बात करें तो 2022 में अब तक 33 फीसदी (वर्ष-दर-तारीख) की गिरावट आ चुकी है। बुधवार को, एनएसई पर इंडियाबुल्स रियल एस्टेट के शेयर मामूली गिरावट के साथ 108.60 रुपए पर थे। राकेश झुनझुनवाला को भारत का वॉरेन बफे भी कहा जाता है। वह अपनी पत्नी रेखा झुनझुनवाला के नाम पर भी निवेश करते हैं। वह एक योग्य चार्टर्ड एकाउंटेंट हैं और एसेट फर्म रेयर एंटरप्राइजेज का प्रबंधन करते हैं। मार्च तिमाही में झुनझुनवाला ने कुछ कंपनियों में मुनाफावसूली भी की है।

### 13 रुपए के शेयर का कमाल, निवेशकों को 2 साल के भीतर दिया 30 गुना ज्यादा रिटर्न

नई दिल्ली। कोरोना काल में कई ऐसी कंपनियां हैं जिन्होंने निवेशकों की किस्मत बदली है। इसी में एक कंपनी Poonawalla Fincorp भी है। साल 2020 के मई माह में इस कंपनी का स्टॉक प्राइस लुढ़क कर 13 रुपए के स्तर तक गया था, जो अब 340 रुपए के स्तर को पार कर चुका है, प्रति शेयर के हिसाब से देखें तो दो साल पहले दांव लगाने वाले निवेशकों को 327 रुपए का फायदा हुआ है। अगर किसी निवेशक ने Poonawalla Fincorp में 13 रुपए के शेयर भाव पर एक लाख रुपए का दांव लगाया होगा, तो दो साल में उसकी कुल रकम 26 लाख रुपए के करीब हो गई है। बुधवार के कारोबारी सत्र में बीएसई इंडेक्स पर पूनावाला फिनकॉर्प का स्टॉक 6 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 343 रुपए पर पहुंच गया, जो 52-सप्ताह का हाई लेवल है। मल्टीबैगर स्टॉक पिछले एक महीने में लगभग 40 फीसदी उछला है जबकि अकेले छह महीने की अवधि में इसने 105 फीसदी से अधिक की छलांग लगाई है। बीते वित्त वर्ष की आखिरी तिमाही में पूनावाला फिनकॉर्प के परफॉर्मेंस में तेजी आई है। ये नॉन बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी है। बता दें कि पूनावाला फिनकॉर्प, जिसे पहले मैग्मा फिनकॉर्प के नाम से जाना जाता था, गैर-बैंकिंग वित्त कंपनी (एनबीएफसी) है। इसके चेयरमैन अदार पूनावाला हैं। मैग्मा ने जुलाई में घोषणा की थी कि उसने अपना नाम बदलकर पूनावाला फिनकॉर्प लिमिटेड कर लिया है। ये बदलाव अदार पूनावाला के नेतृत्व वाली राइजिंग सन होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा नियंत्रित हिस्सेदारी के अधिग्रहण के बाद हुआ है।

### सोने-चांदी की कीमतों में बड़ा बदलाव

**नई दिल्ली।** शादियों के सीजन शुरू होते ही सोने-चांदी के भाव में आज तगड़ा उछाल देखने को मिल रहा है। बता दें भारी मांग के कारणों में शादियों और त्योहारों में आभूषणों की खरीद का 65-70 प्रतिशत का योगदान होता है। अभी शादियों का सीजन शुरू ही हुआ है कि भाव अब आसमान छूने लगे। बुधवार को को सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट शुद्ध सोना 53000 के पार खुला। वहीं चांदी भी अब 69000 के पार पहुंच गई है। हालांकि, सोना अपने ऑल टाइम हाई 56254 रुपये से केवल 3087 रुपये प्रति 10 ग्राम ही सस्ता रह गया है। जबकि, चांदी दो साल पहले के अपने उच्चतम रेट से 6975 रुपये प्रति किलो ही सस्ती है।

# घरेलू अर्थव्यवस्था पर मुद्रास्फीति का दबाव बढ़ा, मांग की नरमी से औद्योगिक वृद्धि पर असर

**नयी दिल्ली।** भू-राजनैतिक संकट से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला की अड़चनें बढ़ने के बीच निवेशकों की चिंता बढ़ाते हुए मंगलवार को भारत में जारी त्वरित आंकड़ों के अनुसार खुदरा मुद्रास्फीति मार्च 2022 में उछलकर 6.95 पर पहुंच गयी, जबकि ताजा आंकड़ों में भारतीय अर्थव्यवस्था में उपभोक्ता मांग की नर्मी बरकरार रहने के संकेत हैं।

आज ही जारी औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) आधारित औद्योगिक वृद्धि के आंकड़ों के अनुसार फरवरी में औद्योगिक वृद्धि बाजार को निराश करते हुए 1.7 प्रतिशत दर्ज की गयी। बाजार ने इसके 03 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। आंकड़ों के अनुसार फरवरी में गैर टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं के उत्पादन में तीव्र गिरावट से कुल औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर प्रभावित हुयी।

खाद्य वस्तुओं के महंगा होने के साथ खुदरा मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति मार्च 2022 में बढ़कर 6.95 प्रतिशत पर पहुंच गयी। सरकारी आंकड़ों के अनुसार मार्च में खाद्य मुद्रास्फीति उछलकर 7.68 प्रतिशत हो गयी।

इससे पहले फरवरी 2022 में मुद्रास्फीति 6.07 प्रतिशत और खाद्य मुद्रास्फीति 5.85 प्रतिशत थी।

खुदरा मुद्रास्फीति का दबाव बढ़ने और इसके लगातार तीन महीने से रिजर्व बैंक की लक्षित छह प्रतिशत की सीमा से ऊपर होने से निवेशकों की चिंता बढ़ सकती है। मुद्रास्फीति का दबाव बढ़ने से रिर्जव बैंक के लिए कर्ज सस्ता रखने की नीति को बनाए रखना अधिक चुनौतिपूर्ण हो गया है।

खुदरा मूल्य सूचकांक में शामिल वस्तुओं में खाद्य वस्तुओं की कीमतों का भारांक करीब-करीब आधा है। यूक्रेन-रूस युद्ध के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित होने से अनाज और खाद्य तेल के दाम बढ़ गए हैं तथा अन्य जिंसों, रसायनिक खाद



और कच्चे तेल के दामों में उछाल से भी खाद्य कीमतें प्रभावित हो रही हैं। यूक्रेन गेहूँ और सूरजमुखी जैसे कृषि उत्पादों का बड़ा निर्यातक है। दक्षिण पूर्वी एशिया से आनेवाले पाम ऑयल की कीमतें इस वर्ष 50 प्रतिशत तक बढ़ चुकी हैं।

भारत खनिज तेलों के अलावा खाद्य तेल के लिए भी आयात बहुत अधिक निर्भर है।

नाइटफ्रैंक इंडिया के निदेशक अनुसंधान विवेक राठी ने कहा कि मुद्रास्फीति का दबाव खाद्य और ईंधन दोनों की महंगाई के कारण है। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति का दबाव बने रहने से मजदूरी की लागत भी बढ़ने के आसार हैं।

औद्योगिक उत्पादन सूचकांक(आईआईपी) के त्वरित अनुमानों के अनुसार खनन और बिजली क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन से फरवरी 2022 में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर 1.7 प्रतिशत रही जबकि पिछले वर्ष इसी माह में 3.2 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी थी।

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी आईआईपी के आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष के 11 महीने (अप्रैल-फरवरी 2021-22) के दौरान वृद्धि दर 12.5 प्रतिशत रही है जबकि वर्ष 2020-21 की इसी अवधि में उत्पादन में 11.1 प्रतिशत संकुचन हुआ था।

फरवरी 2022 में खनन क्षेत्र का उत्पादन सलाना आधार पर 4.5 प्रतिशत बढ़ा जबकि पिछले साल फरवरी में इसमें 4.4 प्रतिशत की गिरावट आयी थी। विनिर्माण क्षेत्र में फरवरी 2022 में उत्पादन वृद्धि 0.8 प्रतिशत रही।

जबकि पिछले साल फरवरी में विनिर्माण उद्योगों का उत्पादन 3.4 प्रतिशत घटा था। इस बार फरवरी में विद्युत उत्पादन 4.5 प्रतिशत बढ़ा जबकि पिछले साल की समान अवधि में विद्युत उत्पादन 0.1 प्रतिशत बढ़ा था।

जनवरी 2022 में आईआईपी के आधार पर औद्योगिक वृद्धि दर 1.5 प्रतिशत और दिसंबर 2021 में 0.7 प्रतिशत थी।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य अर्थशास्त्री निखिल गुप्ता ने कहा कि फरवरी 2022 में औद्योगिक वृद्धि दर बाजार के अनुमान से कम है। बाजार ने इसका तीन प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। अनुमान की तुलना में कम वृद्धि दर का कारण मुख्य रूप से गैर टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं के उत्पादन में तीव्र गिरावट है जो अर्थव्यवस्था में उपभोक्ता की मांग में कमजोरी दर्शाती है। फरवरी 2022 में गैर टिकाऊ उपभोक्त वस्तुओं के उत्पादन में 5.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी है। इसी तरह पूंजीगत वस्तुओं के उत्पादन में भी वृद्धि दर बाजार के 1.5 प्रतिशत के अनुमान की तुलना में 1.1 प्रतिशत रही।

मिलवुड केन इंटरनेशनल मुख्य कार्यकारी अधिकारी निश भट्ट ने कहा कि जनवरी की तुलना में फरवरी के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर में मामूली सुधार है।

# भारत में पंजीकृत 5050 विदेशी कंपनियों में से 66 प्रतिशत सक्रिय : सरकारी आंकड़ें

**नयी दिल्ली।** देश में पंजीकृत 5050 विदेशी कंपनियों में से करीब 66 प्रतिशत यानी 3335 कंपनियां सक्रिय हैं। यह जानकारी कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ने आंकड़ें जारी कर दी।

कंपनी अधिनियम के अनुसार, विदेशी कंपनी कोई भी वह कंपनी या संस्था है जो विदेश से संबंधित है और भारत में उसका व्यापार है या वह देश में व्यापारिक गतिविधियों में शामिल है। अधिनियम की धारा 380(1) के अनुसार, प्रत्येक विदेशी कंपनी को भारत में अपने व्यवसाय स्थापित करने के 30 दिनों के भीतर रजिस्ट्रार को पंजीकरण के लिए आवश्यक दस्तावेज भेजने होते हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक दिल्ली में सबसे अधिक विदेशी कंपनियां है। यहां पंजीकृत 1957 कंपनियों में से 1444 कंपनियां सक्रिय हैं। इसके बाद महाराष्ट्र में सबसे अधिक 1346 विदेशी कंपनियों में से 815 कंपनियां सक्रिय हैं। कर्नाटक में पंजीकृत 462 विदेशी कंपनियों में से 252 और हरियाणा में 450 में से 248 विदेशी कंपनियां सक्रिय हैं।

देश के सबसे ज्यादा आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में 108 विदेशी कंपनियां पंजीकृत हैं, जिनमें से 78 कंपनियां सक्रिय हैं। पश्चिम बंगाल में दर्ज 89 विदेशी कंपनियों में से 59 कंपनियां सक्रिय हैं। केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में एक ही विदेशी कंपनी पंजीकृत है जौकि सक्रिय नहीं है।

तटीय क्षेत्र वाले राज्य गुजरात में 78 विदेशी कंपनियों की उपस्थिति हैं, जिनमें से 52 सक्रिय हैं। तमिलनाडु में 217 विदेशी कंपनियां सक्रिय हैं जबकि पंजीकृत विदेशी कंपनियों की संख्या 335 हैं।

देश में पंजीकृत होने वाली विदेशी कंपनियों की संख्या में कोरोना महामारी के कारण गिरावट दर्ज की गयी है। वित्त वर्ष 2020-21 में दर्ज होने वाली विदेशी कंपनियों की संख्या 78 रही जबकि वर्ष 2019-20 और वर्ष 2018-19 में यह संख्या क्रमश: 124 और 118 थी।

### खाद्य तेलों में घटबढ़, उड़द दाल महंगी

नई दिल्ली 13 अप्रैल (वार्ता) विदेशी बाजारों की गिरावट के दबाव में आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में घटबढ़ रही वहीं उड़द दाल महंगी हो गई।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 110 रिंगिट गिरकर 6780 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.24 सेंट उतरकर 75.19 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान स्थानीय स्तर पर वनस्पति तेल 146 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया जबकि पाम ऑयल 183 रुपये प्रति क्विंटल उतर गया। वहीं, सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल और सोया रिफाइंड के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव स्थिर रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में भी लगभग स्थिरता रही। इस दौरान उड़द दाल 100 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हो गई। वहीं, चना, चना दाल, मसूर दाल, मूंग दाल और अरहर दाल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ।

अनाज : अनाज मंडी में टिकाव रहा। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव स्थिर रहे।

### थर्मैक्स को मिला 522 करोड़ रुपये का ऑर्डर

**नई दिल्ली।** बुधवार को थर्मैक्स के शेयर में जबरदस्त तेजी देखी गई। कंपनी के शेयर 14.33 पर्सेंट की तेजी के साथ 2,282.55 रुपये पर बंद हुए। दरअसल, कंपनी के शेयरों में यह तेजी उस खबर के बाद आई है जिसमें थर्मैक्स ने एक डील की घोषणा की है। मंगलवार को एक्सचेंज फाइलिंग में थर्मैक्स ने बताया था कि उसे राजस्थान, भारत में एक जमीनी रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स के लिए उपयोगिता बॉयलर और संबंधित सिस्टम के लिए 522 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है। इस खबर के बाद आज कंपनी के शेयरों के खरीदार बढ़ गए। कंपनी द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, इस ऑर्डर में 260 TPH हाई प्रेशर यूटिलिटी बॉयलर्स की दो यूनिट्स शामिल हैं। साथ ही थर्मैक्स की पूर्ण स्वामित्व वाली सब्सिडियरी कंपनी थर्मैक्स बैबकॉक एंड विलकॉक्स एनर्जी सॉल्यूशंस (टीबीडब्ल्यूईएस) द्वारा इन्हें डिजाइन और मैन्युफैक्चरिंग भी करने हैं। थर्मैक्स के एमडी और सीईओ आशीष भंडारी ने कहा, नया वित्तीय वर्ष इस ऑर्डर के साथ एक हाई नोट पर शुरू हुआ है, जो एक अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से सुरक्षित है। सप्लाई के दायरे में परियोजना प्रबंधन, इंजीनियरिंग, खरीद, निर्माण, निर्माण और पैकेज की कमीशनिंग शामिल है।

# पेट्रोल-डीजल के दाम लगातार सातवें दिन स्थिर

नयी दिल्ली। देश में तेल विपणन करने वाली कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दामों में लगातार बड़ी बढ़ोतरी करने के बाद पिछले सात दिन से इनमें कोई बदलाव नहीं किया है, जिसके कारण बुधवार को भी पेट्रोल-डीजल की कीमतें स्थिर रहीं।

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की मूल्य अधिसूचना के अनुसार, दिल्ली में पेट्रोल 105.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल 96.67 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। वहीं, मुंबई में पेट्रोल की कीमत 120.51 रुपये प्रति लीटर और डीजल के दाम 104.77 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर हैं।




चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 110.85 रुपये और डीजल की कीमत 100.94 रुपये पर बरकरार है।

कोलकाता में पेट्रोल और डीजल की कीमत क्रमश: 115.12 और 99.83 रुपये है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में उफान पर पहुंची कच्चे तेल की कीमतें 100 डालर प्रति बैरल के आसपास चल रही हैं। लंदन ब्रेंट क्रूड आज 0.09 प्रतिशत चढ़कर 104.73 डालर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 0.04 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 100.64 डालर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें 137 दिनों की स्थिरता के बाद गत 22 मार्च से बढ़नी शुरू हुई हैं। कंपनियों ने पिछले 22 दिनों में 14 बार पेट्रोल और डीजल के दामों में वृद्धि की है। तब से अब तक इनके दामों में करीब 10 रुपये प्रति लीटर की तेजी आयी हैं।

उल्लेखनीय है कि बुधवार लगातार सातवां दिन है, जब कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इससे पहले एक अप्रैल को कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया था।

# तीसरे दिन भी गिरा शेयर बाजार

**मुंबई।** वैश्विक बाजार के मिलेजुले रूख के बीच स्थानीय स्तर पर एचडीएफसी, एचडीएफसी बैंक, मारुति, टीसीएस और रिलायंस जैसी दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार आज लगातार तीसरे दिन भी गिरकर बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 237.44 अंक उतरकर 58,338.93 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 54.65 अंक फिसलकर 17475.65 अंक पर रहा। दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली कंपनियां दबाव में रहीं लेकिन छोटी कंपनियों में लिवाली हुई। इस दौरान मिडकैप जहां 0.21 प्रतिशत टूटकर 24,985.25 अंक पर आ गया वहीं स्मॉलकैप 0.27 प्रतिशत चढ़कर 29,521.60 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई के नौ समूहों में गिरावट जबकि शेष दस में तेजी रही। रियल्टी 0.58, टेक 0.14, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.22, बैंकिंग 0.65, ऑटो 0.85, दूरसंचार 0.59, आईटी 0.11,



वित्त 0.73 और सीडीजीएस समूह के शेयर 0.39 प्रतिशत गिर गए।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में मिलजुला रुख रहा।

इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.08, जर्मनी का डैक्स 0.96 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.82 प्रतिशत की गिरावट पर रहा जबकि जापान के निक्केई 1.93 और हांगकांग का हैंगसैंग 0.26 प्रतिशत की तेजी पर रहा।

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 334 अंक तेजी लेकर 58,910.74 अंक पर खुला और लिवाली के बल पर थोड़ी देर बाद ही 59,003.82 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद शुरू हुई बिकवाली के दबाव में यह लगातार गिरता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 58,291.23 अंक के निचले स्तर तक गिर गया। अंत में पिछले दिवस के 58,576.37 अंक के मुकाबले 0.41 प्रतिशत टूटकर 58,338.93 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3529 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1852 में लिवाली जबकि 1542 में बिकवाली हुई वहीं 135 स्थिर रहे।

निफ्टी भी लगभग 70 अंक बढ़कर 17,599.90 अंक पर खुला। सत्र के दौरान यह 17,663.65 अंक के उच्चतम जबकि 17,457.40 अंक के न्यूनतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 17,530.30 अंक की तुलना में 0.31 प्रतिशत फिसलकर 17,475.65 अंक पर आ गया। इस दौरान एनएसई में 28 कंपनियां लुढ़की जबकि 22 बढ़त पर रहीं।

इस दौरान सेंसेक्स की 20 कंपनियों पर बिकवाली हावी रही वहीं शेष दस में तेजी का रुख रहा। एचडीएफसी ने सर्वाधिक 2.01 प्रतिशत का नुकसान उठाया जबकि आईटीसी सबसे अधिक 1.87 प्रतिशत के लाभ में रही।

# सेबी और कनाडा के मैनिटोबा सेक्योरिटीज कमीशन के बीच समझौते को मिली मंजूरी

नयी दिल्ली। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) तथा कनाडा के मैनिटोबा सेक्योरिटीज़ कमीशन के बीच द्विपक्षीय समझौता-ज्ञापन को मंजूरी दे दी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। बाद में सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने एक संवाददाता सम्मेलन में मंत्रिमंडल में लिये गये फैसलों की जानकारी दी।

यह समझौता ज्ञान, अन्य बातों के साथ, प्रतिभूति नियमन के क्षेत्र में सीमा-पार सहयोग के लिये औपचारिक आधार प्रदान करेगा। इससे पारस्परिक सहायता की सुविधा होगी, निरीक्षण कार्यकलापों के कारगर प्रदर्शन में योगदान बढेगा, तकनीकी क्षेत्रीय ज्ञान उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी और प्रतिभूति बाजारों के नियमन तथा कानूनों के कारगर क्रियान्वयन की




क्षमता बढ़ेगी। इस द्विपक्षीय समझौते से मैनिटोबा के निवेशक सेबी के साथ एफपीआई के रूप में पंजीकरण के लिये पात्र हो जायेंगे।

उल्लेखनीय है कि कनाडा के मैनिटोबा प्रांत में स्थित संस्थाएं सेबी के साथ फ़ॉरेन पोर्टफोलियो इनवेस्टर (एफपीआई) के रूप में पंजीकरण कराना चाहती हैं, जिसके लिये पूर्व-निर्धारित शर्तों में से एक शर्त यह है कि विदेश या विदेशी प्रांत के प्रतिभूति बाजार नियामक को इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन ऑफ सेक्योरिटीज कमीशन के बहुपक्षीय समझौता-ज्ञापन (आईओएससीओ-एमएमओयू) का हस्ताक्षरकर्ता होना चाहिये। साथ ही सेबी के साथ एफपीआई के रूप में मैनिटोबा की संस्थाओं के लिये एक द्विपक्षीय समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर करना भी जरूरी है, तभी उन्हें इसकी अनुमति मिलेगी।

मैनिटोबा के लगभग बीस एफपीआई हैं, जिनके ग्राहकों की परिसम्पत्तियों की कुल बाजार कीमत 2,665 करोड़ रुपये है। समझौते पर हस्ताक्षर हो जाने से ये सभी एफपीआई लाभान्वित होंगे तथा भारतीय बाजारों में लगातार निवेश करते रहने के पात्र हो जायेंगे।

# पोस्ट ऑफिस की योजनाओं से ऐसे लिंक करें बचत खाता

नई दिल्ली। डाक विभाग ने मासिक आय योजना (एमआईएस), वरिष्ठ नागरिक बचत योजना (एससीएसएस) और टर्म डिपॉजिट (टीएम) योजना के ब्याज को बचत खाते में जमा करना अनिवार्य कर दिया है। यह नियम एक अप्रैल 2022 से लागू हो गया है। इसके लिए लाभार्थी को योजना से अपना बचत खाता अनिवार्य रूप से लिंक कराना होगा। इन योजनाओं से पोस्ट ऑफिस या बैंक के बचत खाते को लिंक कराया जा सकता है। यदि आपने भी इसमें से किसी योजना में निवेश किया है तो जल्द से जल्द बचत खाते को लिंक करा लें। इसकी प्रक्रिया काफी आसान है। गौरतलब है कि पोस्ट ऑफिस अभी तक बचत योजनाओं की ब्याज का भुगतान नकद करता था। लाभार्थी को बैंक खाता लिंक करने के लिए ईसीएस फॉर्म पोस्ट ऑफिस में जमा करना होगा। यह फॉर्म पोस्ट ऑफिस से मिलेगा। फॉर्म के साथ बैंक खाते से जुड़ा रद्द चेक और बैंक खाते की पासबुक के पहले पेज की छायाप्रति भी जमा करनी होगी।

# आईसीआईसीआई बैंक का जीआईएफटी एसईजेड के साथ करार

मुंबई। निजी क्षेत्र के प्रमुख आईसीआईसीआई बैंक ने जीआईएफटी एसईजेड (विशेष आर्थिक क्षेत्र) के साथ बुधवार को एक समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया, जिसके तहत सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और वित्तीय सेवाओं के लिए भारतीयों एवं वैश्विक स्तर पर जीआईएफटी एसईजेड को प्रोत्साहित किया जाएगा।

आईसीआईसीआई बैंक की कार्यकारी निदेशक विशाखा मुल्य और जीआईएफटी सिटी के प्रबंध निदेशक एवं समूह मुख्य कार्यकारी अधिकारी तपन रे के बीच वर्चुअल आयोजन में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

समझौता ज्ञापन के तहत आईसीआईसीआई और जीआईएफटी एसईजेड संयुक्त रूप से विशेष आर्थिक क्षेत्र में परिचालन स्थापित करने के लिए वैश्विक निवेशकों और पूंजी बाजार की कंपनियों को आकर्षित करने की दिशा में काम करेंगे। दोनों संस्थानों का लक्ष्य जीआईएफटी एसईजेड को देश के फिनटेक केंद्र के रूप में विकसित करते हुए, स्टार्ट-अप्स एवं फिनटेक कंपनियों को मजबूत समर्थन देने का प्रयास करना है। इस अवसर पर तपन रे ने कहा, आईसीआईसीआई बैंक के साथ यह समझौता वैश्विक वित्तीय संस्थानों की भागीदारी को प्रोत्साहित करेगा और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवाओं एवं उत्पादों के लिए जीआईएफटी एसईजेड को एक पसंदीदा व्यावसायिक गंतव्य के रूप में बढ़ावा देगा। बैंक का शुरूआती दौर में डिजिटल क्षेत्र से जुड़ना फिनटेक कंपनियों को आकर्षित करेगा और यह जीआईएफटी सिटी को फिनटेक केंद्र के रूप में विकसित करने में मदद करेगा। विशाखा मुल्य ने कहा, भारत बीते वर्षों में विदेशी निवेशकों के लिए पसंदीदा गंतव्य के रूप में उभरा है। युवा आबादी, मजबूत उपभोक्ता मांग और सरकारी पहलों ने देश के आर्थिक विजन को काफी बढ़ावा दिया है। जीआईएफटी एसईजेड एक महत्वपूर्ण किरदार निभाते हुए तेजी से बढ़ती हुयी भारतीय अर्थव्यवस्था में भागीदार बनेंगे।

## शार्ट न्यूज

### बाल भवन स्कूल की ओम नाथ सूद में जबरदस्त जीत

**नयी दिल्ली।** अर्पित राणा (78) ,अभिनव तेज राणा के 32 गेंदों पर पांच छक्कों व पांच चौकों की मदद से बने नाबाद आतिशी 65 रन व अंकित प्रताप सिंह (62) के शानदार अर्धशतकों की बदौलत बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल (34.1 ओवरों में 281/4) ने राष्ट्रीय स्वाभिमान खेल परिसर मैदान पर चल रहे 31वें स्पेश इंडिया ओम नाथ सूद स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट में कोलाज स्पोर्ट्स ग्रुप (35 ओवरों में 277/6) को छह विकेट से हरा दिया। कोलाज स्पोर्ट्स की ओर से अक्षदीप नाथ ने 90 गेंदों पर 6 छक्कों व 19 चौकों की मदद से 149 रनों की जांबाज पारी खेली । मुख्य अतिथि राजेश शर्मा ने कुबेर मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार पराजित टीम के अक्षदीप नाथ को प्रदान किया।

### रिटायर्ड आउट पर बोले अश्विन, हमने काफी देर कर दी, लेकिन अब ऐसा बहुत होगा

**मुंबई।** राजस्थान रॉयल्स के ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि रिटायर्ड आउट होना एक सामरिक कदम है, जो उन्होंने हाल ही में आईपीएल में पहली बार उठाया था। उन्होंने कहा कि टीमों ने इस नियम का इस्तेमाल करने में पहले ही बहुत देर कर दी है। उल्लेखनीय है कि अश्विन लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ पिछले रविवार को 2022 आईपीएल के 20वें मैच में 19वें ओवर में रिटायर्ड आउट हो कर मैदान से बाहर चले गए थे। उन्हें रियान पराग से ऊपर नंबर छह पर बल्लेबाजी के लिए भेजा गया था, लेकिन फिर अश्विन पारी के अंत में 23 रन पर 28 रन बनाने के बाद 19वें ओवर की दो गेंदों के बाद रिटायर्ड आउट हो गए, तब राजस्थान का स्कोर चार विकेट पर 135 रन था। अश्विन ने बुधवार को अपने यूट्यूब चैनल पर इस बारे में, यह कभी-कभी काम कर सकता है और कभी-कभी नहीं। फुटबॉल में ये चीजें लगातार होती रहती हैं और हमने अभी तक टी-20 क्रिकेट में इसे पूरी तरह से नहीं अपनाया है। यह एक सहस्त्राब्दी का खेल है। यह अगली पीढ़ी का खेल है। असल में अगर आप फुटबॉल में देखें तो मेस्सी या क्रिस्टियानो रोनाल्डो अक्सर गोल करते हैं, लेकिन उनकी टीम के गोलकीपर को भी गोल बचाना चाहिए और उनके डिफेंडर्स को अच्छा डिफेंड करना चाहिए। तभी कोई मेसी या रोनाल्डो सुर्खियों में होंगे।

### आरसीबी के खिलाड़ियों ने 'फ्रीडम टू चॉइस' अभियान के लिए की बल्लेबाजी

नयी दिल्ली। पूर्व कप्तान विराट कोहली के नेतृत्व में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के कई खिलाड़ियों ने मंगलवार को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ खेले गए आईपीएल मैच में मुथूट फिनकॉर्प के नए टीवीसी अभियान 'फ्रीडम ऑफ चॉइस' के लिए बल्लेबाजी की। कोहली ने मैच में एक अंपायर, डॉक्टर और शिक्षक की भूमिका निभाई और दिनेश कार्तिक सहित मोहम्मद सिराज, हर्षल पटेल और फिन एलन तथा अपने अन्य टीम के साथियों को रोमांचक तरीके से विकल्प की पेशकश की, जो दिखाता है कि कैसे एक उपभोक्ता को 'अब खुद चुनो अपनी ब्याज दर' योजना के माध्यम से अपनी पसंद का चयन करने का अधिकार दिया जा सकता है। मुथूट पप्पचन समूह की एक प्रमुख इकाई मुथूट फिनकॉर्प के इस नए टीवीसी अभियान को 'मेरा गोल्ड लोन, मेरा ब्याज' योजना को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया है, जो कंपनी के ब्लू सोच 2022 आईपीएल अभियान का हिस्सा है। हाल ही में जारी एक वीडियो में कोहली को एक शिक्षक के रूप में सिराज, जो छात्र बने हैं, को कक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए पुरस्कारों के विकल्प की पेशकश करते हुए देखा गया था। इस संबंध में एक और वीडियो जारी होने वाला है, जिसमें कोहली एक डॉक्टर की भूमिका निभाते हुए और न्यूजीलैंड के क्रिकेटर फिन एलन से डोनट्स, पिज्जा, बर्गर और पेस्ट्री जैसे पुरस्कारों के बारे में पूछते हुए दिखाई देंगे, जबकि फिन अंपायर की भूमिका में होंगे, जो बल्लेबाज कार्तिक से उनकी पसंद के बारे में पूछते हुए दिखेंगे। सिराज इसको उत्सुकता से देखते हुए नजर आएंगे।

### अनुराग ठाकुर ने ई-खेल पाठशाला के समापन सत्र का किया उद्घाटन

नयी दिल्ली। केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने बुधवार को केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधाव में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) लक्ष्मीबाई नेशनल कॉलेज फॉर फिजिकल एजुकेशन (एलएनसीपीई), तिरुवनंतपुरम द्वारा आयोजित ई-खेल पाठशाला के समापन सत्र का वर्चुअल रूप से उद्घाटन किया। अनुराग ने इस मौके पर अपने संबोधन में खेल मंत्रालय द्वारा फिट इंडिया और खेलो इंडिया गेम्स जैसी कई महत्वपूर्ण योजनाओं और सुविधाओं पर प्रकाश डाला, जो खेल के मैदान से पोडियम (शीर्ष तीन) तक एथलीटों की यात्रा के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने देश के युवाओं से खेल को जीवन शैली के रूप में अपनाने की अपील की और साई एलएनसीपीई और खेलो इंडिया ई-खेल पाठशाला टीम को सातवें बैच के कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन करने के लिए बधाई दी। उल्लेखनीय है कि ई-खेल पाठशाला का उद्देश्य खेल-संबंधी ज्ञान को देश के सभी हिस्सों तक पहुंचाना है, भले ही भौगोलिक सीमाएं कुछ भी हों। इसमें राष्ट्रीय खेल संघों, प्रख्यात कोचों, एथलीटों और विशेषज्ञों के परामर्श से विकसित पेशेवर रूप से डिजाइन किया गया पाठ्यक्रम है। यह कार्यक्रम शिक्षा मंत्रालय, खेलो इंडिया और फिट इंडिया के सहयोग से आयोजित किया जाता है।

### इंडियन वुमेंस लीग 2021-22 का यूरोस्पोर्ट इंडिया पर होगा लाइव प्रसारण

नयी दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की प्रमुख भारतीय महिला पेशेवर फुटबॉल क्लब प्रतियोगिताओं में से एक भारतीय महिला लीग (आईडब्ल्यूएल) का यूरोस्पोर्ट इंडिया पर लाइव प्रसारण किया जाएगा। एआईएफएफ ने बुधवार को एक बयान में कहा, भारतीय फुटबॉल की प्रमुख महिला लीग के पांचवें संस्करण में ओडिशा के तीन मैदानों कलिंग स्टेडियम, कैपिटल स्टेडियम और बटालियन स्टेडियम में 12 टीमें आईडब्ल्यूएल खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। उल्लेखनीय है कि कोरोना महामारी के चलते भारतीय महिला लीग दो साल बाद वापसी कर रही है। इसका पांचवां संस्करण 15 अप्रैल से 26 मई तक होगा। पूरे सत्र में कुल 66 मैच खेले जाएंगे, जिसमें प्रत्येक टीम एक-दूसरे से एक बार खेलेगी। यूरोस्पोर्ट इनमें से 30 मैचों का प्रसारण करेगा। सीजन के अंत में लीग तालिका में सबसे अधिक अंक वाली टीम को भारतीय महिला लीग 2021-22 की विजेती बनेगी। एआईएफएफ के लीग्स एंड डेवलपमेंट के सीईओ सुनंदो धर ने इस बारे में कहा, भारतीय महिला लीग 2022 का प्रसारण करने और हमें एक साथ आगे बढ़ने में मदद करने के लिए यूरोस्पोर्ट का हमारे साथ होना बहुत अच्छा है। चूंकि इस सीजन खेलों का प्रारूप बदल गया है और अधिक संख्या में खेल जोड़े गए हैं, मुझे यकीन है कि प्रशंसक भी अपने ड्राइंग रूम से मैचों का आनंद ले सकेंगे।

### टॉप्स समूह के तीरंदाजों के लिए 33 लाख रुपए की मदद को मंजूरी

नयी दिल्ली। खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने बुधवार को 2022 एशियाई खेलों और तीरंदाजी विश्व कप के लिए टॉप्स (टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम) के डेवलपमेंट ग्रुप तीरंदाजों के लिए 33.18 लाख रुपए की वित्तीय सहायता को मंजूरी दी। एमओसी ने आगामी एशियाई खेलों और विश्व कप के लिए दूसरा धनुष सेट खरीदने के लिए यह सहायता प्रदान की है। विश्व तीरंदाजी द्वारा हाल ही में नियम बदलने के बाद दूसरे धनुष सेट की आवश्यकता है, जो उपकरण खराब होने की स्थिति में तीरंदाजों के लिए महत्वपूर्ण होगा। टॉप्स स्कीम के तहत लाभ पाने वाले तीरंदाजों में पार्थ सालुंखे, आदित्य चौधरी, दीप्ति कुमारी, सिमरनजीत कौर, नीरज चौहान, रिद्धि, मधु वेदवान, सुधांशु बिष्ट, दिव्यांश कुमार और तिशा पुनिया शामिल हैं।

# ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच बने ऐंड्रयू मैक्डॉनल्ड

मेलबोर्न। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने बुधवार को पूर्व ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट ऑलराउंडर ऐंड्रयू मैक्डॉनल्ड को ऑस्ट्रेलिया पुरुष क्रिकेट टीम का फुल टाइम मुख्य कोच और चयनकर्ता नियुक्त किया। उनका अनुबंध चार साल का होगा।



क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख निक हॉकले ने बुधवार को एक बयान में कहा, एंड्रयू पहले ही यह दिखा चुके हैं कि वह एक उत्कृष्ट मुख्य कोच हैं। नियुक्ति प्रक्रिया के दौरान उन्होंने इस भूमिका के लिए जो दृष्टिकोण दिखाया, वह प्रभावशाली और रोमांचक था, जिससे वह हमारी सीधी और पहली पसंद बन गए। एंड्रयू, पैट कमिंस और आरोन फिंच के नेतृत्व में टीम ने जिस तरह से क्रिकेट खेला और जिस तरह से पाकिस्तान के पूरे दौरे में खिलाड़ियों ने एंड्रयू के प्रति सम्मान दिखाया, उस पर हमें गर्व है। बहुत खुश हूं कि एंड्रयू स्थायी रूप से यह भूमिका निभाएंगे।

मैक्डॉनल्ड ने एक बयान में कहा, यह अवसर दिए जाने पर बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मेरी योजना समूह के साथ और पूरे खेल में सामूहिक रूप से काम करते हुए टीम के विकास, गहराई और अनुभव को आगे बढ़ाने की है। अल्पावधि में कई चुनौतियां हैं जो मुझे पता है कि नेतृत्व समूह, खिलाड़ियों और स्टाफ को उत्साहित करती हैं। मैं अपने परिवार को भी उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं।

मैक्डॉनल्ड उसी भूमिका में दिखेंगे, जिसमें अब तक जस्टिन लैंगर थे। लैंगर ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के साथ मनमुटाव के बाद फरवरी में इस पद से इस्तीफा दिया था, तब उन्हें छह महीने का अनुबंध विस्तार दिया जा रहा था। 2019 से सीनियर सहायक कोच और गेंदबाजी मेंटॉर रहे मैक्डॉनल्ड पाकिस्तान के दौरे पर ऑस्ट्रेलिया के अंतरिम कोच थे। उनकी कोचिंग में पैट कमिंस के नेतृत्व वाली टीम ने टेस्ट सीरीज में अच्छा खेल दिखाते हुए 1-0 से सीरीज जीत थी, हालांकि टीम वनडे सीरीज 1-2 से हार गई थी, लेकिन फिर एकमात्र टी-20 मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया विजयी रहा था। मैक्डॉनल्ड ने लैंगर के कार्यकाल में कई बार उन्हें विश्राम के दौरान टीम की कमान संभाली थी। भारत में 2020 में एक वनडे सीरीज़, 2021 में न्यूज़ीलैंड में पांच टी20 के दौरे और इस साल घर पर श्रीलंका के विरुद्ध टी20 श्रृंखला के दौरान मैक्डॉनल्ड ने ही कोच की भूमिका निभाई थी। सीए ने लैंगर के हटने के बाद कई उम्मीदवारों से बात की थी जिनमें पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग, पूर्व इंग्लैंड कोच ट्रेवर बेलिस और वर्तमान महिला टीम के कोच मैथ्यू मॉट शामिल थे। सीए के एक पदाधिकारी के अनुसार मैक्डॉनल्ड की अभी की टीम के खिलाड़ियों के बीच लोकप्रियता और टीम के हालिया परफ़ॉर्मेंस के चलते उनसे बेहतर विकल्प उनके पास नहीं था।

# बाबर आजम टी-20 रैंकिंग में नंबर एक पर बरकरार

दुबई। मार्च महीने के लिए आईसीसी 'पुरुष प्लेयर ऑफ द मंथ' का पुरस्कार जीतने वाले पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम आईसीसी की टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में नंबर एक पर बरकरार हैं, जबकि 2021 के आईसीसी 'पुरुष टी-20 प्लेयर ऑफ द ईयर' रहे पाकिस्तानी विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान एक पायदान नीचे खिसक कर नंबर तीन पर आ गए हैं। इसके अलावा एक अन्य पाकिस्तानी खिलाड़ी शाहीन आफरीदी ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकमात्र टी-20 मैच में 21 रन पर दो विकेट के शानदार प्रदर्शन की बदौलत टी-20 गेंदबाजी रैंकिंग में टॉप 10 में प्रवेश किया है। इस बीच ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड, जो पाकिस्तान के खिलाफ यह टी-20 मैच नहीं खेले थे, एक स्थान नीचे खिसक कर नंबर तीन पर आ गए हैं, जबकि इंग्लैंड के लेग स्पिनर आदिल राशिद ऊपर की बढ़ते हुए नंबर दो पर आ गए हैं। वहीं नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी को पीएनजी और मलेशिया के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला में शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के बाद बल्लेबाजी, गेंदबाजी और ऑलराउंडर तीनों रैंकिंग में बड़ा फायदा हुआ है। सीरीज के फाइनल में नाबाद 54 रन और 18 रन पर चार विकेट लेकर 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' बने दीपेंद्र बल्लेबाजी रैंकिंग में 13 स्थानों की छलांग से 38वें, गेंदबाजी रैंकिंग में 47 स्थानों के फायदे से 135वें और ऑलराउंडर रैंकिंग में 10 स्थानों की छलांग से 10वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

# स्वाभाविक खेल खेलने की कोशिश कर रहा हूं : शिवम दुबे

**मुंबई।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की 2022 आईपीएल की पहली जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले ऑलराउंडर शिवम दुबे ने कहा है कि उनका आत्मविश्वास ऊंचा है और वह अपना स्वाभाविक खेल खेलने की कोशिश कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि दुबे की नाबाद 46 गेंदों 95 रनों की विस्फोटक पारी और रॉबिन उथप्पा की 50 गेंदों पर 88 की पारी तथा महेश थीक्षाना (33 रन पर चार विकेट) और रवींद्र जडेजा (39 रन पर तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत चेन्नई ने 2022 आईपीएल में लगातार चार हार के बाद मंगलवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को हरा कर इस सीजन की अपनी पहली जीत दर्ज की थी।

दुबे ने मंगलवार को मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, प्रबंधन ने मुझे सिक्योरिटी दी है और मैं हमेशा अपने खेल का समर्थन करता हूं। जिस गेंद को मुझे लगता है कि मैं हिट कर सकता हूं, मैं उसे हिट कर रहा हूं और चूंकि मैं अच्छी तरह से शॉट लगा रहा हूं, इसलिए मेरा आत्मविश्वास ऊंचा है। मैं सिर्फ अपना स्वाभाविक खेल खेलने की कोशिश कर रहा हूं।

उन्होंने कहा, मैं मूल बातों का पालन करने, संतुलित रहने और ज्यादा सोचने की कोशिश नहीं कर रहा हूं। जो कुछ भी मैं लंबे समय से करने की कोशिश कर रहा था, अब मैं उस पर अमल करने में सक्षम हूं। मैं रणजी ट्रॉफी और घरेलू क्रिकेट में जो भी खेल खेल रहा था, उसके हिसाब से आपको यहां स्तर को बढ़ाने की जरूरत है। मैंने संतुलित रहने की कोशिश की, ज्यादा नहीं सोचा और खुद पर विश्वास करने की कोशिश की। मैं कुछ अतिरिक्त करने के बजाय अपने बुनियादी खेल का पालन कर रहा हूं।

उल्लेखनीय है कि दुबे को 95 रनों की शानदार पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' पुरस्कार दिया गया था, जिसे उन्होंने अपने पिता को समर्पित किया।

# चौथी जीत के लिए भिड़ेंगे राजस्थान और गुजरात

एजेंसी

**मुंबई।** आईपीएल के 2022 सीजन में अब तक अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीमें राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटंस टूर्नामेंट में चौथी जीत के लिए गुरुवार को यहां एक-दूसरे से भिड़ेंगी।

दोनों ही टीमें अच्छी लय में दिख रही हैं। इसी का नतीजा है कि दोनों ने अब तक खेले चार लीग मैचों में से तीन जीते हैं। राजस्थान जहां +0.951 के बेहतर नेट रन रेट के साथ अंक तालिका में पहले स्थान पर है, वहीं गुजरात +0.097 के नेट रन रेट के साथ चौथे पायदान पर है। राजस्थान हालांकि आखिरी मैच जीत कर आ रहा है। उसने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ करीबी मुकाबले में तीन रन से जीत दर्ज की थी, जबकि गुजरात को पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट से बड़ी हार का सामना करना पड़ा था।

इस बीच यह चर्चा चल रही है कि क्या कल वह दिन होगा, जब आखिरकार कोई कप्तान टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए दिखेगा। समझा जाता है कि अगर सिक्का संजू सैमसन के पक्ष में गिरता है तो राजस्थान रॉयल्स ऐसा कर सकता है, क्योंकि राजस्थान ने चार में से तीन मैच पहले बल्लेबाजी करते हुए जीते हैं। राजस्थान अगर यह मैच जीतता है तो वह नंबर एक पर बना रहेगा, लेकिन उसकी हार गुजरात टाइटंस को कुछ समय के लिए नंबर एक पर ले आएगी। राजस्थान के लिए गेंद के साथ ट्रेंट बोल्ट और युजवेंद्र चहल ने शानदार प्रदर्शन किया है। बोल्ट ने लखनऊ सुपर जायंट्स पर राजस्थान की तीन रन की जीत में यह साबित किया था कि अगर गेंदबाज पावरप्ले में नई गेंद के साथ कुछ विकेट लेता है तो लक्ष्य को डिफेंड किया जा सकता है। वहीं चहल का बीच के ओवरों में रविचंद्रन अश्विन के साथ मिलकर विकेट लेना जारी है। वह इकोनॉमी के लिहाज से भी किफायती साबित हो रहे हैं। इसके अलावा युवा तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा बोल्ट के साथ मिलकर अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। इस बीच पिछले मैच में आईपीएल पदार्पण करने वाले युवा तेज गेंदबाज कुलदीप सेन ने दिखाया कि उन्हें टीम प्रबंधन द्वारा उच्च दर्जा क्यों दिया गया है। उन्होंने लखनऊ के मार्कस स्टॉयनिस को अंतिम ओवर में गेंदबाजी करते हुए 14 रन का सफलतापूर्वक बचाव किया था। वहीं बल्ले के साथ जोस बटलर और शिमरन हेत्मायर महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। बटलर चार मैचों में 218 रनों के साथ फिलहाल शीर्ष रन स्कोरर हैं और ओरेंज कप उन्हीं के पास है। देवदत्त पडिकल भी अच्छा कर रहे हैं। संजू सैमसन भी बतौर कप्तान जिम्मेदारी से खेल रहे हैं। दूसरी ओर गुजरात की बात करें तो शुमभन गिल जबरदस्त फॉर्म में हैं। कप्तान हार्दिक पांड्या और राहुल तेवतिया भी बल्ले के साथ अहम योगदान दे रहे हैं, हालांकि विदेशी खिलाड़ियों मैथ्यू वेड और डेविड मिलर का बड़े रन का बनाना गुजरात के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। गेंदबाजी में राशिद खान और लॉकी फर्ग्युसन ने मोर्चा संभाला हुआ है। अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी भी बेहतरीन गेंदबाजी कर रहे हैं।

# दूसरी धरती खोज रहा चीन, क्या है प्लानिंग और कैसे पूरा करेगा मिशन

**नई दिल्ली।** दुनियाभर में चीन भले ही अपनी महत्वाकांक्षा के लिए जाना जाता है लेकिन सच यह भी है कि चीन अपनी तकनीकी और इनोवेशन के लिए भी जाना जाता है। इसी बीच एक बड़ी खबर सामने आई है कि चीन एक दूसरी धरती पर भी काम कर रहा है। यहां तक कि चीन ने इसके लिए बकायदा प्लान भी बनाया हुआ है और उसके वैज्ञानिक प्लान पर तेजी से काम कर रहे हैं।

दरअसल, चीन की अंतरिक्ष में और अधिक गहराई तक जाने की योजना है। इसी कड़ी में चीन अब एक वैकल्पिक धरती यानी अर्थ 2.0 पर काम कर रहा है। चीन योजना बना रहा है जो सौर मंडल से परे एक्सोप्लैनेट की तलाश करेगा। इस असाइनमेंट का मुख्य लक्ष्य मिल्की वे आकाशगंगा में



रहने योग्य क्षेत्र में एक दुनिया को खोजना है। इसे धरती 2.0 मिशन कहा जा रहा है, इसका लक्ष्य उसी ग्रह की खोज करना है जिसमें हम वर्तमान में निवास कर रहे हैं।

इस बारे में नेचर ने अपनी एक रिपोर्ट में विस्तृत जानकारी दी है। इस प्लान के बारे में चीनी विज्ञान अकादमी द्वारा संकल्पना की गई है, जो प्रारंभिक डिजाइन के चरण में है। विशेषज्ञों की एक टीम इस प्रस्तावित मिशन पर काम कर रही है। यह पूरी आइडिया इसी अकादमी की है। अगर सरकार से अनुमति मिली तो इस मिशन के लिए डेवलपमेंट फेज की शुरुआत की जाएगी। उसके लिए फंडिंग आदि की व्यवस्था की जाएगी।

रिपोर्ट के मुताबिक चीन को लगता है कि अगले कुछ दशकों में धरती की हालत खराब होने वाली है, ऐसे में वो अपने लोगों को दूसरी धरती पर पहुंचाने की प्लानिंग कर रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक चीन सात टेलिस्कोप की मदद से सौर मंडल के बाहर दूसरी धरती की खोज करेगा।

इन टेलिस्कोप के जरिए वह वैसे ग्रहों की खोज करेगा, जैसा कि केपलर मिशन ने खोजा था।

चीन की इस टीम में शामिल प्रमुख एस्ट्रोनॉमर जिया कहते हैं कि केपलर की ताकत कम थी। हमारे पास उसका अच्छा डेटा मौजूद है। उन्होंने कहा कि यह सैटेलाइट नासा के केपलर टेलिस्कोप से 1015 गुना ज्यादा ताकतवर होगा। स्पेसक्राफ्ट ट्रांजिट मेथड के जरिए काम करेगा, वह रोशनी में होने वाले छोटे से बदलाव को भी पकड़ लेगा।

फिलहाल चीन द्वारा इस ग्रह की खोज ऐसे समय में की जा रही है जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चीन के बारे में यह कहा जा रहा है कि वह अमेरिका से आगे निकल जाएगा। अब देखना यह होगा कि चीन का यह प्रोजेक्ट कब और कहां तक आगे निकलेगा। इस खोज के बाद चीन यह भी देखेगा कि जो ग्रह खोजा गया है, वो जीवन के लायक है या नहीं, उस पर इंसान रह सकता है या नहीं।

# पीटीआई कराची, पेशावर के बाद लाहौर में रैली करेगी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में जल्द आम चुनाव कराने की अपनी मांग जारी रखते हुए पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) की राजनीतिक समिति ने लोगों को लामबंद करने के लिए कई सार्वजनिक सभाएं और सम्मेलन आयोजित करने का फैसला किया है। पीटीआई कराची, पेशावर के बाद लाहौर में भी रैली निकालेगी। डॉन ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने फैसला किया है कि पेशावर और कराची की सार्वजनिक सभा के बाद वह अगले हफ्ते लाहौर में होने वाली रैली में सरकार को आश्चर्यचकित करने वाला कदम उठाएंगे। पीटीआई ने आज देशभर में विरोध प्रदर्शन करने का फैसला लिया है।पार्टी ने राष्ट्रीय सुरक्षा पर संसदीय समिति की सभी बैठकों का बहिष्कार करने का भी फैसला किया है। जो उसकी जांच कर सकती है जिसने कथित तौर पर पीटीआई सरकार को गिराने की साजिश का खुलासा किया है और पार्टी ने मांग की है कि सुप्रीम कोर्ट इस मामले पर एक जांच आयोग का गठन करे।

बैठक की अध्यक्षता पीटीआई के अध्यक्ष इमरान खान ने की और पार्टी के सभी प्रांतीय अध्यक्षों, महासचिव असद उमर, उपाध्यक्ष शाह महमूद कुरैशी और फवाद चौधरी और परवेज खट्टक सहित अन्य नेताओं ने भाग लिया। पीटीआई नेता डॉ फारुख हबीब ने कहा कि इमरान खान आज पेशावर के रिंग रोड पर रैली को संबोधित करेंगे।

हबीब ने कहा, 16 अप्रैल को कराची में मजार-ए-कायद के एक मैदान में रैली का आयोजन होगा और 23 अप्रैल को लाहौर के मीनार-ए-पाकिस्तान में एक अन्य रैली होगी। इन रैलियों में हम इस बात पर जोर देंगे कि हमें विदेशी सरकार मंजूर नहीं है, जबकि लाहौर में जनसभा के दौरान एक आश्चर्यजनक कदम की घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा रविवार को जो हुआ हम उससे भी बड़ा कदम उठाने जा रहे हैं। हम पहले ही असेंबली से इस्तीफा दे चुके हैं और अब देश को अपने प्रतिनिधियों को चुनने का मौका मिलना चाहिए।

## मानवाधिकारों के हनन की समस्या से निपटने में विफल रही श्रीलंका सरकार : अमेरिका

वाशिंगटन। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने 2021 के लिए मानवाधिकार रिपोर्ट में श्रीलंकाई सुरक्षा बलों के सदस्यों द्वारा कई शक्तियों के दुरुपयोग करने की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि श्रीलंका सरकार ने इसे रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठाया। विदेश विभाग की वार्षिक मानवाधिकार रिपोर्ट में कहा गया, पार्लियामेंट ने अक्टूबर 2020 में संविधान में अनुच्छेद 20 का संशोधन पारित किया। विपक्षी दलों और नागरिक समाज समूहों ने कार्यकारी प्राधिकारकण में व्यापक विस्तार के लिए संशोधन की आलोचना की। जो कि न्यायपालिका और स्वतंत्र राज्य संस्थानों की स्वतंत्रता को कमजोर करेगा। जैसा कि मानवाधिकार आयोग और चुनाव आयोग, राष्ट्रपति को संसद के साथ इन निकायों में नियुक्तियां करने का एकमात्र अधिकार देकर केवल एक सलाहकार भूमिका निभाते हैं।

## राजपक्षे प्रदर्शनकारियों से बातचीत को तैयार

कोलंबो। श्रीलंका के प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे देश में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बीच बुधवार को प्रदर्शनकारियों के साथ अभूतपूर्व आर्थिक संकट पर चर्चा करने के लिए तैयार हो गये, जिससे पूरा देश जूझ रहा है। स्थानीय अखबार 'कोलंबो पेज' ने श्री राजपक्षे के हवाले से बताया कि वह (प्रधानमंत्री) देश में व्याप्त संकट का त्वरित समाधान खोजने के लिए कोलंबो के गाले फेस ग्रीन सैरगाह में इकट्ठा हुए प्रदर्शनकारियों के साथ चर्चा के लिए तैयार हैं। गौरतलब है कि देश के हजारों नागरिक, खास कर युवा वर्ग सरकार के खिलाफ कई दिनों से प्रदर्शन कर रहे हैं। वे लोग देश में उत्पन्न संकट के लिए सरकार को दोषी ठहरा रहे हैं, जिसके बाद प्रधानमंत्री ने उन्हें सिंहल और तमिल नव वर्ष के अवसर पर बातचीत का निमंत्रण भेजा है। प्रदर्शनकारी राष्ट्रपति गोतबाया राजपक्षे और उनके भाई एवं प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। स्थानीय अखबार ने कहा कि गाले फेस ग्रीन और राष्ट्रपति सचिवालय में चल रहा प्रदर्शन आज पांचवे दिन भी जारी रहा।

## मैक्रों करेंगे जेलेंस्की और पुतिन से बातचीत

पेरिस। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों यूक्रेन के हालात पर वहां राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से बात करने का विचार कर रहे हैं और वह आने वाले कुछ दिनों में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन से भी बात कर सकते हैं। फ्रांस -2 न्यूज चैनल से बातचीत के दौरान श्री मैक्रों ने कहा, मैं फिर से यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से बात करूंगा और अगर ज़रूरत हुई, तो रूस के राष्ट्रपति पुतिन से भी बात की करूंगा। उधर, रूस के मुख्य वार्ताकार व्लादिमीर मेदेंस्की ने कहा कि यूक्रेन ने जर्मनी, फ्रांस, तुर्की, पोलैंड और कनाडा के साथ- साथ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्यों ( जिसमें रूस भी शामिल है) से मिले आश्वासन के बाद तटस्थ रहने की इच्छाशक्ति दिखायी है। गौरतलब है कि रूसी और यूक्रेनी दलों के बीच 29 मार्च को वार्ता इस्तांबुल में हुई थी, जिसे रूसी वार्ताकार व्लादिमिर मेदेंस्की ने रचनात्मक बताया था और इसी के बाद रूस ने कीव और चेर्नीहीव क्षेत्रों में सैन्य गतिविधियां कम किये जाने की भी घोषणा की थी।

## सुप्रीम कोर्ट को मिला सीलबंद गोपनीय पत्र

इस्लामाबाद। नेशनल असेंबली के डिप्टी स्पीकर कासिम सूरी ने कहा कि पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट को विवादास्पद सीलबंद गोपनीय पत्र की एक प्रति सौंपी गयी है, जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की सरकार को गिराने के लिए अमेरिकी साजिश का सबूत है। एक्स्प्रेस ट्रिब्यून ने बुधवार को यह जानकारी दी। डिप्टी स्पीकर ने ट्वीट किया कि नेशनल असेंबली सचिवालय ने उनके निर्देश पर धमकी भरा पत्र न्यायालय को भेजा गया, जिसे पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश उमर अता बांदियाल के कार्यालय द्वारा प्राप्त किया गया है। श्री सूरी ने ट्वीट किया,न्यायालय से उम्मीद है कि वह मेमोगेट कांड में गठित आयोग की तरह ही आयोग का गठन करेगी और जांच करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि पत्र में यह स्पष्ट रूप से लिखा गया है कि अगर इमरान खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव विफल हुआ तो पाकिस्तान को सख्त कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

## पाकिस्तानः अलीम खान ने हमजा शाहबाज के साथ अनबन की अफवाहों का किया खंडन

इस्लामाबाद। पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआई) पार्टी से असंतुष्ट चल रहे नेता अब्दुल अलीम खान ने पीएमएल-एन नेता हमजा शाहबाज के साथ अनबन की अफवाहों का बुधवार को खंडन किया। अलीम खान ने ट्वीट किया,हमजा के साथ मेरे प्यार और सम्मान के काफी अच्छे संबंध हैं। वह मेरे छोटे भाई जैसे हैं और ऐसा कुछ नहीं है और न ही होगा। पीटीआई नेता अलीम खान ने सोशल मीडिया पर ऐसी खबरें वायरल होने के बाद यह बात कही। सोशल मीडिया पर कहा जा रहा था कि हमजा और पीएमएल-एन नेता के बीच कल रात लाहौर के एक होटल में आपसी कहासुनी हो गयी, जिसके बाद हमजा ने उन्हें (अलीम खान) थप्पड़ मारा।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# विद्युत जामवाल की फिल्म 'कमांडो : ए वन मैन आर्मी' के प्रदर्शन के नौ साल पूरे



मुंबई। बॉलीवुड के माचो हीरो विद्युत जामवाल की फिल्म 'कमांडो-ए वन मैन आर्मी' के प्रदर्शन के नौ साल पूरे हो गये हैं। विद्युत जामवाल की फिल्म कमांडों-ए वन मैन आर्मी के प्रदर्शन के नौ साल पूरे हो गए हैं। इस अवसर पर विद्युत जामवाल ने खुशी जताते हुए फैंस का आभार व्यक्त किया है। विद्युत जामवाल ने कहा, 卐 मैं दर्शकों का बेहद आभारी हूं कि उन्होंने 'कमांडो-ए वन मैन आर्मी' को अपना प्यार दिया। एक हीरो वो है, जो लोगों को बेहतर होने के लिए प्रेरित करे और करण की भूमिका ने मुझे बहुत प्रभावित किया है।मेरे लिए इस फिल्म में मुख्य आकर्षण एक्शन सीक्वेंस और बेहतरीन स्टंट थे। गौरतलब है कि दिलीप घोष के निर्देशन में बनी 'कमांडो-ए वन मैन आर्मी' में विद्युत जामवाल मे करणवीर सिंह डोगरा का किरदार निभाया है, जो भारतीय सेना के 9 पैरा का एक कमांडो होता है। इस फिल्म में विद्युत जामवाल के साथ पूजा चोपड़ा, जयदीप अहलावत, अदा शर्मा और ईशा गुप्ता की भी अहम भूमिका है।

# आलिया भट्ट और रणबीर कपूर की शादी पर बना मीम

नई दिल्ली। हर तरफ रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की शादी की चर्चा है। बॉलीवुड से लेकर टीवी सेलेब्स तक सभी दोनों की शादी की खबर सुनकर खुश हैं। इस बीच टाइगर श्रॉफ ने एक ऐसा मीम शेयर किया है जिसे देखकर आलिया भट्ट और रणबीर कपूर को भी हंसी आ जाएगी। खुद टाइगर इस मीम को शेयर करते हुए अपनी हंसी नहीं रोक पाए। टाइगर ने दरअसल, एक वीडियो इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर किया है जो उनकी फिल्म हीरोपंती 2 से जुड़ा है। इसमें टाइगर कई गुंडों से लड़ते नजर आ रहे हैं। वीडियो को शेयर करते हुए जो मीम बनाया गया है उसमें इसे शेयर करते हुए लिखा है, फोटोग्राफर्स 200 गार्ड्स से लड़ते हुए आलिया- रणबीर की शादी के एक रील के लिए। आप ये वीडियो उनकी इंस्टाग्राम स्टोरी पर देख सकते हैं। इस मीम को शेयर करते हुए टाइगर ने हंसने वाले इमोजी पोस्ट किए हैं। बता दें कि टाइगर की फिल्म हीरोपंती 2, ईद के मौके पर रिलीज हो रही है। अहमद खान द्वारा डायरेक्टेड फिल्म को आप थइएटर में 29 अप्रैल को देख सकते हैं।

# जेनेलिया डिसूजा ने पूरी की फिल्म मिस्टर मम्मी की शूटिंग



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री जेनेलिया डिसूजा ने अपनी आने वाली फिल्म मिस्टर मम्मी की शूटिंग पूरी कर ली है। भूषण कुमार की टी-सीरीज़ और हेक्टिक सिनेमा प्रा. लिमिटेड की फिल्म मिस्टर मम्मी में रितेश देशमुख और जेनेलिया डिसूजा की जोड़ी नजर आयेगी।जेनेलिया डिसूजा ने अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है। जेनेलिया ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपनी टीम को टैग कर एक प्यारी सी पोस्ट शेयर की जिसपर लिखा था, ए फन क्रू ! हमें पूरा विश्वास है कि इस कॉमेडी-ड्रामा फिल्म में निश्चित रूप से एक शानदार क्रू काम कर रही है, जिसकी स्टोरी लाइन सभी को गुदगुदाएगी। बताया जा रहा है कि फिल्म मिस्टर मम्मी की कहानी एक ऐसे जोड़े के इर्द गिर्द घूमती है, जिनकी विचारधारा जब बच्चे की बात आती है तो एक दूसरे से बिलकुल अलग हो जाती है, लेकिन नियति इन चाइल्डहुड स्वीटहार्ट के जीवन में कॉमेडी, ड्रामा, के साथ कुछ अलग ही ट्विस्ट लेकर आती है। टी-सीरीज़ फ़िल्म्स और हेक्टिक सिनेमा प्राइवेट लिमिटेड प्रोडक्शन की फिल्म मिस्टर मम्मी का निर्देशन शाद अली कर रहे हैं। इस फिल्म का निर्माण भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, शाद अली और शिव अनंत कर रहे हैं।

# सोनम कपूर के ससुराल में नर्स ने की थी करोड़ों की चोरी, पति संग गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस सोनम कपूर के ससुराल में फरवरी में करीब 2.41 करोड़ रुपये की चोरी हुई थी। जिसकी रिपोर्ट भी फरवरी में दर्ज हुई थी। हालांकि, ये मामला मीडिया में अप्रैल में सामने आया। दिल्ली पुलिस इस बड़ी चोरी के आरोपियों को लंबे समय से तलाश रही थी। अब पुलिस ने इस चोरी कांड की आरोपी नर्स और उसके पति को गिरफ्तार कर लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, घर में काम करने वाली नर्स अपर्णा और उसके पति नरेश ने मिलकर इस चोरी की घटना को अंजाम दिया था। बता दें, इस नर्स को सोनम की ददिया सास की देखभाल के लिए रखा गया था।

### फरवरी में हुई थी चोरी

एएनआई ने ट्वीट कर दिल्ली की डीसीपी बयान शेयर किया है। इस ट्वीट में लिखा है कि दिल्ली में सोनम कपूर के ससुराल में हुई चोरी के मामले में एक कपल को गिरफ्तार कर लिया गया है। बता दें, चोरी के मामले में बात करते हुए आनंद आहूजा की दादी सरला आहूजा ने बताया था कि 11 फरवरी को उन्होंने अलमारी में रखी ज्वैलरी और कैश चेक किया था। वहां से काफी सामान गायब था। फिर उन्होंने तुगलक रोड थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई थी।

### जांच के लिए बनाई गई थी टीम

चोरी का ये केस काफी हाईप्रोफाइल था। इसे नई दिल्ली के वरिष्ठ अधिकारियों ने गंभीरता से लेते हुए पुलिस की अलग टीम का गठन किया था। इस दौरान पुलिस घर में मौजूद 25 नौकर, 9 केयर टेकर, ड्राइवर, माली व अन्य कर्मियों से पूछताछ कर रही थी। पुलिस की टीम ने मंगलवार रात सरिता विहार में छापेमारी की थी। वही से उन्होंने अपर्णा और उसके पति को गिरफ्तार किया।

# फिल्म की रिलीज से पहले दिखा 'रॉकी भाई' का धांसू अंदाज

नई दिल्ली। सुपरस्टार यश स्टारर केजीएफ चैप्टर 2 14 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। रिलीज से एक दिन पहले फिल्म का धमाकेदार गाना सुल्तान रिलीज किया गया है। गाने में सुपरस्टार यश का धांसू अंदाज देखने को मिल रहा है। ये गाना फास्ट बीट में है और फैंस को काफी पसंद आ रहा है। गाने के लिरिक्स शब्बीर अहमद ने लिखे हैं। गाने का वीडियो अभी रिलीज नहीं किया गया है, सिर्फ लिरिकल वीडियो ही आया है। लेकिन इसके विजुअल में यश दमदार लुक्स में नजर आ रहे हैं।



### रिलीज से पहले गाने ने मचाया तहलका

सुपरस्टार यश ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल से गाने के कुछ पोस्टर्स शेयर किए हैं। जो कई भाषाओं में हैं। गाने के बीट और लिरिक्स को काफी इंटेस तरीके से बनाया गया है, जिसे सुनकर लोगों में जोश आ जाए। केजीएफ 2 की रिलीज से पहले इस गाने ने नई हाइप बना ली है।

### फैंस बोले- कल भारतीय सिनेमा का बदलेगा इतिहास

गाने को सुनकर फैंस केजीएफ चैप्टर 2 के लिए और भी ज्यादा एक्साइटेड हो चुके हैं। लोग यूट्यूब के कमेंट सेक्शन में जाकर गाने की जमकर तारीफ कर रहे हैं। तो वहीं एक यूजर ने लिखा कल भारतीय सिनेमा का इतिहास बदलेगा।

# मुदस्सर अजीज की फिल्म में काम करेंगे अर्जुन कपूर!



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर निर्देशक मुदस्सर अजीज की फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। अर्जुन कपूर अंतिम बार फिल्म भूत पुलिस में नजर आये थे। बॉलीवुड में चर्चा है कि अर्जुन कपूर निर्देशक मुदस्सर अजीज के साथ काम करने जा रहे हैं। मुदस्सर अजीज काफी समय से अर्जुन कपूर को अपनी फिल्म में लेने के लिए बातचीत कर रहे थे। अर्जुन कपूर की इस फिल्म की शुरुआत इसी साल कर जाएगी। फिल्म को वाशु भगनानी और जैकी भगनानी प्रोड्यूस करेंगे। इसके अलावा अर्जुन कपूर द लेडी किलर, एक विलेन रिटर्न्स और कोमाली और एफ 2 के रीमेक में दिखाई देंगे।

# बार-बार लगती है प्यास और सूखता है गला तो हो जाएं सावधान! हो सकती हैं ये खतरनाक बीमारियां

प्रिया मिश्रा

**गर्मियों के मौसम में शरीर में पानी की कमी हो जाती है जिससे बचने के लिए हमें भरपूर मात्रा में तरल पदार्थों का सेवन करना चाहिए। लेकिन अगर इसके अलावा भी बार बार आपका घर सूखता है या प्यास लगती है तो सावधान हो जाइए। यह स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का संकेत हो सकता है।**



गर्मियों के मौसम में प्यास लगना या गला सूखना कोई असामान्य बात नहीं है। इस मौसम में शरीर में पानी की कमी हो जाती है जिससे बचने के लिए हमें भरपूर मात्रा में तरल पदार्थों का सेवन करना चाहिए। लेकिन अगर इसके अलावा भी बार बार आपका घर सूखता है या प्यास लगती है तो सावधान हो जाइए। यह स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का संकेत हो सकता है। आज के इस लेख में हम आपको बताएंगे कि बार-बार प्यास लगना किन हेल्थ प्रॉब्लम्स की तरफ इशारा करते हैं

### डायबिटीज

जब शरीर में कोशिकाएँ इंसुलिन रेसिस्टेंट हो जाती हैं तो किडनी को ब्लड से शुगर की अधिक मात्रा बाहर निकालने के लिए ज़्यादा मेहनत करनी पड़ती है। इससे आपको बार-बार वॉशरूम जाना पड़ता है और इसके परिणामस्वरूप आपको प्यास ज्यादा लगती है। बार-बार प्यास पेशाब आना और अत्यधिक प्यास लगना डायबिटीज के प्रमुख लक्षणों में से एक है।

### एनीमिया

जब शरीर में आयरन की कमी होती है तो शरीर में खून बनना कम हो जाता है। एनीमिया एक ऐसी स्थिति है जिसमें शरीर में हीमोग्लोबिन बनाने के लिए पर्याप्त रेड ब्लड सेल्स नहीं होती हैं। भारत में लगभग 60 प्रतिशत लोग एनीमिया की बीमारी से ग्रस्त हैं। खासतौर पर महिलाओं में यह दिक्क्त ज़्यादा देखने को मिलती है। जिन महिलाओं को पीरियड्स के दौरान हैवी ब्लीडिंग होती है, उनमें अक्सर एनीमिया की शिकायत देखने को मिलती है। डिहाइड्रेशन भी एनीमिया का एक प्रमुख लक्षण है। इसके अन्य लक्षणों में चक्कर आना, थकान, पसीना और अन्य शामिल हैं।

### ड्राई माउथ

जब लार ग्रंथियां पर्याप्त मात्रा में लार यानी सलाइवा नहीं बना पाती हैं तो इससे बार-बार प्यास लग सकती है और मुँह सूखने लगता है। यह समस्या कुछ दवाइयों के सेवन, कैंसर के इलाज या तंबाकू के सेवन के कारण हो सकती है। ड्राई माउथ के अन्य लक्षणों में थकान, सासं में दुर्गंध, स्वाद में बदलाव, मसूड़ों में जलन और चबाने में परेशानी शामिल है।

### हाइपरकैल्सीमिया

हाइपरकैल्सीमिया एक ऐसी स्थिति है जिसमें शरीर में कैल्शियम का स्तर बहुत ज़्यादा बढ़ जाता है। कैल्शियम का खतरनाक स्तर तक बढ़ जाना ही हाइपरकैल्सीमिया कहलाता है। बार-बार प्यास लगना हाइपरकैल्सीमिया का प्रमुख लक्षण हो सकता है। ब्लड में कैल्शियम की अधिक मात्रा हड्डियों को कमजोर बना सकती है और किडनी स्टोन की संभावना भी बढ़ सकती है।

### प्रेगनेंसी

प्रेगनेंसी के शुरुआती दिनों में उल्टी-मतली, दर्द, कमजोरी जैसे कई लक्षण शामिल हैं। इसमें मुँह सूखना और बार-बार प्यास लगना भी शामिल है। दरअसल, प्रेगनेंसी की पहली तिमाही में पूरे शरीर में रक्त प्रवाह का स्तर काफी तेज हो जाता है।

# धातु पाउडर बनाने की वैकल्पिक तकनीक विकसित

इंडिया साइंस वायर

**मेटल 3डी प्रिंटिंग में आमतौर पर उपयोग होने वाली परमाणुकरण तकनीक की एक सीमा यह है कि इससे बेहतर परिणाम नहीं मिलते, यह महंगी पड़ती है, और विभिन्न सामग्री प्रकारों के उपयोग में इसमें लचीलापन भी नहीं है।**



त्रिविमीय वस्तुओं के निर्माण के लिए 3डी प्रिंटिंग तकनीक का उपयोग बढ़ रहा है। एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग एक ऐसी तकनीक है, जिसे मेटल 3डी प्रिंटिंग के रूप में जाना जाता है। 3डी प्रिंटिंग की इस तकनीक में मेटल प्रिंटिंग सामग्री की परत बनाकार वस्तुओं का निर्माण किया जाता है। एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग की एक प्रमुख स्रोत सामग्री धातु पाउडर है, जिसे मुख्य रूप से परमाणुकरण तकनीक द्वारा उत्पादित किया जाता है। इस प्रविधि में पिघली धातु हवा या पानी के द्रुत प्रवाह में टूटकर पहले तरल सूक्ष्म बूंदों में रूपांतरित होती है, जो अंत में ठोस होकर पाउडर बन जाती है।

मेटल 3डी प्रिंटिंग में आमतौर पर उपयोग होने वाली परमाणुकरण तकनीक की एक सीमा यह है कि इससे बेहतर परिणाम नहीं मिलते, यह महंगी पड़ती है, और विभिन्न सामग्री प्रकारों के उपयोग में इसमें लचीलापन भी नहीं है। भारतीय शोधकर्ताओं ने 3डी प्रिंटिंग में उपयोग होने वाले धातु पाउडर बनाने के लिए अब एक वैकल्पिक तकनीक की पहचान की है, जो इन समस्याओं को दूर कर सकती है। यह अध्ययन, भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी), बेंगलूरु के प्रमुख शोधकर्ता प्रोफेसर कौशिक विश्वनाथन के नेतृत्व में किया गया है। शोधकर्ताओं का कहना है कि बायोमेडिकल इम्प्लांट्स के निर्माण जैसे क्षेत्रों सहित सामान्य एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग प्रक्रियाओं में इसका व्यापक असर पड़ सकता है।

मेटल ग्राइंडिंग उद्योग से निकले अपशिष्ट उत्पाद, जिसे स्वार्फ कहते हैं, को फेंक दिया जाता है। आमतौर पर ये धातु चिप्स आकार में रेशेदार, और कभी-कभी पूरी तरह गोलाकार कण जैसे होते हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार ये पिंड गोलाकार आकार लेने के लिए पिघलने की प्रक्रिया से गुजरते हैं, जिससे कुछ दिलचस्प सवाल उठते हैं, जैसे- क्या ग्राइंडिंग की गर्मी पिघलने का कारण बनती है? शोधकर्ताओं ने दिखाया है कि ये पाउडर धातु-पिंड सतह की परत पर ऑक्सीकरण से निकली उच्च गर्मी, जो एक्ज़ोथिर्मिक प्रतिक्रिया है, के कारण पिघलने से बनते हैं। उन्होंने बड़े पैमाने पर गोलाकार कण युक्त पाउडर बनाने के लिए इस प्रक्रिया को परिष्कृत किया है, जिसे एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग में स्टॉक सामग्री के रूप में उपयोग करने के लिए संसाधित किया जाता है। इस अध्ययन से पता चला है कि ये कण धातु एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग में कमर्शियल गैस से विखंडित पाउडर के समान ही कार्य करते हैं।

आईआईएससी के सेंटर फॉर प्रोडक्ट डिजाइन ऐंड मैन्युफैक्चरिंग में पीएचडी शोधार्थी और अध्ययनकर्ताओं में शामिल प्रीति रंजन पांडा कहती हैं, हमारे पास धातु पाउडर बनाने के लिए एक वैकल्पिक, अधिक किफायती, और स्वाभाविक रूप से बड़े पैमाने पर उपयोग करने योग्य पद्धति है, जो अंततः पाउडर की गुणवत्ता बनाए रखने में सक्षम है।

आईआईएससी के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में पीएचडी शोधार्थी हरीश सिंह धामी कहते हैं, एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग प्रक्रिया की लागत कम करने से (किफायती पाउडर के माध्यम से) बायोमेडिकल इम्प्लांट के निर्माण जैसी स्थितियों में सामग्री की सीमा को विस्तारित किया जा सकता है। इससे बायोमेडिकल इम्प्लांट सस्ता और अधिक सुलभ हो सकता है।

शोधकर्ताओं का कहना है कि घर्षण का उपयोग करके बने धातु पाउडर का अन्य अनुप्रयोगों, जैसे-विमान के इंजन में भी उपयोग हो सकता है, जहाँ उच्च स्तर की विशिष्टता एवं परिष्कार की आवश्यकता होती है।

# घुम्मकड़ है आपका अंदाज़ और सैर-सपाटे के हैं शौक़ीन तो सिक्किम की इन जगहों पर जाना न भूलें

प्रिया मिश्रा

**सिक्किम शहर अपने भव्य पहाड़ों, सुंदर झरनों और दर्शनीय मठों से एक अद्भुत अनुभव प्रदान करते हैं। सिक्किम में बहुत से प्रमुख पर्यटन स्थल हैं जो यहाँ आने वाले पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। अगर आप छुट्टियों में कहीं घूमने का प्लान बना रहे हैं तो सिक्किम जा सकते हैं।**

भारत के उत्तर-पूर्वी भाग में स्थित सिक्किम शहर अपने भव्य पहाड़ों, सुंदर झरनों और दर्शनीय मठों के लिए मशहूर है। यह एक छोटा सा खूबसूरत शहर है, जहाँ देश-विदेश से सैलानी घूमने आते हैं। सिक्किम में बहुत से प्रमुख पर्यटन स्थल हैं जो यहाँ आने वाले पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। अगर आप छुट्टियों में कहीं घूमने का प्लान बना रहे हैं तो सिक्किम जा सकते हैं। आज के इस लेख में हम आपको सिक्किम के प्रमुख पर्यटन स्थलों के बारे में बताएंगे -

### लाचुंग

इस खूबसूरत पहाड़ के गाँव में सेब के बाग हैं और यहाँ 19वीं सदी का लाचुंग मठ भी है। लाचुंग का मुख्य आकर्षण युमथांग घाटी या फूलों की घाटी है। यह घाटी अपने झरनों, नदियों, खिले हुए फूलों, घास के मैदानों, देवदार के घने जंगलों और चांदी के देवदार पहाड़ों से घिरे हिमालय के पहाड़ों के लिए प्रसिद्ध है। प्रकृति-प्रेमियों के लिए युमथांग घाटी, पृथ्वी पर किसी स्वर्ग से कम नहीं है।

### गुरुडोंगमार झील

उत्तरी सिक्किम में 17,800 फीट की ऊंचाई पर स्थित, गुरुडोंगमार झील दुनिया की सबसे ऊंची झीलों की सूची में अपना नाम शामिल करती है। अपनी लुभावनी प्राकृतिक सुंदरता के साथ-साथ यह झील धार्मिक महत्व भी प्रदान करती है क्योंकि इस झील के पानी को हीलिंग पावर माना जाता है। यह झील आपको कंचनजंगा का एक सुंदर दृश्य भी प्रदान करती है।



### लाचेन

लाचेन, उत्तरी सिक्किम में स्थित है। यह शहर ज्यादा आबादी वाला नहीं है और यही वजह है कि यहां की प्राकृतिक सुंदरता अभी भी बरकरार है। यहाँ के प्रमुख आकर्षण गुरुडोंगमार झील, त्सो ल्हामो झील, और थांगू घाटी हैं।

### त्सोगो लेक / चंगु लेक

यह पूर्वी सिक्किम में एक हिमाच्छादित झील है। यह सिक्किम के सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में से एक है। झील के अलावा, यहाँ आप ब्राह्मणी बत्तख, नीले और पीले रंग के फूल और विदेशी याक देख सकते हैं।

### युक्सोम

युक्सोम, पश्चिम सिक्किम का एक ऐतिहासिक शहर है। यह एक ऐसी जगह है जहाँ आप ट्रेक कर सकते हैं। वहीं, अगर आप एकांत में कुछ समय बिताना चाहते हैं तो यहाँ आप प्रकृति की गोद में समय बिता सकते हैं। युक्सोम के अन्य आकर्षण करेंदों में नॉर्बुगंग पार्क, ताशी तेनका (प्राचीन शाही महल), डबडी मठ और कथोक वोडसलिन मठ शामिल हैं।

### रवंगला

रावंगला एक पर्यटक शहर है जो गंगटोक और पेलिंग के बीच स्थित है। यहाँ के प्रसिद्ध बुद्ध पार्क में एक 130 फुट ऊंची गोल्डन बुद्ध की मूर्ति है। इस जगह पर अन्य मठ हैं जहां आप बौद्ध भिक्षुओं को उनकी प्रार्थना का जप करते हुए सुन सकते हैं। रवांगला से नामची तक, आप टेमी टी गार्डन पाएंगे, जो आपको ताज़गी से भर देगा।

CMYK CMYK CMYK CMYK